✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते सीएम नीतीश कुमार

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 72 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 7 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# शिक्षा विभाग में अनुकंपा के आधार पर 6421 अभ्यर्थियों की होगी बहाली : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में हजारों की संख्या में शिक्षकों की बहाली की तैयारी नीतीश सरकार की तरफ से है। मुख्यमंत्री ने पहले ही इसकी घोषणा कर दी है और विभाग को निर्देश भी दिया है। अब विभाग की ओर से खाली पदों की गणना कर बीपीएससी को भेजने की तैयारी अंतिम चरण में है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि किन विषयों में शिक्षकों के पद खाली हैं, वास्तविक गणना में थोड़ा समय लग रहा है, हालांकि गणना लगभग पूरा होने पर है। हजारों की संख्या में शिक्षकों की बहाली टीआरइ-4 में होगी यह तय है। जदयू कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि इसी महीने सबसे पहले अनुकंपा के आधार पर 6421 पदों पर बहाली शिक्षा विभाग में की जाएगी। यह नौकरियां आश्रित परिवारों के लिए काफी मायने रखती



है। सुनील कुमार ने कहा कि टीआरई 4 के तहत हजारों की संख्या में शिक्षकों की बहाली की तैयारी है। बीपीएससी को जो अधियाचना भेजेंगे, इसके लिए गणना हम लोग करीब करीब पूरी कर लिए हैं। किस सब्जेक्ट में कितने शिक्षकों की कमी है। गणित, संस्कृत, फिजिक्स, केमिस्ट्री और किन-किन विषयों में शिक्षकों की कमी है हम लोग उसी के आधार पर गणना कर बीपीएससी को भेजेंगे। शिक्षा मंत्री श्री कुमार ने कहा कि कैबिनेट से डोमिसाइल पॉलिसी पास होने के कारण शिक्षक बहाली में बिहार के अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा। बिहार के ही बेरोजगारों को नियुक्ति मिलेगी। कैबिनेट में डोमिसाइल की स्वीकृति के बाद शिक्षक बहाली में 85 प्रतिशत से अधिक सीटों पर बिहार के अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा। श्री कुमार ने कहा कि राज्य में लगभग 78,000 स्कूल हैं। हर स्कूल में शिक्षकों की जरूरत का आकलन किया जा रहा है ताकि वैकेंसी की वास्तविक स्थिति सामने आ सके। उन्होंने कहा कि टीआरइ-4 की परीक्षा में अब 85 से 86 प्रतिशत अभ्यर्थी बिहार के ही होंगे। लंबे समय से उम्मीदवारों की ओर से इसकी मांग की जा रही थी, जिसे मुख्यमंत्री ने पूरा किया।

# सीएम नीतीश ने किया देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद बिहार गौरव उद्यान का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 14.98 करोड़ रूपये की लागत की 'देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद बिहार गौरव उद्यान' (वेस्ट-टू-वंडर थीम पार्क) का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्य के पूर्व देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल पर जाकर मुख्यमंत्री ने पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शिलान्यास कार्य के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल के पास 'वेस्ट टू वंडर' थीम पार्क का निर्माण बेहतर ढंग से करायें। इस पार्क के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा। इस थीम पार्क के एक तरफ देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का समाधि स्थल है, वहीं दूसरी ओर जेपी गंगा पथ अवस्थित है, यहां का दृश्य काफी मनोरम होगा। ज्ञातव्य है कि नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा



14.98 करोड़ रूपये की लागत से देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल एवं जेपी गंगा पथ के बीच 10 एकड़ भूमि में 'वेस्ट टू वंडर' थीम पार्क के निर्माण की स्वीकृति दी गयी है। इस पार्क में बिहार के गौरवपूर्ण इतिहास एवं संस्कृति के विभिन्न अवयवों को प्रदर्शित किया जाएगा। थीम पार्क में बिहार की महान विभूतियों-आर्यभट्ट, चाणक्य, सम्राट अशोक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं दशरथ मांझी की प्रेरणादायक गाथाओं को उद्धृत किया जाएगा। पार्क में बिहार की स्थापत्य कला नालंदा, विक्रमशिला, धार्मिक स्तूप, मंदिरों एवं मकबरों को दर्शाया जाएगा। साथ ही पर्यटकों के खाने-पीने की व्यवस्था एवं खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की याद में उनके वर्तमान स्मारक स्थल पर एक भव्य स्मृति परिसर का निर्माण भी किया जायेगा। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की याद में उनके वर्तमान स्मारक स्थल पर एक भव्य स्मृति परिसर बनाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### डूबने से दो लोगों की मौत

**मुंगेर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के अलग-अलग प्रखंडों में बाढ़ के पानी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे भागलपुर के मायागंज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मृतकों में हवेली खड़गपुर प्रखंड के अग्रहण पंचायत अंतर्गत सठबिग्गी गांव निवासी सुशांत कुमार एवं असरगंज थाना क्षेत्र के रहमतपुर रविदास टोला वार्ड संख्या 4 निवासी सुहानी कुमारी शामिल है।

### अनियंत्रित पिकअप बागमती नदी में गिरी

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** रीगा-बैरगनिया पथ पर रीगा मील चौक के समीप पश्चिम बखरी गांव के पास एक बड़ा हादसा हो गया। बैरगनिया की तरफ से आ रही बोलेरो पिकअप अनियंत्रित होकर बागमती नदी में जा पलटी। सौभाग्य से इस हादसे में ड्राइवर और खलासी दोनों बाल-बाल बच गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए नदी में पहुंचकर दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला।

### अपहृत युवक का मिला शव

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा में 2 अगस्त से अपह्रत युवक का शव गांव से 2 किलोमीटर दूर धनायन नदी से बुधवार को बरामद किया गया है। युवक सरमेरा थाना क्षेत्र के गौसनगर निवासी रघुनंदन प्रसाद का (24) वर्षीय बेटा गिरबल कुमार था। गर्दन रेती हुई है और शरीर के अलग-अलग हिस्सों में जख्म के निशान है। मृतक के परिजन ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर समय रहते पुलिस कार्रवाई करती तो शायद गिरबल बच जाता।

### खेत गए युवक की मिली लाश

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** बखरी थाना क्षेत्र के चकहमीद पंचायत स्थित ढेलफ़ेका बाबा स्थान के पास बुधवार को एक युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मृतक बहोरचक गांव निवासी विंदेश्वरी पासवान के बेटे ललन कुमार (24) है। मृतक के पिता विंदेश्वरी पासवान ने कहा कि ललन सुबह करीब 7 बजे नाश्ता कर खेत जाने के लिए निकला था। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर खेत की ओर उसे खोजने निकले थे, इसी दौरान रास्ते में ग्रामीणों ने ललन की लाश रहने की सूचना दी।

### आहर में डूबने से युवक की मौत

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के वारसलीगंज प्रखंड अंतर्गत जियापुर गांव में आहर में डूबने से करु चौहान की मौत हो गई। करु चौहान सीताराम चौहान का बेटा था। घटना के अनुसार, करु चौहान शौच के लिए घर से निकला था। जब काफी देर तक वह घर वापस नहीं लौटा तो परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन शुरू की।

# प्रधानमंत्री का गयाजी दौरा 22 अगस्त को प्रस्तावित, करोड़ों की योजनाओं का होगा उद्घाटन-शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुप्रतीक्षित गयाजी दौरा आगामी 22 अगस्त को प्रस्तावित है। इसको लेकर बुधवार को गया एयरपोर्ट परिसर में बिहार सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों, अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों के उच्चाधिकारियों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम और सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, सहायक पुलिस महानिदेशक कुंदन कृष्णन, मगध प्रमंडल के आयुक्त सफीना ए एन, क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक छत्रनील सिंह, गया के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर तथा पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए तीन संभावित स्थलों—बेलागंज कृषि फार्म,



गया-गोह रोड स्थित ओसांवा मैदान और मगध विश्वविद्यालय परिसर पर चर्चा हुई। इनमें से किसी एक स्थान का चयन शीघ्र ही किया जाएगा। प्रधानमंत्री के इस दौरे को मगध प्रमंडल के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा लगभग 650 करोड़ रुपये की लागत वाली बहुप्रतीक्षित गया-बोधगया कॉरिडोर का शिलान्यास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त गया मेट्रो परियोजना, डोभी के पास औद्योगिक कॉरिडोर और अन्य कई विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास की भी संभावना है। प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गयाजी स्टेशन के सौंदर्यीकरण का उद्घाटन कर सकते हैं। साथ ही गया से जुड़ी कुछ नई ट्रेनों की घोषणा तथा वर्तमान ट्रेनों के ठहराव में बढ़ोतरी की भी उम्मीद की जा रही है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम में मगध प्रमंडल के सभी पांच जिलों—गया, औरंगाबाद, नवादा, अरवल और जहानाबाद से लाखों की संख्या में नागरिकों की भागीदारी संभावित है। इस संबंध में सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा गयाजी ही नहीं, पूरे मगध क्षेत्र के लिए विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। जिन योजनाओं का शिलान्यास होना है, उनसे यहां के नागरिकों को रोजगार, आवागमन और औद्योगिक गतिविधियों में बड़ा लाभ मिलेगा। सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन ने पूरी सतर्कता बरती है। स्थानीय प्रशासन और केंद्रीय एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर लिया गया है और आगामी दिनों में स्थल निरीक्षण, मॉक ड्रिल एवं जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा भी तैयार की जा रही है। प्रधानमंत्री का यह दौरा न केवल मगध क्षेत्र के विकास की गति को तेज़ करेगा, बल्कि गया को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर और मजबूती से स्थापित करने की दिशा में अहम कदम साबित होगा।

# मुख्यमंत्री ने लिया बिहार संग्रहालय का जायजा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को बिहार संग्रहालय का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय के विभिन्न दीर्घाओं का अवलोकन किया। बहुद्देशीय सभागार में इथोपिया, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका सहित अन्य देशों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का मुख्यमंत्री ने मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# ट्रेन की चपेट में आने से दंपति की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** गयाजी-कोडरमा रेलखंड पर एक बार फिर लापरवाही और अव्यवस्था ने दो जिंदगियों को लील लिया। बुधवार को दिन के करीब तीन बजे पुरुषोत्तम एक्सप्रेस की चपेट में आकर पति-पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा पहाड़पुर और बंशीनाला स्टेशन के बीच स्थित कैलूडीह गांव के समीप हुआ, जहां रेल पटरी पार करते समय यह दुखद घटना घटी। मृतकों की पहचान मोहन यादव (55) और उनकी पत्नी तिलिया देवी (50) के रूप में हुई है। दोनों गया जिले के टनकुप्पा प्रखंड के गजाधरपुर पंचायत के कैलूडीह गांव के निवासी थे। जानकारी के अनुसार दंपति फतेहपुर बाजार में इलाज करवाने गए थे। इलाज के बाद दोनों पहाड़पुर स्टेशन से आसनसोल-वाराणसी पैसेंजर ट्रेन पकड़कर बंशीनाला हाल्ट पर उतरे और वहां से पैदल ही रेल पटरी पार कर अपने घर की ओर लौट रहे थे। रेल लाइन पार करते समय तेज रफ्तार से आ रही पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस की चपेट में वे आ गए। ट्रेन इतनी तेजी से आई कि दोनों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और गांव के लोग मौके पर पहुंचे और शव को उठाकर घर लाए। मृतक दंपति अपने पीछे चार बेटियों और एक बेटे को छोड़ गए हैं। इनमें से तीन बेटियों और एक बेटे की शादी हो चुकी थी जबकि सबसे छोटी बेटी पूजा मात्र 18 वर्ष की है और अविवाहित है। माता-पिता की अचानक हुई मौत से पूजा का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। पूरा गांव शोक में डूब गया है और घर में मातम पसरा हुआ है।

# कैमूर में 267 करोड़ की 91 सड़कों का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर के चैनपुर प्रखंड के हाटा हाई स्कूल मैदान में रविवार को विशेष समारोह आयोजित किया गया। इसमें ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी भी शामिल हुए। उन्होंने 267 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 91 ग्रामीण सड़कों का शिलान्यास और कार्यारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा। ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा, ''जब तेजस्वी यादव को मौका मिला था, तब वह इसी विभाग के मंत्री थे। लेकिन अपने कार्यकाल में एक भी काम शुरू नहीं करवा पाए। अगर वह अपना एक भी कार्य बता दें, तो मैं मंत्री पद से इस्तीफा दे दूंगा। तेजस्वी द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 'नकलची' कहे जाने पर चौधरी ने तीखा जवाब दिया। नीतीश कुमार की जितनी उम्र है, उससे कहीं ज्यादा उनका राजनीतिक



अनुभव है। तेजस्वी जी को नीतीश जी के बराबर आने के लिए एक नहीं, कई जन्म लेने पड़ेंगे। चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहले ही इन सड़कों के शिलान्यास की घोषणा कर दी थी, अब उनका उद्घाटन जनता के बीच किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़कों को राइडिंग क्वालिटी के साथ दुरुस्त किया जाएगा। कहीं भी एक गड्ढा नहीं रहने देंगे। मंत्री ने यह भी ऐलान किया कि जहां कम से कम 100 लोगों की आबादी होगी, वहां सड़क जरूर बनेगी। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चार-पांच पुलों और 60 अन्य सड़कों का काम शुरू करवा दिया जाए। कार्यक्रम में हजारों की भीड़ मौजूद रही। स्थानीय लोगों ने इस परियोजना को लेकर सरकार का स्वागत किया और इसे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की दिशा में

### दीवार गिरने से छह बच्चे जख्मी

**शिवहर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मसौढ़ा गांव में एक पुराना दीवार गिरने के कारण दब जाने से छह बच्चे जख्मी हो गए। जंगल से भागकर आए एक बंदर को देखने के दौरान एक पुरानी दीवार ढह गई और उसकी चपेट में आकर छह बच्चे घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद ग्रामीणों ने मलबा हटाकर बच्चों को बाहर निकाला और शिवहर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। चार बच्चों का इलाज वहां चल रहा है, जबकि दो के परिजनों ने हालत गंभीर होने के कारण उन्हें सीतामढ़ी के निजी नर्सिंग होम में इलाज के लिए भर्ती कराया है। घायल बच्चों में अदिति कुमारी, अनुराधा कुमारी, शिवानी कुमारी, ऋषभ कुमार और अन्य तीन बच्चे शामिल हैं। पिपराही थानाध्यक्ष सुबोध कुमार महतो ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना बंदर देखने के दौरान दीवार गिरने से हुई है।

# अपराध से अकूत दौलत कमाने वालों की संपत्ति जब्ती शुरू

## 1300 अपराधियों को किया गया चिन्हित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार पुलिस ने अपराध की बदौलत अकूत संपत्ति जमा करने वाले अपराधियों पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कवायद के तहत सभी जिलों से ऐसे 1300 अपराधियों को चिन्हित कर सूची तैयार की गई है, जिनकी अवैध संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसमें किशनगंज के तीन कुख्यात अपराधियों ठाकुरगंज थाना के नगर पंचायत निवासी रहीमुद्दीन उर्फ हैबर, विशनपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला चांद हुसैन उर्फ चांद और सदर थाना के खगड़ा का रहने वाला मो. कुर्बान शामिल है। इसके अलावा नावाद के नरहट थाना इलाके के कुख्यात अपराधी अजय कुमार उर्फ दीपम उर्फ दीपक की संपत्ति कुर्की की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसकी गतिविधि विशेष रूप से बालू के अवैध खनन में रही है। इनके अलावा पटना, जहानाबाद से 1-1 और गया, मुजफ्फरपुर से 2-2 अपराधियों की अवैध संपत्ति जब्त करने का आदेश कोर्ट ने जारी कर दिया है। इसकी प्रक्रिया भी जल्द पूरी कर ली जाएगी। सभी 38 जिलों के 1234 थाना क्षेत्रों से 1300 ऐसे अपराधियों को चिन्हित किया गया है, जिन्होंने अपनी काली करतूतों से अवैध संपत्ति जमा कर ली है। इन्हें जब्त करने की कवायद शुरू कर दी गई है। तीन चरणों एसडीपीओ, एसपी और फिर कोर्ट से अंतिम स्तर पर अनुमति मिलने के बाद इन अपराधियों की अवैध संपत्ति जब्त की जाती है। जिला स्तर पर पुष्टि के बाद सभी जिलों में 279 ऐसे अपराधियों की पहचान अंतिम रूप से की गई है, जिनका प्रस्ताव कोर्ट को भेजा गया है। अब कोर्ट से अंतिम स्तर की अनुमति मिलने के बाद जब्ती की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। अवैध संपत्ति जब्त करने के लिए सर्वाधिक पटना जिले से 82 अपराधियों के खिलाफ प्रस्ताव आया है। इसके बाद गया से 55, रोहतास से 49, मोतिहारी से 48, मुजफ्फरपुर से 43, भागलपुर से 43, मधुबनी से 42, नालंदा से 41, दरभंगा से 39, समस्तीपुर से 35, सारण के 36, वैशाली से 33, पूर्णिया के 32, सीवान के 27, बक्सर के 24 अपराधियों को चिन्हित कर उनकी संपत्ति की प्रक्रिया शुरू की गई है। एडीजी(मुख्यालय) कुंदन कृष्णन ने कहा कि अपराध की बदौलत संपत्ति जमा करे वाले अपराधियों को चिन्हित कर अदालत के आदेश से इनकी संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अदालत में ऐसे अपराधियों की पूरी अवैध संपत्ति का ब्योरा प्रस्तुत कर आदेश प्राप्त किया जा रहा है। आदेश मिलते ही यह प्रक्रिया की जा रही है। सभी जिलों को इसे लेकर आदेश भी जारी किया गया है। उन्हें ऐसे अपराधियों की अवैध संपत्ति का ब्योरा तैयार कर भेजने के लिए कहा गया है।

औरंगाबाद में क्या आप अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहते हैं? इस प्रीमियम व्यावसायिक स्थान को किराया पर लें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

- संपत्ति का प्रकार : पूर्ण व्यावसायिक भवन
- स्थान : रावल बिगहा, कुंडा-सिमरा रोड पर, औरंगाबाद (बिहार)
- कुल मंजिलें : 2
- निर्मित क्षेत्रफल : 13000 वर्गफीट



उपयुक्त

- शोरूम
- कार्यालय
- कोचिंग संस्थान
- क्लिनिक/अस्पताल
- रेस्टोरेंट/कैफे
- सुपरमार्केट/खुदरा श्रृंखलाएं

सुविधाएं : पार्किंग स्थान उपलब्ध, प्रत्येक मंजिल पर अलग शौचालय, 24 X 7 पानी और बिजली

संपर्क करें : प्रमोद कुमार सिंह, मो.-9931820911

CMYK

# हेरिटेज वॉक से बिहार म्यूजियम बिनाले-2025 का आगाज

## आज सीएम करेंगे उद्घाटन, इस बार 'ग्लोबल साउथः साझी विरासत' बनी थीम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम के साथ बिहार म्यूजियम बिनाले-2025 का शुभारंभ बुधवार की सुबह हेरिटेज वॉक के आयोजन से हुआ। इस वॉक की शुरुआत सुबह 6:30 बजे पटना म्यूजियम से हुई जिसे बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वॉक में 600 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें स्कूली छात्र, इतिहासप्रेमी, कला-संरक्षक और नागरिक शामिल थे। वॉक का मार्ग पटना म्यूजियम से बिहार म्यूजियम तक तय किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने एक घंटे तक ऐतिहासिक धरोहरों को निहारा और उनके इतिहास को जाना। इस वर्ष बिएनाले की थीम 'ग्लोबल साउथः साझी विरासत' रखी गई है।

**स्कूली बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ लिया हिस्सा**

इस अवसर पर अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि बिहार की कला, संस्कृति और इतिहास को जानने के लिए बिहार म्यूजियम जरूर आएं, विशेषकर बच्चों को अपनी धरोहर से जुड़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पाटलिपुत्र कभी पूरे भारत की राजधानी था। नालंदा, विक्रमशिला, तेलहारा जैसे स्थलों की खुदाई में कई अद्भुत पुरावशेष मिले हैं, जो बिहार की प्राचीनता का प्रमाण हैं। इन्हीं पुरावशेष को सुरक्षित रखने के लिए इस वॉक का आयोजन किया गया है। हेरिटेज वॉक के दौरान पटना हाईकोर्ट, दुलर्भ भवन और बिहार म्यूजियम जैसे ऐतिहासिक स्थलों की वास्तुकला, स्थापना, विशेषताओं आदि की जानकारी प्रतिभागियों को दी गई। इस वॉक में बच्चों ने धरोहर हमारी क्या मांगे -थोड़ा सम्मान, थोड़ा प्यार, पूरी सफाई जैसे संदेश वाली तख्तियों के साथ शांति और उत्साहपूर्वक भाग लिया। बता दें बिहार म्यूजियम की ओर से हर दो वर्ष पर आयोजित होने वाले इस बिएनाले का यह तीसरा संस्करण है। इससे पूर्व 2021 और 2023 में इसके सफल आयोजन हो चुके हैं। इस बार इसका उद्घाटन 7 अगस्त को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया जाएगा जिसमें देश-विदेश के राजनयिक, क्यूरेटर, विद्वान और कलाकार शामिल होंगे। अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि यह दुनिया का पहला बिएनाले है जो पूरी तरह म्यूजियम्स पर केंद्रित है। इसे बिहार म्यूजियम के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाता है।

**कई देश ले रहे हैं भाग**

इस बार बिएनाले में इंडोनेशिया, श्रीलंका, कजाखस्तान, इथियोपिया, मैक्सिको, अर्जेंटीना, इक्वाडोर, पेरू, वेनेजुएला और भारत समेत ग्लोबल साउथ के देशों के प्रतिष्ठित संस्थान भाग ले रहे हैं। ये देश अपनी समृद्ध विरासत की झलकियों के माध्यम से वैश्विक सांस्कृतिक संवाद को नया आयाम देंगे। यह महोत्सव 31 दिसंबर तक चलेगा और पटना को एक बार फिर विश्व सांस्कृतिक मानचित्र पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा।

# बिहार पुलिस ने एक माह में पांच मिनी गन फैक्ट्री का किया उद्भेदन

## एसटीएफ और बिहार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से 16 हथियार तस्करों को दबोचा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में अवैध तरीके से हथियार बनाकर उसकी खरीद बिक्री करने वालों के खिलाफ एसटीएफ और बिहार पुलिस की टीम ने जुलाई माह में संयुक्त रूप से अभियान चलाया जिसमें अवैध तरीके से संचालित पांच मिनी गन फैक्ट्री पकड़ी गई। साथ ही इसमें शामिल 16 अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। विदित हो कि राज्य में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन काफी सख्त हो गया है। अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने के साथ ही अवैध तरीके से हथियार की खरीद बिक्री पर करने वालों के खिलाफ बिहार पुलिस और एसटीएफ की टीम संयुक्त रूप से छापेमारी कर रही है। बिहार पुलिस और एसटीएफ की टीम ने जुलाई माह में अभियान चलाकर पांच मिनी गन फैक्ट्रियों का उद्भेदन किया। आंकड़ों की माने तो एसटीएफ और बिहार पुलिस की टीम 28 जुलाई 25 तक भागलपुर जिले के रतिपुर दियारा नाथनगर, मधुबनी जिले के खजौली थाना इलाके के इनरवा गांव, हाजीपुर, मुंगेर जिले के नयाराम नगर में छापेमारी कर पांच मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया है। पुलिस टीम ने छापेमारी के दौरान 16 हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पुलिस से बचने के लिए भागलपुर, मुंगेर के बीच दियारा इलाके में अवैध तरीके से मिनी गन फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। इसके साथ ही विभिन्न जिलों की पुलिस टीम भी अवैध तरीके से हथियार की सप्लाई करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। एसटीएफ का आर्म्स सेल भी लगातार कार्रवाई करने में जुटी हुई है। बिहार पुलिस लोगों से सहयोग करने की अपील की है ताकि अवैध तरीके से होने वाले हथियारों की तस्करी पर रोक लग सके।

विदित हो कि राज्य के मुंगेर, लखीसराय, खगड़िया, भागलपुर और बेगूसराय जिले के दियारा इलाके में असामाजिक तत्व अपनी शरण स्थली बनाते है और वहीं से अवैध हथियारों का धंधा करते हैं।

# बिहार में स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम

## अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने सीएनजी सेमिनार का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सीएनजी के उपयोग को प्रोत्साहित करने एवं वाहनजनित प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड के सहयोग से बुधवार को होटल मौर्या में एक दिवसीय राज्य स्तरीय सीएनजी सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वाहन निर्माता कंपनी, सीएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी, विभिन्न ऑयल कंपनी, पर्यावरण विशेषज्ञ, संबंधित स्टेकहोल्डर डिपार्टमेंट के प्रतिनिधियों एवं ट्रांसपोर्टरों ने भाग लिया। इसका उद्घाटन अपर मुख्य सचिव, परिवहन विभाग मिहिर कुमार सिंह ने की। अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन के वाहनों को आसानी से सीएनजी उपलब्ध हो इसके लिए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम सहित अन्य बस स्टैंडों पर भी सीएनजी स्टेशन स्थापित किये जायेंगे। सीएनजी को प्रोत्साहित करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा हर संभव सहयोग किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि घरेलू उपयोगकर्ताओं के बीच पाइप्ड नेचुरल गैस को बढ़ावा देने के लिए एवं वाहनों में सीएनजी के उपयोग के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने की आवश्यकता है। अधिक से अधिक लोग जागरुक हो सकें इसके लिए बिजली विभाग के उपभोक्ता डाटाबेस का उपयोग कर इन प्रचार अभियानों को लक्षित और प्रभावी बनाया जा सकता है।

नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर सचिव विजय प्रकाश मीणा ने कहा कि राज्य सरकार अपशिष्ट प्रबंधन को सर्कुलर इकोनॉमी के मॉडल में परिवर्तित करने की दिशा में कार्य कर रही है जिसका उद्देश्य कचरे से संसाधन की अवधारणा को साकार करना है। इस पहल से प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होगा एवं ऊर्जा की बचत होगी। राज्य परिवहन आयुक्त आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि इस सेमिनार का उद्देश्य राज्य में वैकल्पिक, पर्यावरण-अनुकूल ईंधनों विशेषकर सीएनजी को बढ़ावा देना तथा इससे संबंधित नीतियों, चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा करना था।

# अमित शाह को भाजपा राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने दी बधाई


फाइल फोटो

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश के सबसे लंबे समय तक कार्य करने वाले गृह मंत्री के रूप में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है जिस ऐतिहासिक उपलब्धि पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है। श्री सिन्हा ने कहा कि कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत, कुशल संगठनकर्ता और राष्ट्र के सजग प्रहरी अमित शाह ने गृह मंत्री के रूप में देश की आंतरिक सुरक्षा, सुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कई साहसिक निर्णय लिए हैं। उनके नेतृत्व में देश ने न केवल आतंकवाद और उग्रवाद पर निर्णायक प्रहार देखा, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों का भी आधुनिकीकरण हुआ. ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि अमित शाह की दूरदृष्टि, नीतिगत स्पष्टता और अडिग संकल्प के कारण ही देश की सुरक्षा नीति में ठोस बदलाव संभव हो सका। उन्होंने कहा कि उनका कार्यकाल सिर्फ समय की दृष्टि से नहीं, बल्कि गुणवत्ता और प्रभाव के लिहाज से भी ऐतिहासिक रहा है।

# देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में नवप्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों का परिचय सत्र आयोजित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यापीठ के अंतर्गत संचालित देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आज बी.एड. डिग्री पाठ्यक्रम (सत्र 2025-27) के नवप्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों का परिचय सत्र बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त वरिष्ठ पदाधिकारी विजय प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा नवप्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत उसी उत्साह और स्नेह के साथ किया जा रहा है जैसे किसी नवजात शिशु की 'छठ्ठी' मनाई जाती है। बिहार विद्यापीठ एक राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के रूप में, 104 वर्षों के गौरवशाली इतिहास का धनी है। इसने स्वतंत्रता संग्राम, समाज सेवा एवं शिक्षा-कौशल विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है। प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रभाव के इस युग में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, संवेदनशीलता और नई चुनौतियों को अपनाने की आवश्यकता है। सचिव, बिहार विद्यापीठ, डॉ. राणा अवधेश ने प्रशिक्षणार्थियों को ईमानदारी, नैतिकता और अनुशासन को अपने जीवन का मूलमंत्र बनाने का संदेश दिया। निदेशक, शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय, डॉ. मृदुला प्रकाश ने विद्यालय शिक्षण के अनुभव साझा करते हुए कहा प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य शिक्षा सिद्धांतों को जमीनी स्तर पर लागू करना है। गतिविधि-आधारित शिक्षण से ही शिक्षक रोल मॉडल बन सकते हैं।

# आधुनिक कृषि यंत्रों की खरीद पर किसानों को मिलेगा अनुदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार किसानों को आर्थिक लाभ दिलाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसके लिए राज्य में कृषि यांत्रिकीकरण को बढ़ावा के लिए 'सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना (2025-26)' योजना के तहत अनुदान पर कस्टम हायरिंग सेंटर/ फार्म मशीनरी बैंक/ स्पेशल कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना के लिए कृषि विभाग ने 25 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन मांगा है। इस योजना के तहत जीविका समूह, ग्राम संगठन, क्लस्टर फेडरेशन से संबद्ध फार्मर इंटरेस्ट ग्रुप, नाबार्ड, राष्ट्रीयकृत बैंक से संबद्ध किसान क्लब, फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एफपीओ), फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी (एफपीसी), स्वयं सहायता समूह एवं पैक्स आदि अनुदान का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए किसानों को वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पहली श्रेणी में सभी जिलों के किसानों को कस्टम हायरिंग सेंटर (सीएचसी) योजना के तहत 10 लाख रुपये तक की लागत के साथ 35 बीएचपी तक के ट्रैक्टर पर अधिकतम 1.60 लाख रुपये एवं अन्य यंत्रों पर 40 फीसदी का अनुदान मिल रहा है जो ट्रैक्टर पर अनुदान राशि सहित कुल अधिकतम 4.00 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है।

# सैनिकों व उनके आश्रितों के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही बिहार सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सरहद पर अपने प्राणों की आहूति देकर देश की रक्षा करने वाले वीर सैनिकों, उनकी विधवाओं और आश्रितों के लिए बिहार सरकार ने कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। फिलहाल राज्य के महज 13 जिलों में ही जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कार्यरत हैं। सरकार ने राज्य के 12 अन्य जिलों में नए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय की स्थापना की है। साथ ही सेना से रिटायर होने वाले अधिकारियों और सैनिकों के पुनः नियोजन की भी राज्य सरकार ने व्यवस्था की है। कुल मिलाकर राज्य के सभी 25 जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों के संचालन की पूरी जिम्मेदारी भूतपूर्व सैनिकों को सौंपी गई है।

सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर मृगेंद्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2023 तक राज्य के महज 13 जिलों में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कार्यरत थे। इनमें मात्र दो जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में ही जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारियों की तैनाती की गई थी। 0उन्होंने बताया कि राज्य के जिन 12 जिलों में नए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय की स्थापना की जा रही है, उनमें नालंदा, बेगूसराय, सीतामढ़ी, मधुबनी, समस्तीपुर, कैमूर, औरंगाबाद, जहानाबाद, कटिहार, सहरसा, पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज शामिल हैं।

निदेशालय के सहायक निदेशक कर्नल एसके त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 2024 में रिक्त 11 पदों पर रोस्टर एवं आरक्षण नीति के अनुसार सैन्य सेवा के भूतपूर्व अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। फिलहाल राज्य के नौ जिलों में जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारियों की तैनाती कर दी गई है और शेष जिलों में नियुक्ति की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। कर्नल एस के त्रिपाठी ने बताया कि अब राज्य के कुल 25 जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों में निम्नवर्गीय लिपिक के कुल 31 पदों पर पूर्व सैनिकों की नियुक्ति की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा इन नियुक्तियों के लिए प्रतियोगिता परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है। इसी तरह इन कार्यालयों में कल्याण व्यवस्थापक के रिक्त 25 पदों पर भी भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति की जा रही है। इसके लिए भी कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है। भूतपूर्व सैनिकों के लिए बिहार सरकार ने कार्यालय परिचारी और रात्रि पहरी जैसे पदों का भी सृजन किया है। इतना ही नहीं, जिला सैनिक कार्यालय में डाटा इंट्री ऑपरेटर के पदों पर भी भूतपूर्व सैनिकों को तैनात करने का फैसला लिया जा चुका है। इसके लिए भूतपूर्व सैनिकों के कुल 20 पर संविदा के अद्धर पर नियुक्ति की जा रही है। इन कार्यालयों में वाहन चालक के पद पर भी भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति की जा रही है।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने की उच्चस्तरीय बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक के दौरान पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में संरक्षा, सुरक्षा, ट्रेनों के समय पालन, मानसून के दौरान उठाये जाने वाले आवश्यक सावधानियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। एसेट मेंटेनेंस, कॉशन ऑर्डर एवं स्पीड रिस्ट्रिक्शन आदि पर विषयों पर भी बैठक में विभागाध्यक्षों एवं मंडल रेल प्रबंधकों के साथ चर्चा की गयी। बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा उठाये गये बिंदुओं पर भी गहन चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री सुविधा, सुरक्षा, संरक्षा आदि के संबंध में किये जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

# शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग की शिकायतों का समाधान 10 सितंबर तक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के शिक्षकों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। लंबे समय से ट्रांसफर और पोस्टिंग से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए शिक्षा विभाग ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने सभी जिला पदाधिकारियों (डीएम) और जिला शिक्षा पदाधिकारियों (डीईओ) को पत्र लिखकर ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित शिकायतों के निपटारे के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पत्र के अनुसार शिक्षकों को ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़ी विशेष समस्याओं के लिए ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर आवेदन दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। अब सभी प्राप्त आवेदनों का निष्पादन करने के लिए जिला स्तर पर कार्रवाई शुरू की जाएगी। विभाग ने सभी शिकायतों की समीक्षा 31 अगस्त तक और ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित कार्रवाई 1 सितंबर से 10 सितंबर 2025 तक पूरा करने का निर्देश जारी किया है। शिक्षा विभाग ने ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़ी शिकायतों को जिला स्तर और अंतर-जिला ट्रांसफर के स्तर पर बांटा है। जिले के भीतर शिकायतों की समीक्षा जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्थापना समिति करेगी और नये सिरे से ट्रांसफर या पोस्टिंग के आदेश जारी किए जाएंगे। वहीं अंतर-जिला ट्रांसफर-पोस्टिंग से जुड़ी शिकायतों की समीक्षा भी जिला स्थापना समिति ही करेगी। प्राथमिक शिक्षा के निदेशक प्राप्त शिकायतों की अनुशंसाओं के आधार पर अंतर-जिला ट्रांसफर का आदेश जारी करेंगे।

# हिमालया बेबीकेयर ने शुरू किया हरकदम हर मां के साथ अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के अग्रणी बेबीकेयर ब्रांड हिमालया बेबीकेयर ने वर्ल्ड ब्रेस्टफीडिंग वीक के अवसर पर एक संवेदनशील डिजिटल अभियान हैसटैग हरकदम हर मां के साथ लॉन्च किया है। यह अभियान माताओं को सार्वजनिक स्थानों पर स्तनपान के दौरान आने वाली असुविधा और गोपनीयता की कमी को उजागर करता है। अभियान के अंतर्गत हिमालया ने एक प्रभावशाली फिल्म जारी की है, जो यह संदेश देती है कि हर माँ को अपने शिशु को कहीं भी आत्मविश्वास और सम्मान के साथ स्तनपान कराने का अधिकार है। पिछले 13 वर्षों में हिमालया बेबीकेयर ने भारतभर में 500 से अधिक सुविचारित ढंग से डिज़ाइन किए गए हिमालया ब्रेस्ट फीडिंग रूम्स स्थापित किए हैं।

# पीपीयू के दस कॉलेजों में स्थायी प्राचार्य को लॉटरी से कॉलेज आवंटित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में बुधवार को प्राचार्य के लिए चयनित 10 शिक्षकों को कॉलेज अवांटित कर दिया गया। चयनित प्राचार्यों को पूरी पारदर्शिता के साथ लॉटरी के माध्यम से कॉलेज अवांटित किया गया। लॉटरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में निकाला गया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो एन के झा, कुलाधिपति की नामित सदस्य प्रो माधुरिमा मिश्र, सीनेट सदस्य सह एम एल सी नीरज कुमार और विवि के डीन प्रो राजीव रंजन, ओ एस डी डॉ शोला चन्द्रा मौजूद थे। इसकी विडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी करायी गयी। लॉटरी विश्वविद्यालय के चतुर्थवर्गीय कर्मी ने निकाला। राजभवन के निर्देशानुसार सबसे पहली लॉटरी अल्फावेट और स्पॉस के आधार पर निकाला गया है। इसमें दो कॉलेज ए एन कॉलेज और बीडी कॉलेज शामिल थे। इसके लिए दो उम्मीदवार थी। ए एन कॉलेज के लिए पहली लॉटरी निकाली गयी। इसमें बीडी कॉलेज की शिक्षिका रेखा कुमारी का नाम ए एन कॉलेज के निकला। वहीं दूसरी उम्मीदवार का स्वतः ए एन कॉलेज की शिक्षिका प्रो रत्ना अमृत को बी डी कॉलेज, पटना अवांटित हो गया। इसके बाद अन्य कॉलेजों के लिए एक-एक लॉटरी निकाली गई। हालांकि कुछ चयनित प्राचार्यों ने मेडिकल ग्राउंड को हटाए जाने का शुरू में विरोध किया। हालांकि बाद में पूरी पारदर्शिता से लॉटरी निकाल कर कॉलेज अवांटित कर अधिसूचना जारी कर दी गई। राजभवन के निर्देशनुसार लॉटरी प्रक्रिया से विश्वविद्यालय के दस अंगीभूत कॉलेजों में प्राचार्यों को कॉलेज आवंटित कर दिया गया। कॉलेज का आवंटन पारदर्शी तरीके से किया गया। इसमें कुलाधिपति के नामित सदस्य, एमएलसी नीरज कुमार और कमिटी के समक्ष लॉटरी निकाली गई।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी का वृहद मेगा हेल्थ कैम्प 10 को

## 26 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक करेंगे मरीजों की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी राजेंद्र नगर रोड नंबर 7 में रविवार 10 अगस्त को निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि यह शिविर स्व. गोपाल कृष्ण कनोडिया की स्मृति में श्री सीतादेवी कानोडिया एवं बालमुकुंद परिवार के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने बताया कि शिविर में विभिन्न रोगों के 26 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे। मरीज प्रातः आठ बजे से 10 बजे तक जांच हेतु अपना नम्बर लगा सकेंगे। सोसाइटी के सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि इस चिकित्सा शिविर में पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका, हड्डी रोह विशेषज्ञ डॉ अभिनव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ विनीत कुमार एवं डॉ विकास सिंह, एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ गौतम मोदी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्रवण कुमार, जेनेरल फिजिशियन पूनम नंदन एवं डॉ मुकेश कुमार, कान, नाक एवं गला विशेषज्ञ डॉ वंदना शर्मा, न्यूरो फिजिशियन डॉ हेमंत कुमार सहित अन्य डाक्टर मरीजों की जांच करेंगे। कोषाध्यक्ष सुजीत सिंघानिया ने बताया कि शिविर में चिकित्सकों द्वारा लिखे गए सभी तरह की पैथोलॉजिकल जांच तथा इसीजी, एक्स रे, शुगर एवं बीपी की जांच उसी दिन काफी रियायति शुल्क पर किये जायेंगे तथा सभी 11 उपलब्ध दवाएं भी निःशुल्क दिए जाएंगे। एम पी जैन ने बताया कि चिकित्सकों द्वारा अनुमोदित मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन भी कराया जाएगा। साथ ही नजदीक पढ़ने का चश्मा भी मुफ्त में उपलब्ध करवाया जाएगा। शिविर में जांच कराने वाले सभी मरीजों को नास्ते का पैकेट भी दिया जाएगा।

# श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम के भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्री खाटू श्याम पधारो पटना धाम द्वारा एकादशी द्वादशी को संध्या देवी स्थान मंदिर जहाजी कोठी के समीप कदमकुआं में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें करीब 1500 से 2000 लोगों ने श्याम बाबा का प्रसाद पूड़ी, कचौड़ी, सब्जी, रायता, बुंदिया, भुजिया ग्रहण किए। इस भंडारे के आयोजन में आनन्द डालमिया, मुकेश हिसारिया, शेखर बागड़िया, जीतेंद्र कुमार जीतू, राजेन्द्र मित्तल, संजय टेकरीवाल, सुनील कनोडीया, पवन शर्मा, मोनू, अनुज गुप्ता, शुभम सर्राफ, कमलेश सिंह, अनंत अगरवाल, सज्जन चौधरी, सतीश खेमानी, अजय शर्मा, केशव अग्रवाल, रिषभ अग्रवाल, गोपी मित्तल, राजेश बजाज ने सहयोग किया। संस्था के संस्थापक कन्हैया अग्रवाल (कन्नू) ने बताया सावन एकादशी के अवसर पर श्री श्री श्याम मंडल, श्री श्याम सेवा ट्रस्ट, श्री खाटू श्याम सेना, एकादशी निशान पूजन समिति के सारे सदस्यों ने भी हिस्सा लेकर श्याम बाबा के इस भव्य आयोजन में भाग लिया।

# स्तनपान सप्ताह पर जयप्रभा मेदांता अस्पताल का विशेष आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जयप्रभा मेदांता अस्पताल ने स्तनपान सप्ताह के अवसर पर एक विशेष आयोजन किया जिसमें डॉक्टर निहारिका रॉय ने स्तनपान के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि स्तनपान न केवल बच्चे के लिए बल्कि मां के लिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। स्तनपान के महत्व को समझाते हुए डॉक्टर रॉय ने कहा स्तनपान शिशु के लिए एक सम्पूर्ण आहार है जिसमें सभी आवश्यक पोषक तत्व मौजूद होते हैं। यह शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और उन्हें विभिन्न बीमारियों से बचाता है। इसके अलावा स्तनपान मां और बच्चे के बीच भावनात्मक बंधन को भी मजबूत करता है। डॉक्टर रॉय ने आगे बताया कि स्तनपान मां के लिए भी कई लाभकारी है। यह मां के शरीर को प्रसव के बाद तेजी से स्वस्थ बनाने में मदद करता है और गर्भाशय को सामान्य आकार में लाने में सहायक होता है। इसके अलावा स्तनपान करने वाली माताओं में स्तन और गर्भाशय के कैंसर का खतरा कम होता है। कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं ने स्तनपान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने स्तनपान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसे समाज में प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया। जयप्रभा मेदांता अस्पताल के इस आयोजन ने स्तनपान के महत्व को उजागर करने और माताओं को इसके प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अस्पताल ने इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# पीडब्लूडी निर्वाचकों से संबंधित सुविधाओं को लेकर डीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में बुधवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमिटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य पीडब्लूडी निर्वाचकों के बीच पंजीकरण, सक्षम एप्प, पीडब्लूडी मार्किंग, मतदान केंद्र में उपलब्ध सुविधाएं तथा मतदान तिथि को उपलब्ध होने वाली सुविधाओं के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करना है। उल्लेखनीय है कि रोहतास जिला के सभी 2692 मतदान केंद्र भूतल पर अवस्थित है जहां सभी न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है। रोहतास जिला में दृष्टिबाधित निर्वाचकों की सांख्या 9651, चलित बाधित 23720, श्रवण बाधित 3995 तथा अन्य 8721 निर्वाचक पंजीकृत है। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार 01 जुलाई के अहर्ता तिथि के आधार पर संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य के अनुपालन हेतु सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि एचजेडएच सर्वेक्षण के दौरान सभी अपंजीकृत पीडब्लूडी का पंजीकरण सुनिश्चित कराये, साथ ही यदि कोई पीडब्लूडी निर्वाचक स्वयं को पीडब्लूडी मार्क नहीं कर सका है तो उसकी मार्किंग सुनिश्चित कराये साथ ही सक्षम ऐप के बारे में उन्हें अवगत करायें। सक्षम ऐप के द्वारा कोई भी व्यक्ति परिवर्द्धन, विलोपन, संशोधन, पीडब्लूडी मार्किंग कर सकते हैं। साथ ही मतदान केंद्र के सम्बन्ध में शिकायत सुझाव भी दे सकते हैं और मतदान दिवस को मिलने वाली सुविधाओं के लिए अनुरोध कर सकते हैं। मतदान दिवस को पीडब्लूडी निर्वाचकों के लिए मतदान केंद्र पर लाने और ले जाने, व्हील चेयर, बीयू, अटेंडेंट की सुविधा, रैम्प, पेयजल, टॉयलेट तथा बिना लाइन में लगे मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। बैठक में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक दिव्यांग जन, उप निर्वाचन पदाधिकारी इत्यादि उपस्थित रहे।

## निचले इलाकों में पहुंचा नदी का पानी, डूबी फसल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर में दो-चार दिनों से समय-समय पर हो रही बारिश के कारण जिले के सुअरा, दुर्गावती, कुकुरनहिया व अन्य पहाड़ी नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी हो गई है। बारिश के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मिट्टी के मकान गिरने की सूचना मिल रही है। हालांकि मकान गिरने से किसी की जानमाल की क्षति नहीं हुई है। इधर बारिश होने से नदियों व नहर का पानी निचले इलाकों में पहुंचने से खेतों में लगी किसानों की धान की फसल डूब गई है। जिले के भभुआ प्रखंड स्थित अकोढ़ी, सादे कवई, सोनहन, खरेनदा, भोरैया व सोनाव-पुनाव के किसानों ने सिंचाई विभाग के अफसरों से नहर की पानी बंद करने की मांग की है।

## जिला परिवहन कार्यालय में 2.30 करोड़ का गबन, एफआईआर दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिला परिवहन कार्यलय रोहतास में दो करोड़ तीस लाख पचास हजार इक्कीस रूपये के गबन का मामला सामने आया है। ऑडिट रिपोर्ट में इस घोटाले का खुलासा हुआ जिसके बाद जिला परिवहन पदाधिकारी राम बाबू ने नगर थाना सासाराम में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और सम्बंधित कर्मियों की भूमिका की गहराई से जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 से 2025 के बीच की गई ऑडिट जांच में यह बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक विभाग के कर्मियों ने मोटर व्हिकल टैक्स और ई-चालान के नाम पर वसूली की गई राशि को सरकारी खाते में जमा नहीं कराया। डीटीओ रामबाबू के अनुसार विभाग के कर्मचारी अजय कुमार सिंह और अक्षय कुमार ने लगभग 1.75 करोड़ रूपये मोटर वाहन कर के रूप में वसूला, लेकिन वह राशि सरकारी खाते में जमा नहीं की गई। वही कार्यालय के प्रोग्रामर अनिल कुमार और डाटा इंट्री ऑपरेटर (जिसका नाम भी अनिल कुमार है) ने 55 लाख रूपये के ई-चालान की राशि गबन कर लीं। ऑडिट रिपोर्ट में इस घोटाले की पुष्टि होने पर डीटीओ ने नगर थाना में चारों कर्मियों के विरुद्ध केस दर्ज कराया है।

# राजू चौधरी को वीआईपी पार्टी से डिहरी विधानसभा प्रत्याशी बनाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा से वीआईपी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष राजू चौधरी को प्रत्याशी बनाने की मांग पार्टी सुप्रीमो मुकेश साहनी से की। विकासशील इंसान पार्टी की ओर से डिहरी विधानसभा का प्रत्याशी कौन होगा इसकी भी अटकलें तेज हो गई है। विकासशील इंसान पार्टी की ओर से आधे दर्जन से अधिक नेता अपने आप को भावी प्रत्याशी बता रहे हैं। चौक-चौराहों से लेकर चाय पान की दुकानों तक चर्चाएं हो रही है। सबसे ज्यादा चर्चा में नए चेहरे की है। वीआईपी पार्टी डिहरी से किसी नये दमदार चेहरे को मैदान में उतार सकती है। इन चर्चाओं में सबसे पहला नाम वीआईपी पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष राजू चौधरी का है। राजू चौधरी डिहरी विधानसभा क्षेत्र के डिहरी शिवगंज मुहल्ले के निवासी हैं। राजू चौधरी एक लोकप्रिय जनसेवक, सामाजिक कार्यकर्ता के साथ सबके सुख दुःख में कदम से कदम मिलाकर चलने वाले नेता हैं। वीआईपी पार्टी इन्हें चुनाव लड़ा कर एनडीए गठबंधन का समीकरण ध्वस्त करना चाहतीं है। विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आते जा रहा है वैसे-वैसे डिहरी विधानसभा की राजनीति भी गर्म होते जा रही है। चुनाव के शंखनाद होने में मात्र दो से तीन माह का समय रह गया है। वीआईपी पार्टी के कार्यकर्ता बाबू चौधरी ने कहा कि राजू चौधरी अभी तक जोनल 06 कार्यालय से लेकर पूरे डिहरी विधानसभा से लेकर पटना के वीआईपी पार्टी के सुप्रीमो मुकेश सहनी द्वारा आयोजित फूलन देवी के शहादत दिवस कार्यक्रम पर सैकड़ों की संख्या में छोटी-बड़ी वाहनों के साथ पटना में हजारों महिला को एक वस्त्र धारण करा कार्यकताओं के साथ पहुंच कर भाग लिया था जिसे डिहरी विधानसभा के कार्यकताओं ने काफी सराहनीय कार्य बताया। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी ने राजू चौधरी को प्रत्याशी घोषित करती है तो पार्टी की जीत सुनिश्चित होगा।

## स्नातक वर्गों का संचालन आज से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय महिला कॉलेज डालमियानगर में स्नातक सेमेस्टर एक सत्र 25 -29 के छात्राओं का वर्ग संचालन गुरुवार से शुरू हो जाएगा। प्राचार्य डॉ अशोक कुमार के अनुसार कक्षा प्रारंभ होने के पहले दिन छात्राओं का अभिनंदन किया जाएगा।

## शराब के नशे में युवक धराया, जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस ने शराब के नशे में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया, जिसका कुदरा पीएचसी में मेडिकल जांच के बाद भभुआ न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि धराया पियक्कड़ अंशु कुमार पिता कन्हैया चौधरी कुदरा थाना के कझारघाट का निवासी है। ग्रामीणों की सूचना पियक्कड़ को गिरफ्तार किया गया।

### फरोग-ए-उर्दू सेमिनार सह मुशायरा एवं कार्यशाला का आयोजन

# भारतीय भाषाओं के बीच उर्दू का अपना एक अलग स्थान : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** आजाद भारत में समस्त भाषाओं के बीच उर्दू भाषा का अपना एक अलग स्थान है। उर्दू गजलों की लोकप्रियता ने उर्दू भाषा को एक नया मोड़ और नया बल दिया है। उक्त बातें बुधवार को जिलाधिकारी उदिता सिंह ने जिला उर्दू भाषा कोषांग की ओर से सासाराम के मल्टीपर्पस हॉल में आयोजित फरोग-ए-उर्दू सेमिनार-सह-मुशायरा एवं कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि उर्दू भाषा का विकास एक सतत प्रक्रिया है और आज भी यह भाषा साहित्य, संगीत तथा फिल्म उद्योगों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। इस भाषा के विकास के लिए सरकारी स्तर पर हर तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि उर्दू भाषा हिन्दू भाषा का एक मनकीकृत रूप है जो संस्कृत से विकसित हुई है। उन्होंने कहा कि ऐसे तो इस भाषा में अनेक साहित्य लिखे जा रहे हैं, लेकिन खासकर यह गीत गजलों के लिए जानी जाती है। उर्दू भाषा की अपनी एक समृद्ध परम्परा रही है। कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र के कार्यक्रम में विद्वान वक्ताओं में जनाब ए के अल्वी, डॉ एस जमशेद आलम, डॉ फरजाना परवीन, डॉ गुरुचरण सिंह तथा मतीन सासारामी द्वारा उर्दू की तरक्की पर अपना-अपना विचार व्यक्त किया गया जबकि दूसरे सत्र में मुशायरा का कार्यक्रम हुआ जिसमें पटना से आये वरिष्ठ शायर असर फरीदी, औरंगाबाद से आयी अंजुम आरा, सरोज कुमार पंकज, तनवीर अख्तर, अख्तर इमाम अंजुम, आलम परवेज, शबीर सासारामी, बृजिश आरजू एवं शकील हासमी ने अपनी शायरी से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का स्वागत जिला उर्दू भाषा कोषांग के उच्चवर्गीय लिपिक मोहन कुमार करण ने किया। कार्यक्रम के समापन के दौरान आगत अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए जिला उर्दू भाषा कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी इजहार आलम ने कहा कि उर्दू की मिठास और खूबसूरती ने इसे तहजीब के पैमाने में बदल दिया। उसने कहा कि इसकी मिठास और इसके हुस्न ने न सिर्फ इसे शायरों की जुबान बनाया, बल्कि हकीकत में इसे मोहब्बतों की आशिकों की जुबान बना दिया। उन्होंने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को हृदय से धन्यवाद दिया और कहा कि आपके सहयोग से ही यह कार्यक्रम बहुत बेहतरीन बन सका। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्वान कवि तथा एसपी जैन महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ गुरुचरण सिंह ने की और संचालन विद्वान डॉ एस जमशेद आलम तथा बिख्यात शायर मतीन सासारामी ने किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी मदन राय, अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष रंजन, अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, किशोर कुमार आनंद तथा प्रभारी डीपीआरओ आशीष रंजन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ट्रैक्टर की ट्राली चोरी के मामले में तीन पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** हरिहर डिहरा गांव से विगत दिनों हुए ट्रैक्टर चोरी के मामले में कोचस थाने में तीन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि बीते दिनों हरिहर डिहरा गांव में महिंद्रा ट्रैक्ट व ट्राली की चोरी कर ली गई थी जिसमें पीड़ित प्रदीप चौबे ने गांव के ही तीन लोगों के विरुद्ध थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिए गए आवेदन में आरोपी के तौर पर विकास चौबे, कमल नारायण चौबे तथा राधेश्याम चौबे को अभियुक्त बनाया गया है। तीनों आरोपी ग्राम हरिहर डिहरा थाना कोचस जिला रोहतास के निवासी है।

### कंटेनर ने पुलिस वाहन में मारी टक्कर, बाल-बाल बचे पुलिसकर्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढीगोला।** अमरा तलाब पथ पर चांदी गेट पेट्रोल पम्प के पास पुलिस वाहन और कंटेनर में टक्कर हो गई। टक्कर में गश्ती दल बाल-बाल बचे। कंटेनर पुलिस वाहन में टक्कर मारकर चालक व सहचालक फरार हो गया। गश्ती दल कंटेनर चालक का पीछा किया, लेकिन चालक व सहचालक पुलिस को पीछा करते देख कंटेनर को बगेन काउ नदी पुल के समीप खड़ी कर अंधेरा का फायदा उठाते हुए भाग निकले। पुलिस उक्त कंटेनर को जब्त कर थाना लाई व कंटेनर चालक सह चालक पर प्राथमिकी दर्ज किया।

### अगवा किशोरी बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज(रोहतास)।** थाना क्षेत्र के ठकुरायी परसिया से अगवा की गई किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि दो दिनों पूर्व उक्त किशोरी के अगवा किये जाने की प्राथमिकी उसके पिता ने सोमवार को कराई थी। पुलिस ने किशोरी के पिता के द्वारा दिये गए लोकेशन के माध्यम से शिवसागर थाना के बमहौर गांव के समीप से गुप्त सूचना पर शिवसागर पुलिस के सहयोग से बरामद किया गया जिसे न्यायालय में 164 का बयान के लिए विक्रमगंज ले जाया गया। किशोरी के पिता ने उक्त गांव निवासी हर्षकित कुमार और दो आज्ञात लोगों को अपनी पुत्री की अगवा करने के मामले में अभियुक्त बनाया है, जो अभी फरार चल रहा है। शीघ्र उनकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

### खेत जोत रहे किसानों को दबंगों ने खदेड़ा, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढीगोला।** किसान अपनी खेत की जुताई करने के लिए खेत पर पहुंचे तो दबंगों ने किसान को गाली-गलौज करते हुए खेत से खदेड़ दिया। किसान उनलोग की दंबगई देखते हुए अपनी बंदोबस्ती की कागजात व आवेदन के साथ थाना पहुंच कर पुलिस से गुहार लगाई। पुलिस ने उक्त कागजात व आवेदन को संज्ञान में लेते हुए दबंगों पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि चांदी निवासी केश्वर सिंह को बंदोबस्ती वाद संख्या 2/93-94 बांक मौजा खाता संख्या 951 प्लॉट संख्या 834 पर 50 डिसमिल जमीन मिली थी जिसको वर्षों से उक्त जमीन पर जुताई बुआई कर अपनी परिजनों का पालन पोषण करते थे जब सोमवार को दोपहर में किसान उक्त जमीन पर अपने खेत की जोत-कोड़ शुरू किया तो जतन बिगहा निवासी सोनु यादव व मधु यादव उक्त भूमि पर अपनी हक जताते हुए किसान को जोत कोड करने से मना कर दिया। उन्होंने बताया कि किसान के आवेदन पर दोनों आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### दहेजलोभी ने बहू को पीटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढीगोला।** दहेज में कार नहीं मिलने पर बहू को मारपीट कर घर से खदेड़ दिया। बहू किसी तरह से रोते बिलखते अपनी मायके तिवारी डीह गांव पहुंची और आप-बीती अपने परिजन को सुनाई। पुत्री की बात सुनकर परिजन आग बबूले हो गए और रविवार की शाम पुलिस को लिखित आवेदन देकर गुहार लगाई। पुलिस ने उक्त आवेदन को संज्ञान में लेते हुए सास ससुर व पति पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि तिवारी डीह निवासी विजय तिवारी अपनी पुत्री सरिता कुमारी की शादी हिन्दू रीति-रिवाज से मलियाबाग निवासी सुनिल पाण्डेय के पुत्र विशाल कुमार उर्फ प्रीतम पाण्डेय के साथ 26 अप्रैल 2021को शादी हुई। उसके बाद से ही दहेज में फोरविलर कार नहीं मिलने पर बहू के साथ हमेशा मारपीट व ताना मारा करते थे और शनिवार की रात पति ससुर व सास ने बहू को मारपीट कर घर से खदेड़ दिया।

# आर एस के पब्लिक स्कूल में संगीत, जूडो, कराटे, क्रिकेट खेलों का नियमित प्रशिक्षण : आनंद सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** आरएसके पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में सत्र 2025-26 के अंतर्गत दूसरे पैरोडिक परीक्षा का पी टी एम का आयोजन किया गया। आयोजन में प्ले से लेकर कक्षा 12वीं तक के लगभग 2000 छात्रों में से 1800 से अधिक छात्रों के अभिभावकों ने भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस परीक्षा में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सभी कक्षाओं के ज्यादातर मेधावी विद्यार्थियों ने 100% प्राप्त किया वहीं 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या 350 से ऊपर रही। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें और उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि नियमित रूप से एक अभिभावक को विद्यालय तथा शिक्षकों से संपर्क में रहना चाहिए तथा विद्यार्थी की शैक्षणिक अथवा गैर शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित किसी भी प्रकार की दुविधा, सलाह के लिए समय-समय पर शिक्षक से मिलकर उन्हें अवगत कराते रहना चाहिए। वर्तमान सत्र में डे केयर के माध्यम से इसी निरंतरता को बनाए रखने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बच्चों को संगीत जूडो कराटे गन शूटिंग फुटबॉल क्रिकेट बैडमिंटन के इत्यादि खेलों का नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास सुनिश्चित हो सके।

## एबीआर कॉलेज संबद्ध महाविद्यालयों की श्रेणी में अपना स्थान रखता है : निवेदिता सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** अवधूत भगवान राम महाविद्यालय में विधान पार्षद निवेदिता सिंह द्वारा समरसेबल एवं प्याऊ टंकी का उद्घाटन बुधवार को सम्पन्न हुआ। महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने बैंड बाजा से अवधूत नगर मोड़ से महाविद्यालय परिसर तक फूल माला से विधान पार्षद का स्वागत एवं अभिनंदन किया। महाविद्यालय परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय शासी निकाय के सचिव डॉ सुरेंद्र सिंह एवं संचालन प्रधानाचार्य डॉ विनोद कुमार सिंह ने किया। प्रधानाचार्य एवं सचिव ने अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर विधान पार्षद निवेदिता सिंह का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार विधान परिषद सदस्य श्रीमती सिंह ने कहा कि भविष्य में इस महाविद्यालय के विकास में मेरा सहयोग जारी रहेगा। कार्यक्रम में सुनील कुमार सिंह, कमलेश कुमार सिन्हा अधिवक्ता, संजीव कुमार सिंह, दिव्य प्रकाश तिवारी, प्रभाकर तिवारी, सोनू राय, संजय सिंह, अतुल सिंह, पवन सिंह मुनमुन, अजय भगवान, इ नवीन सिन्हा, उमाशंकर सिंह एवं सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

## भाजपा ग्रामीण मण्डल के शक्ति केंद्र की कार्यशाला आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** भाजपा के डिहरी ग्रामीण मण्डल अंतर्गत शक्ति केंद्र की कार्यशाला बैठक बडीहा स्थित एक लॉज में बुधवार को भाजपा अध्यक्ष दक्षिणी कन्हैया राम की अध्यक्षता में हुई। कार्यशाला का संचालन महामंत्री श्रीकान्त मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा ने चकन्हा शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी बूथ अध्यक्षों एवं बी एल ओ को अपने बूथ पर जोड़ने का कार्य करने का आह्वान किया। अपना बूथ सबसे मजबूत के तहत प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुख बनाने को कही। ताकि विधानसभा चुनाव में प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचा जा सके। कार्यशाला बैठक के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम से चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी ने जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा व जिला कोषाध्यक्ष आनंद पांडेय को औषधि एवं फलदार पौधा भेंट की। मौके पर डिहरी विधानसभा संयोजक डॉ नवीन नटराज, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह, महामंत्री अनिल सिंह, बूथ अध्यक्ष रमाकांत दुबे, विजय दुबे, अक्षय पांडे, संजीत कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

## AFFIDAVIT

I Amtaj Ansari S/o Ali Hasan Ansari Date of birth- 01/01/1985 R/o village-Nai Bhumi, PO-Sikariya, P.S.-Karakat (Gorari), Dist-Rohtas, State of Bihar, Pin code-821310 do hereby solemnly affirm on an oath and declare as follows:-
That I am an Indian citizen and belongs with Islam religion.
That on the Adhar card no-9108 4951 4200 my name is mentioned as AMTAJ ANSARI.
But on the LIC policy no 517740433 branch Dehari on sone my name is mentioned as MD IMTIYAZ S/O ASLI HASAN ANSARI.
That AMTAJ ANSARI and MD IMTIYAZ above both difference name but one person which is my name.
That I am called and known of above both name is AMTAJ ANSARI and MD IMTIYAZ for this purpose making this affidavit.
That all contents of this affidavit are totally correct and true of the best in my personally knowledge and belief.

**Deponent**
**Amtaj Ansari**

## बोस फाउंडेशन ने झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस फाउंडेशन ने मंगलवार को कचहरी परिसर में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर शोक सभा आयोजित की। सभा की अध्यक्षता सेवा निवृत प्रो0 सुरेंद्र प्रसाद ने की। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर शोक जताया और श्रद्धांजलि दी। 2 मिनट का मौन रख उनकी दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों एवं उनके चाहने वालों को दुख की इस घड़ी में सहनशक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर अपने शोक संदेश में फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने कहा कि देश एक भारतीय राजनीतिक के समाज सुधारक नेता को खो दिया। शिबू सोरेन के जाने से एक युग का अंत हो गया।

## वन स्टॉप सेंटर में संधारित की जाने वाली पंजियों का डीडीसी ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में उप विकास आयुक्त विजय कुमार पाण्डेय एवं ओएसडी आशीष रंजन के द्वारा वन स्टॉप सेंटर रोहतास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वन स्टॉप सेंटर में संधारित की जाने वाली सभी पंजियों एवं कुछ निबंधित वाद से संबंधित संचिकाओं की जांच की गई। केस वर्कर एवं परामर्शी से उनके कार्यों एवं दायित्वों के बारे में जानकारी ली गई एवं कार्य निष्पादन संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कहा कि जांच का प्रतिवेदन जिला पदाधिकारी को सौंपा जायेगा। किसी भी कर्मी द्वारा कार्य में लापरवाही करने की स्थिति में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## आंगन बाड़ी सहायिका सेविकाओं ने थाली पीट किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** प्रखंड कार्यालय के परिसर में बुधवार को प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आंगनबाड़ी के सहायिका सेविकाओं ने थाली पीटकर प्रदर्शन किया। सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक बिहार आंगनबाड़ी संघ के बैनर तले सेविका एवं सहायिका ने प्रदर्शन किया। आरती कुमारी, पूनम कुमारी, रसीला कुमारी, विनता साह,इंदु देवी, अनिशा कुमारी समेत अन्य ने बताया कि हमारी मुख्य मांगों में गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश के अलोक में सभी सेविका एवं सहायिका को सरकारिकरण किया जाय या सेविकाओं को कम से कम पंद्रह हजार एवं सहायिका को दस हजार मानदेय दिया जाय।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज**
**(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)**
**शुद्धि–पत्र**

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–29.07.2025 को विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से ई–निविदा पत्रांक सं0–**7/RCD/Daltonganj/2025-26/658** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No. 358546 Road (25-26)_D** है, जिसमें क्रमांक–5 में अंकित **Date of Publication of Tender on Website 06.08.2025** के स्थान पर **18.08.2025,** क्रमांक–6 में अंकित **Last Date/Time of Online Bid Submission 28.08.2025** के स्थान पर **08.09.2025** एवं क्रमांक–7 में अंकित **Date and Time of Bid opening 29.08.2025** के स्थान पर **09.09.2025** पढ़ा/समझा जाय।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

**कार्यपालक अभियंता,**
**पथ निर्माण विभाग,**
**पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज।**

PR 358924 Road(25-26)D



**झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।**
–:पशुपालकों हेतु आम सूचना:–

एतद् द्वारा पलामू जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में पशुपालन विद्यालय, गौरियाकरमा हजारीबाग में पशुपालकों के ज्ञान एवं अनुभव में वृद्धि हेतु पशुपालन के नये तकनीकों के पशुपालकों के समक्ष प्रसार हेतु बकरी पालन, सूकर पालन एवं कुक्कुट पालन विषयों पर दिनांक 18.08.2025 से पॉच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण की समय सारणी –

| क्र0 सं0 | दिनांक | बकरी पालन | सूकर पालन | कुक्कुट पालन |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 18.08.2025 से 22.08.2025 | – | – | 30 |
| 02. | 15.09.2025 से 19.09.2025 | – | 15 | – |
| 03. | 13.10.2025 से 17.10.2025 | 30 | – | – |
| 04. | 17.11.2025 से 21.11.2025 | – | – | 40 |
| 05. | 08.12.2025 से 12.12.2025 | – | 20 | – |
| 06. | 29.12.2025 से 02.01.2025 | 40 | – | – |
| 07. | 19.01.2026 से 23.01.2026 | – | – | 30 |
| 08. | 09.02.2026 से 13.02.2026 | – | 15 | – |
| 09. | 02.03.2026 से 06.03.2026 | 30 | – | – |
| | कुल लक्ष्य | 100 | 50 | 100 |

पाँच दिवसीय आवासीय पशुपालक प्रशिक्षण की योजना –

- प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र संबंधित प्रखण्ड के पशुचिकित्सक से प्राप्त किया जा सकता है।
- निदेशक, पशुपालन के निर्देशानुसार विभागीय योजनाओं में चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण कराया जाना है।
- प्रशिक्षणार्थियों का निबंधन प्रत्येक प्रशिक्षण सत्र के प्रथम दिवस को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:30 बजे तक किया जाएगा। अपराह्न 01:00 बजे के बादर किसी भी परिस्थिति में प्रशिक्षणार्थियों का निबंधन नहीं किया जाएगा।
- प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण सत्र के पाँचवें दिवस को अपराह्न 03:00 बजे प्रशिक्षण समाप्ति पर प्रमाण पपत्र एवं पारितोषिक के साथ विदाई की जाएगी।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान रहने–खाने की पूरी व्यवस्था पशुपालन विद्यालय परिसर में ही उपलब्ध है, जिसके लिए पशुपालकों को कोई राशि देने की आवश्यकता नहीं है।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को रू0 200/– (दो सौ रूपये मात्र) प्रतिदिन की दर से पाँच दिनों के लिए कुल रू0 1000/– (एक हजार रूपये मात्र) प्रशिक्षण भत्ता प्रशिक्षण समाप्ति पर उनके बैंक खाता में DBT के माध्यम से स्थानान्तरित कर दिया जाएगा।
- आवेदक आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक की स्व–अभिप्रमाणित सुस्पष्ट छायाप्रति दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न करेंगे।

**निवेदक**
**जिला पशुपालन पदाधिकारी,**
**पलामू।**

PR 358946 District (25-26)D

# 325 अनुकंपा अभ्यर्थियों से मांगा गया चरित्र प्रमाण पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मृत शिक्षक शिक्षकेतर कर्मियों के आश्रितों की अनुकंपा नियोजन प्रक्रिया की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने 325 आवेदकों से अनिवार्य रूप से अद्यतन अनियोजन एवं चरित्र प्रमाण पत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया। 28 मामलों में आवेदन नहीं मिलने पर संबंधित परिवारों को 7 अगस्त को हरदेव भवन, बिहारशरीफ में बुलाकर आवेदन और अनापत्ति प्रमाण




पत्र प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। सभी संचिकाओं की सम्यक जांच हेतु जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। लापरवाही पाए जाने पर स्थापना शाखा के पदाधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। बैठक में जिला नियोजन समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वार्ड-8 में एक साल से ठप पड़ी नल-जल योजना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** चिकित्सकीय चेतना और विकास के तमाम दावों के बीच अब भी ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाएं लोगों के लिए सपना बनी हुई हैं। ऐसा ही मामला बिहारशरीफ प्रखंड के छतरपुर गांव के वार्ड संख्या-8 का है, जहां पिछले एक वर्ष से नल-जल योजना ठप पड़ी हुई है।स्थानीय ग्रामीणों सचिदानंद महाराज, सुनीता देवी, सुनाए देवी, सुमंती देवी और मुरारी यादव ने बताया कि योजना के तहत पानी की टंकी तो बन गई है, लेकिन बिजली कनेक्शन नहीं मिलने से मोटर चालू नहीं हो पा रहा है। नतीजतन, लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में मुखिया, वार्ड सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगाई, पर समाधान नहीं मिला। थक-हारकर ग्रामीण खुद पावर हाउस पहुंचे और बिजली कनेक्शन देने की मांग की। दस्तावेजों की औपचारिकताएं पूरी करने के बावजूद अब तक केवल आश्वासन ही मिला है।स्थानीय वार्ड सदस्य सुभाष कुमार ने बताया कि एक साल से बिजली कनेक्शन नहीं मिलने के कारण नल-जल योजना पूरी तरह ठप है। पीएचईडी विभाग को इसकी सूचना दी गई है, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई है।

## धान की फसल जलमग्न

**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड के सोनसिकरा गांव में भारी बारिश और गोईठवा नदी के पानी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। गांव के दक्षिणी हिस्से के खंधा में जलजमाव के कारण लगभग 20 बीघा में लगी धान की फसल पूरी तरह डूब चुकी है।स्थानीय किसानों सुनील चौहान, राजनंदन चौहान, माथुर चौहान, मदन पासवान, जगदेव चौहान, ईश्वर चौहान, राजकुमार और राजेंद्र यादव ने बताया कि यह समस्या हर वर्ष बारिश के समय उत्पन्न होती है, लेकिन अब तक न तो प्रशासन ने और न ही जनप्रतिनिधियों ने कोई स्थायी समाधान खोजा है।इस बार गांव वालों ने प्रशासन का इंतजार नहीं करते हुए खुद ही कमान संभाली है।

# साइबर ठग गिरफ्तार, पूर्व में भागा था पुलिस हिरासत से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कतरडिह गांव से पुलिस ने बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विक्की कुमार, पिता सतीश सिंह उर्फ भज्जू सिंह के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व साइबर ठगी के मामले में पांच-छह आरोपितों को ठगी में प्रयुक्त सामान के साथ रंगेहाथ पकड़ा गया था। उन्हीं में से एक विक्की कुमार भी था, जो गिरफ्तारी के दौरान हुई धक्का-मुक्की का लाभ उठाकर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। बताया जाता है कि आरोपितों को छुड़ाने के लिए गांव से महिला-पुरुषों का एक जत्था पुलिस के पास पहुंचा और बल प्रयोग करने लगा। इसी दौरान अफरा-तफरी में विक्की मौके से भाग निकला। पुलिस ने अन्य आरोपितों को किसी तरह थाने ले जाकर हिरासत में लिया था। आज गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने फरार साइबर ठग विक्की को पुनः गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पूर्व में दर्ज मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## महिला से 80 हजार की सोने की बाली ठगी

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** परबलपुर थाना क्षेत्र की एक महिला से ठगी कर अस्सी हजार रुपये मूल्य की सोने की बाली ठग ले गया। पीड़िता, हरप्रसाद बिगहा गांव निवासी सोना देवी (पति रामचंद्र केवट) ने बताया कि वह बुधवार को दोपहर में अपनी बहन को बस पर चढ़ाने परबलपुर गई थीं। बस स्टैंड से लौटते समय वह बाजार में कुछ सामान खरीद रही थीं, तभी एक अनजान युवक उनके पास आया और बोला कि उसके पास असली सोने की चेन और झुमका है। उसने महिला को झांसे में लेते हुए कहा कि वह अपनी कान की दोनों बाली देकर उसके गहने ले सकती है। महिला ने झांसे में आकर अपने कान की बाली युवक को दे दी और उसके दिए गहने लेकर बाजार से पश्चिम दिशा में चली गई। बाद में जब गहनों की जांच कराई गई तो वह पीतल के निकले। घटना के बाद पीड़िता रोती-बिलखती अपने गांव लौट गई। परबलपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में अब तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

# आईडीबीआई ने दो स्कूलों में दिया वाटर एटीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** आईडीबीआई की नवादा शाखा के द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत नगर के दो विद्यालयों में वाटर एटीएम उपलब्ध कराया है। 6 अगस्त को बैंक के अधिकारियों ने राजकीय कन्या इंटर विद्यालय और अभ्यास मध्य विद्यालय को वाटर एटीएम प्रदान किया है । दोनों विद्यालय के प्रधानाचार्य को वाटर एटीएम सौंपी गई है तथा कहा गया कि बैंक हमेशा से सामाजिक सरोकार के कार्यों में भाग लेती है। इसी के तहत छात्र-छात्राओं को परेशानी ना हो, इसके लिए वाटर एटीएम उपलब्ध कराया गया है जिससे की शुद्ध और शीतल पेयजल हमेशा उपलब्ध होता रहेगा । बच्चों की शैक्षणिक एवं बुनियादी सुविधाओं के लिए सहायतार्थ




सामग्री का वितरण किया गया। इस पहल के अंतर्गत वाटर एटीएम विद्यालयों को प्रदान की गई। इस अवसर पर ऋऋऋ बैंक, बिहार शरीफ शाखा के शाखा प्रमुख अभिषेक कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही नवादा शाखा के शाखा प्रमुख अजय कुमार, अभिजीत, संजीव कुमार, रामा शंकर, चंदन, मुकेश, धर्मेंन्द्र सहित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में शामिल हुए। विद्यालय परिवार की ओर से इस पहल की सराहना की गई और भविष्य में भी आईडीबीआई बैंक से ऐसे सहयोग की अपेक्षा जताई गई।

# पर्यवेक्षक व बीएलओ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** इंटर विद्यालय नारदीगंज में बुधवार को पर्यवेक्षक व बीएलओ की बैठक हुई। अध्यक्षता बीडीओ सोनिया ढनढननिया ने की। मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित हो गया है। वर्ष 2003 का मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में है। उसमें उनके माता-पिता या किसी सदस्य का नाम अंकित है। उन्हें चिन्हित करना है,और आनलाइन करें। दो तीन दिन के अंदर 50 प्रतिशत पूरा करना है। आठ व नौ अगस्त को दो दिवसीय शिविर आयोजित करें, और जनप्रतिनिधियों व मतदान स्तरीय अभिकर्ता की बैठक कर दावा आपत्ति लीजिए। मतदाता सूची में नाम,जोड़ने व हटाने के लिए उनसे दावा आपत्ति का लें। यह बैठक



(शिविर) सार्वजनिक स्थल, मतदान केंद्र पर करें, जहां आसानी से आधिक से अधिक लोग पहुंचे। वही प्रखंड के उजला भवन में आगामी एक सितंबर तक दावा आपत्ति का कार्य किया जाएगा। वैसे अभी तक यहां एक भी दावा आपत्ति किसी भी मतदाता दर्ज नहीं कराया है। मौके पर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राम सागर पाल, पर्यवेक्षक जितेंद्र कुमार, रवि कुमार, दीपक कुमार, अमरेन्द्र कुमार, अशोक कुमार, विद्या नंद कुमार समेत अन्य रहे।

# मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने को लेकर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना जरूरी : सुबोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मंडल नवादा के बैनर तक राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत 2 अगस्त से शुरू हुए प्राकृतिक खेती विषय पर चयनित कृषि सखियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बुधवार को किया गया। समापन के बाद सभी प्रतिभागियों के बीच प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपनिदेशक रसायन बिहार पटना सह-नोडल पदाधिकारी सुबोध कुमार मौजूद रहे। प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उर्वरक पर निर्भरता कम करने व हर भारतीय की थाली में स्वच्छ




अनाज उपलब्ध कराने में प्राकृतिक खेती बहुत ही उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में हमारी मिट्टी की उर्वरा शक्ति दिन प्रतिदिन कम हो जा रही है,जिसके कारण मिट्टी की स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए प्राकृतिक खेती अपनाना आवश्यक हो गया है। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह- प्रधान डॉ0 जयवंत कुमार सिंह,कोर्स कॉर्डिनेटर अंगद कुमार, विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ0 शशांक शेखर सिंह, जिला कृषि कार्यालय नवादा से कृषि समन्वयक दया निधि प्रेम सागर, फार्म प्रबंधक सुमिताप रंजन, अनिल कुमार, पिंटू पासवान, श्रवण रविदास के साथ नवादा जिला के विभिन्न दस प्रखंडों से आए हुए कृषि सखियां शामिल हुए।

# हर घर तिरंगा अभियान की सफलता को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को पार्टी के जिला कार्यालय में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सह कोषाध्यक्ष नितिन अभिषेक एवं जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। मंच का संचालन जिला महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्वलन के साथ की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सह कोषाध्यक्ष नितिन अभिषेक ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत होकर जन-जागरूकता के लिए विभिन्न आयोजन करता है। हर घर तिरंगा अभियान उसी का एक सशक्त उदाहरण है। इस अभियान के माध्यम से जनता को 'ऑपरेशन सिंदूर' की जानकारी देना है, जिसमें भारत ने अपने नागरिकों को संकट से सुरक्षित निकालकर राष्ट्रीय स्वाभिमान को और भी मजबूत किया।

जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पार्टी द्वारा 10 से 14 अगस्त तक सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही 12 से 14 अगस्त तक शहीद स्मारकों व महापुरुषों की प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। वहीं, 13 से 15 अगस्त तक कार्यकर्ताओं द्वारा घरों व प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने का आग्रह किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि यह अभियान केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम की अभिव्यक्ति है। 14 अगस्त को पार्टी 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' भी मनाएगी, ताकि देश की युवा पीढ़ी को इतिहास की सच्चाइयों से अवगत कराया जा सके। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को भारतीय सेना के अदम्य साहस और पराक्रम की जानकारी जन-जन तक पहुंचानी चाहिए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक कन्हैया रजवार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रमोद चून्नू, प्रिय रंजन श्रीनिवास, जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता, उपाध्यक्ष विनोद भोली, तेजस सिन्हा, प्रमोद चंद्रवंशी, मुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह 'विशु', जिला मंत्री निशा राजवंशी, नवादा विधानसभा प्रभारी अभिजीत कुमार सिन्हा, मीडिया प्रभारी मनीष सिन्हा, विकास सोलंकी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजित शंकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी वर्णनवाल, मंडल अध्यक्ष गरीवन महतो, विवेकानंद कुमार, शिवरानी केशरी, सूरज पासवान, अशोक सिंह, राहुल सिन्हा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वैश्वीकरण के दौर में अंग्रेजी भाषा में दक्षता बहुत जरूरी : डॉ अनुज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा और साहित्य के प्रति रुचि जगाने एवं उनके रचनात्मक लेखन एवं भाषा कौशल के विकास हेतु मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल, नारदीगंज में अंग्रेजी बाल कवि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई जिसके प्रथम चरण में प्रतिभागी विद्यार्थियों को दिए गए शीर्षकों में से किसी एक पर तय समय सीमा के भीतर अपने शब्दों में एक कविता की रचना करनी थी। प्रतियोगिता में वर्ग छह से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रथम चरण में सफल हुए विद्यार्थियों ने फिर दूसरे चरण में अपनी स्वरचित कविताओं का बेहतरीन अंदाज में पाठ किया जिसके पश्चात उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में ग्रूप ए से वर्ग नवम के हार्दिक नयन ने प्रथम, वर्ग दशम के शिवम कुमार ने द्वितीय तथा वर्ग नवम के अविनाश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रूप बी से वर्ग सातवीं की संध्या ने प्रथम, वर्ग छह के सूरज कुमार ने द्वितीय तथा वर्ग छह की ही जाह्नवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त वर्ग दशम के रजनीश कुमार, आयुष कुमार एवं शुभम कुमार, वर्ग नवम की खुशी राज, अल्तमस एवं हर्ष नंदन, वर्ग अष्टम की सुहानी, समय राज एवं शुभम कुमार एवं वर्ग सप्तम के अमन कुमार की रचनाओं को भी निर्णायक मंडल की सराहना मिली। विजेताओं को आगामी 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मॉडर्न शैक्षणिक समूह के चेयरमैन एवं शिक्षाविद डॉ अनुज कुमार ने कहा कि हमलोग वैश्वीकरण के दौर में जी रहे हैं जहां विद्यार्थियों की प्रगति एवं व्यक्तित्व के विकास के लिए अंग्रेजी भाषा का ज्ञान बेहद आवश्यक है। अंग्रेजी विश्व के सर्वाधिक बोली जानी वाली एवं लोकप्रिय भाषाओं में से एक है इसलिए विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के व्याकरण और साहित्य का विशेष अध्ययन करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह विद्यार्थियों ने कविताओं की रचना की एवं प्रस्तुत किया वह सराहनीय है एवं इसमें अंग्रेज़ी भाषा के शिक्षकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/564, दिनांक 04.08.2025;** सीनि. डीएसटीई, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/सिग/टी/14/25-26/आरआरएसके; कार्य का नाम साथ में उसका स्थानः** सियालदह मंडल के तहत एसएसबीपीएसी (डी) के साथ टीएलबीआई का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्यः** रु. 1,91,57,585.06; **जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षाः** रु. 2,45,800; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **कार्य समापन अवधिः** 09 महीने। **निविदा जमा शुरू होने की तारीखः** 19.08.2025; **निविदा जमा करने की अंतिम तारीखः** 02.09.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीखः** 02.09.2025 को अपराह्न 2.30 बजे। विस्तृत विवरणः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **पात्रता के तकनीकी मानदंडः** निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिएः (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। **पात्रता के वित्तीय मानदंडः** निविदादाता द्वारा वी/एन अथवा 'वी' जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां वी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में "कुल अनुबंधकीय भुगतान" के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलनग्क-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। **जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेजः** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। **समतुल्य प्रकृति का कार्यः** इस निविदा कार्य के लिए डाटा लॉगर अथवा आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना अथवा ईआई अथवा आरआरआई अथवा पीआई अथवा आईबीएस अथवा आईबीएच अथवा एलसी गेट इंटरलॉकिंग अथवा यार्ड मॉडिफिकेशन अथवा यूएफएसबीआई अथवा ट्रैक सर्किट (एएफटीसी अथवा डीसी टीसी) अथवा एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी अथवा एमएसडीएसी अथवा एचए-एसएसडीएसी) अथवा स्वचालित सिग्नलिंग सम्मिलित कोई भी सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य को समतुल्य प्रकृति का कार्य माना जाएगा। **टिप्पणीः** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए।

(SDAH-153/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बच्चों को दी गई स्वच्छता की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं मध्य विद्यालय धेवधा में मंगलवार को उत्थान शिक्षा समिति की टीम ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत बच्चों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। प्रोजेक्ट समन्वयक संदीप कुमार पांडेय ने बताया कि उत्थान शिक्षा समिति को एसबीआई फाउंडेशन मुंबई द्वारा सीएसआर अंतर्गत बिहार राज्य के नवादा जिला पकरीबरावां प्रखण्ड के कुल 20 गांवों में संजीवनी क्लीनिक ऑन व्हील परियोजना का क्रियान्वयन के लिए चयन किया गया है। इसी के तहत यह कार्यक्रम कराया जा रहा



है। डॉ. गौरव कुमार ने बच्चों को हाथ धुलाई के तरीके बताए एवं बच्चों का हाथ धुलाई कराया गया। इस बीच बच्चों एवं शिक्षकों का स्वास्थ्य जांच भी किया गया। इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन शुभम कुमार, एएनएम संध्या कुमारी, एमएमयूओडी रोहित कुमार, विद्यालय के शिक्षक संजीत कुमार, ज्ञान भारती सहित अन्य उपस्थित थे।

# 43 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 5 अगस्त 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, एनडीपीएस एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में तीन, मद्य निषेध में सात एवं अन्य गिरफ्तारी 32 कुल 43 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अंतर्गत 56.4 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। वाहन जॉच के क्रम में कुल 325 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 79 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत एक मोटरसाईकिल, एक अपहृता बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह



के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

# छात्राओं को लगाई गई एचपीवी वैक्सीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** बिहार सरकार द्वारा बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे विशेष टीकाकरण अभियान के तहत पकरीबरावां प्रखंड में भी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन लगाने का कार्य तेजी से जारी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में जाकर 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं को यह टीका लगाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को पकरीबरावां प्रखंड मुख्यालय स्थित रामधन मुल्कों प्रोजेक्ट गर्ल्स इंटर स्कूल में विशेष टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय में अध्ययनरत 9 से 14 वर्ष की आयु वर्ग की कुल 29 छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन दी गई। टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वैक्सीन से संबंधित विस्तृत जानकारी छात्राओं को दी और उन्हें जागरूक भी किया।

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं. : एफ-वैगन्स-स्क्रैप क्लीनिंग25आर, दिनांक 02.08.2025; उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (वैगन)/जमालपुर वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जिला-मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नामः** जमालपुर वर्कशॉप में कार्य की अनुसूची के अनुसार वर्कशॉप परिसर के भीतर वैगन मरम्मत शॉपों में उत्पन्न होने वाली रद्दियों की यांत्रिक सफाई, लोडिंग एवं अनलोडिंग। **कार्य का स्थानः** लोकोमोटिव वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जमालपुर। **मात्राः** 28388 एमटी। **निविदा मूल्यः** रु. 1,34,99,629.52; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0.00। **प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन। **बोली शुरू होने की तारीखः** 11.08.2025; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 25.08.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **समापन अवधिः** 24 महीने। **विवरण जहां उपलब्ध हैः** **www.ireps.gov.in**

(MISC-157/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विश्व स्तनपान दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय केशऔरी में बुधवार को उत्थान शिक्षा समिति की टीम ने विश्व स्तनपान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रोजेक्ट समन्वयक संदीप कुमार पांडेय ने बताया कि उत्थान शिक्षा समिति को एसबीआई फाउंडेशन मुंबई द्वारा सीएसआर अंतर्गत बिहार राज्य के नवादा जिला पकरीबरावां प्रखण्ड के कुल 20 गांवों में संजीवनी क्लीनिक ऑन व्हील परियोजना का क्रियान्वयन के लिए चयन कया है। इसी के तहत यह कार्यक्रम कराया जा रहा है। कार्यक्रम समन्वयक संदीप कुमार पांडेय एवं डॉ. गौरव कुमार ने विश्व स्तनपान दिवस जागरुकता शिविर में स्तानपन का महत्व बताते हुए कहा कि यह शारीरिक और मानसिक विकास में मदद करता है। यह शिशुओं के लिए आवश्यक पोषक तत्वों का स्रोत है। शिशुओं की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है। इस अवसर पर लैब टेक्नीशियन शुभम कुमार, एएनएम संध्या कुमारी, एमएमयूओडी रोहित कुमार, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पर्मिला कुमारी विश्वकर्मा, शिक्षिका पूजा पांडेय, सविता कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका मीनाक्षी कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# गांव-गांव तक जनसुराज की दस्तक, सिकंदरपुर में जनसभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर के नेतृत्व में जनसुराज अभियान की पकड़ अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेज़ी से बढ़ रही है। जनसंपर्क के बाद अब यह अभियान पंचायत स्तर पर जनसभाओं के माध्यम से वैकल्पिक राजनीति की अवधारणा को मजबूत करने में जुट गया है। इसी कड़ी में बुधवार को नवादा विधानसभा क्षेत्र के झुनाठी पंचायत अंतर्गत सिकंदरपुर गांव में जनसभा का आयोजन किया गया, जिसकी अगुवाई संभावित प्रत्याशी सरला कर्ण ने की। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इस 'बिहार बदलाव' जनसभा में जनसुराज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मीना सिंह, मुख्य प्रवक्ता गुलाम मुस्तफा उर्फ महताब आलम, सतीश कर्ण, जिला महासचिव उमेश चंद्रवंशी, अनुमंडल महिला अध्यक्ष स्वीटी सिन्हा, अनिता देवी एवं सामाजिक कार्यकर्ता व कलाकार कल्याण सिन्हा ने भाग लिया। वक्ताओं ने इसे समावेशी और जनकेन्द्रित राजनीति की दिशा में एक सार्थक पहल बताया। सभा को संबोधित करते हुए सरला कर्ण उर्फ सरला दीदी ने कहा कि जनसुराज पार्टी प्रदेश के बच्चों और युवाओं के भविष्य को लेकर पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्थानीय स्तर पर रोजगार की व्यवस्था की जाएगी, ताकि राज्य से पलायन की पीड़ा समाप्त हो।

**बिहार सरकार**

**कार्यालय नगर परिषद, दाउदनगर (औरंगाबाद)**
nagarparishad.daudnagar@gmail.com

**भाड़े पर वाहन रखने हेतु अति–अल्पकालीन कोटेषन आमंत्रण सूचना सं0–10/2025–26**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण वाहन मालिक को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् दाउदनगर क्षेत्रान्तर्गत अन्तर्गत माननीया मुख्य पार्षद / उपमुख्य पार्षद को नगर परिषद् दाउदनगर के क्षेत्र भ्रमण हेतु (योजनाओं के अनुश्रवण एवं परीक्षण) कार्यों हेतु 02 अदद् ए0सी0 / नन ए0सी0 वाहन यथा स्कॉर्पियो / बलोरो के लिए निम्नांकित शर्तों के अधीन इच्छुक वाहन मालिक / फार्म से मुहर बंद दर कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

1. कोटेशन आमंत्रित सूचना निर्गत करने की तिथि :– दिनांक–05.08.2025
2. कोटेशन जमा करने की तिथि :– दिनांक–28.08.2025 3:00 बजे अपराह्न तक।
3. कोटेशन जमा करने का स्थान :– कार्यालय नगर परिषद् दाउदनगर।
4. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक–28.08.2025 को अपराह्न 3:30 बजे।
5. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यालय नगर परिषद् दाउदनगर।

विस्तृत जानकारी वेबसाइट state.bihar.gov.in/prdbihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR- 010716 ( B & C ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

**कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् दाउदनगर।**

# मगध विश्वविद्यालय के पांच घटक महाविद्यालयों में स्थायी प्राचार्य नियुक्त

## शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था को मिलेगी नई दिशा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया ने शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपने पांच प्रमुख घटक महाविद्यालयों में स्थायी प्राचार्यों की नियुक्ति की है। यह नियुक्तियां बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की अनुशंसा पर राज्यपाल सचिवालय, शिक्षा विभाग तथा विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 के प्रावधानों के अंतर्गत पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई हैं। इस प्रक्रिया के तहत डॉ. योगेन्द्र कुमार को एसएन सिन्हा कॉलेज, टेकारी, डॉ. नाजिर अख्तर को अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, गया, डॉ. रामचन्द्र प्रसाद सिंह को एसएमएसजी कॉलेज, शेरघाटी तथा डॉ. सीमा पटेल को गौतम बुद्ध महाविद्यालय, गया में स्थायी प्राचार्य नियुक्त किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन सभी नव नियुक्त प्राचार्यों को अधिसूचना की तिथि से पंद्रह दिनों के भीतर अपने-अपने महाविद्यालयों में योगदान देने का निर्देश दिया है। कुलपति प्रो. शाही ने इन नियुक्तियों को शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में एक निर्णायक पहल बताया। उन्होंने कहा कि योग्य, अनुभवी और समर्पित प्राचार्यों की बहाली से न केवल विश्वविद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था सशक्त होगी, बल्कि महाविद्यालयों में नेतृत्व, अनुशासन और अकादमिक गुणवत्ता को भी नई ऊंचाइयां मिलेंगी। इस नियुक्ति प्रक्रिया की निगरानी राज्यपाल द्वारा नामित सदस्य रिमझिम शील ने की जिन्होंने प्रत्येक स्तर पर प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए मार्गदर्शन भी प्रदान किया। स्थानीय विधायक कुमार सर्वजीत की भी इस अवसर पर उपस्थिति रही जिन्होंने विश्वविद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए इसे उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊर्जा और विश्वास का संचारक बताया। मगध विश्वविद्यालय की इस पहल से लंबे समय से लंबित मांग पूरी हुई है और इससे न केवल इन महाविद्यालयों में स्थायित्व और कुशल संचालन सुनिश्चित होगा, बल्कि पूरे मगध क्षेत्र में उच्च शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच एक नया भरोसा कायम होगा। यह कदम निश्चित रूप से विश्वविद्यालय को एक उत्तरदायी, सक्षम और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संस्थान के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने किया पितृपक्ष मेला क्षेत्र का निरीक्षण

## पितृपक्ष मेला 2025 की तैयारी को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने आगामी पितृपक्ष मेला की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त, सिटी मैनेजर, कार्यपालक अभियंता, डीएसपी और नगर निगम के अन्य पदाधिकारियों के साथ मेला क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पितामहेश्वर, गोदावरी, रुक्मणि तालाब, केंन्दुई सूर्यमंदिर, सीताकुंड, वैतरणी, ब्रह्मसरोवर और देव घाट का दौरा कर वहां की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। प्रेम कुमार ने घाटों, मंदिर परिसरों और पार्किंग स्थलों की साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, वाल पेंटिंग, बैरिकेडिंग, घाटों की मरम्मत और सौंदर्यीकरण जैसे जरूरी बिंदुओं की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र को प्रतिदिन स्वच्छ रखा जाए तथा सभी जरूरी सुविधाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रात्रिकालीन समय में पर्याप्त स्ट्रीट लाइट और निर्बाध विद्युत आपूर्ति अनिवार्य है। पार्किंग व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाया जाए ताकि भीड़ के समय यातायात प्रभावित न हो। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा जाए और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल व स्वयंसेवकों की तैनाती हो। घाटों की मरम्मत और सौंदर्यीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण कर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक माहौल बनाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सूचना पट्टों और वाल पेंटिंग के माध्यम से धार्मिक स्थलों के महत्व और मेला की जानकारी श्रद्धालुओं तक पहुंचाई जाए। प्रेम कुमार ने कहा कि पितृपक्ष मेला में हर वर्ष देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु गयाजी पधारते हैं। पिछले वर्ष लगभग 20 लाख पिंडदानी आए थे और इस बार भी अनुमान है कि यह संख्या और अधिक होगी। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ कार्य करने की अपील की ताकि मेला क्षेत्र स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित रहे। उन्होंने कहा कि गया की धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण पहचान है, ऐसे में पितृपक्ष मेला का आयोजन भव्य और अनुशासित हो, यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रेम कुमार ने नगर आयुक्त और नगर निगम के कर्मियों के पिछले वर्ष के अच्छे कार्यों की सराहना करते हुए इस बार भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। प्रेम कुमार ने आश्वासन दिया कि इस वर्ष का पितृपक्ष मेला और भी अधिक सुव्यवस्थित, स्वच्छ और श्रद्धालुओं के अनुकूल होगा। उन्होंने आम नागरिकों और स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों से भी अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें और इस पवित्र आयोजन को सफल बनाने में भागीदार बनें। निरीक्षण के दौरान प्रेम कुमार के साथ भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक प्रेम सागर, क्षेत्रीय प्रभारी अमित लोहानी, मंडल अध्यक्ष धनंजय धीरू, मुन्ना पांडे, कमल बारीक और गौतम कुमार भी मौजूद रहे।

## पूजा कुमारी को मिलेगा राष्ट्रीय मंच पर सम्मान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के गरारी पंचायत की मुखिया पूजा कुमारी को स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 में भारत सरकार द्वारा विशेष अतिथि के रूप में शामिल किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें पंचायत क्षेत्र में किए गए महिला सशक्तीकरण व विकासात्मक कार्यों के लिए दिया जा रहा है। पूजा कुमारी ने खुशी जाहिर करते हुए बुधवार को 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि अगर सभी लोग साथ दें और सहयोग करें तो बदलाव लाना संभव है। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत में महिला मॉडल टीम का गठन कर उन्हें रोजगार से जोड़ा।

# अवसंरचना और अकादमिक संस्कृति के सशक्त होने से होगी प्रगति : शशि प्रताप शाही

## कुलपति ने किया मगध विश्वविद्यालय में नवीकृत हिंदी भवन का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के नवीनीकृत हिंदी भवन का उद्घाटन बुधवार को हिंदी विभाग के नागार्जुन सभागार में सांस्कृतिक समारोह के साथ संपन्न हुआ। कुलपति शशि प्रताप शाही ने फीता काटकर, शिलापट्ट का अनावरण कर और विधिपूर्वक पूजा अर्चना के साथ भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कुलसचिव विनोद कुमार मंगलम और पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के गंगा देवी कॉलेज की प्राचार्य एवं विज्ञान संकायाध्यक्ष रिमझिम शील विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। हिंदी विभागाध्यक्ष ब्रजेश कुमार राय ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र, रामलला की प्रतिमा और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। उन्होंने अपने स्वागत वक्तव्य में मूल भवन के 1994 में तत्कालीन राज्यपाल ए. आर. किदवई द्वारा उद्घाटन से लेकर वर्तमान नवीनीकरण की यात्रा का उल्लेख करते हुए कुलपति के सहयोग को निर्णायक बताया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि आगामी हिंदी दिवस के अवसर पर प्रेमचंद की प्रतिमा का अनावरण कुलपति के मार्गदर्शन में किया जाएगा। कुलपति शशि प्रताप शाही ने अपने वक्तव्य में कहा कि हिंदी विभाग की यह भव्यता प्रेरणादायक है और यह अवसंरचना बिहार के राज्य विश्वविद्यालयों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा, कोई भी संस्थान तभी प्रगति करता है जब वहां की अवसंरचना और अकादमिक संस्कृति साथ-साथ सशक्त हो। हिंदी भवन ने प्रस्तावित नैक मूल्यांकन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने समारोह में संगीत कलाकारों शालिनी, चांदनी और सुनील के साथ-साथ हिंदी विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी रोहित यादव को सम्मानित किया और 11 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की। साथ ही 17 अगस्त को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह के अवसर पर राज्यपाल द्वारा हिंदी विभाग को पुरस्कृत कराए जाने की घोषणा भी की। कुलसचिव विनोद कुमार मंगलम ने संक्षिप्त वक्तव्य में हिंदी पर मधुर गीत प्रस्तुत करते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और विभागाध्यक्ष की प्रशंसा की। रिमझिम शील ने हिंदी विभाग के सकारात्मक परिवेश और प्रेरक वातावरण की सराहना की और विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन परम प्रकाश राय ने किया और धन्यवाद ज्ञापन आनंद कुमार सिंह ने। इस अवसर पर सेवानिवृत्त आचार्य और पूर्व विभागाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, सुनील सिंह, अंग्रेजी की पूर्व विभागाध्यक्ष निभा सिंह, कुलानुशासक उपेन्द्र कुमार, वित्तीय परामर्शी अरुण प्रसाद श्रीवास्तव, इतिहास के पूर्व विभागाध्यक्ष नृपेंद्र श्रीवास्तव, महाविद्यालय निरीक्षक दीपक कुमार, आईक्यूएसी समन्वयक मुकेश कुमार, इतिहास विभाग से पीयूष कमल सिन्हा, प्रबंधन विभाग से गोपाल सिंह, वनस्पतिशास्त्र विभाग से अमित सिंह, रसायन विज्ञान विभाग से अतुल कुमार श्रीवास्तव, संस्कृत विभाग से ममता मेहरा और एकता वर्मा, दर्शनशास्त्र विभाग से प्रियंका तिवारी, श्रम एवं समाज कल्याण विभाग से राजेश कुमार और वंदना, उर्दू विभाग से जियाउल्लाह अनवर समेत अनेक शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी और कर्मचारी नागार्जुन सभागार में उपस्थित थे।

# नगर आयुक्त ने स्टार्ट-अप के 5 चयनित उद्यमियों को चार-चार लाख का डमी चेक प्रदान किया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** बिहार आईडिया फेस्टिवल का आयोजन हरिदास सेमिनरी गया जी के सभागार में बुधवार को सम्पन्न हुआ। यह आयोजन उद्योग विभाग, बिहार सरकार के द्वारा स्र्टाट-अप नीति के तहत प्रमंडलीय स्तर पर आयोजित की गयी है। इस आयोजन का उदेश्य पूरे बिहार से 10,000 नये आइडिया को बिार टूट-अप नीति 2022 के तहत सभी सुविधा एवं वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें आगे बढाना है। इस अवसर पर नगर आयुक्त कुमार अनुराग, जिला उद्योग केन्द्र, गया के महाप्रबंधक बन्दना, परियोजना प्रबंधक कन्हैया लाल गुप्ता एवं राम कुमार सिंह तथा स्र्टाट-अप सेल के कोर्डिनेटर सुशान्त कुमार शामिल थे। इस अवसर पर नगर आयुक्त कुमार अनुराग द्वारा सभा को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि टूट-अप समय की मांग है अब युवाओं को लोगों के जरूरत को देखते हुए उत्पादन तथा सेवा के क्षेत्र में नये आइडिया को अपना कर उन्हें तकनीकी से जोड़ कर लोगों के बीच लाने की जरूरत है। महाप्रबंधक सुश्री बन्दना के द्वारा स्टार्ट-अप नीति 2022 के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर स्टार्ट-अप कोडिनेटर सुशान्त कुमार के द्वारा गया में स्र्टाट-अप के द्वारा तैयार इकाई के बारे में तथा नये आवेदकों को इसमें शामिल होने के बारे एवं इस योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर स्टार्ट-अप के 5 चयनित उद्यमियों को 4-4 लाख का डमी चेक नगर आयुक्त द्वारा प्रदान की गयी। इस अवसर पर हरिदास आर्ट गैलरी में स्टार्ट-अप नीति के तहत 20 उत्पाद का प्रर्दशन स्टॉल लगा कर किया गया जिसे दर्शाकों द्वारा काफी सराहना की गयी है। अन्त में इस समारोह का समापन जिला उद्योग केन्द्र, गया के परियोजन प्रबन्धक कन्हैया लाल गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर किया गया।


**Govt. of Bihar**

**URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT**
**OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER,**
**NAGAR PANCHAYAT NAVINAGAR (AURANGABAD)**
**SHORT NOTICE INVITING R-Tender NIT NO : 06/2025-26**

The Executive Office, **Nagar Panchayat Navinagar**, Bihar invites online tender in two Bid System (Technical & Financial) on Engineering, procurement and construction (EPC) more basis from eligible firms/contractors of repute for the following work:

| Name of the Work: | Design, build, construct, install and commissioning of Material Recovery Facility (MRF) of 05TPD for Dry Waste along with operation and maintenance of the plant for five years on EPC mode of Nagar Panchayat Navinagar |
|---|---|
| Estimated Project Cost (in Rs.): | 12839444.00 |
| Bid Security/EMD (2%): | 256800.00 |
| Performance Security (5%) | 642000.00 |
| Cost of Bid Document: | 10000.00 |
| Plan Capacity (in TPD): | 05 TPD |
| Name of Publisher & Officer/Address: | Executive Officer, Nagar Panchayat Navinagar |
| Tender Invitation Issue Date: | 05.08.2025 |
| Bid Submission Start Date: | 12.08.2025 Time 1:00 PM |
| Pre-Bid Meeting Date, Time & Place: | 11.08.2025, 11:00 AM to 12:00 PM at Office of Executive Officer Nagar Panchayat Navinagar |
| Bid Submission Due Date & Time: | 21.08.2025 till 03:00 PM. |
| Physical document submission end date, time & place: | 22.08.2025 till 03:30 PM, at Office of Executive Officer Nagar Panchayat Navinagar |
| Bid open date and time of online opening of documents (Mandatory Documents Technical): | 22.08.2025 till 04:00 PM |
| Financial Bid opening date: | After the evaluation of Technical Bid. |
| Periods of Bid Validity: | 180 Days. |

- The bid forms and other details can be seen and downloaded from the website portal **https://www.eproc2.bihar.gov.in**
- Document fee is mandatory to be paid through online mode i.e, internet payment gateway (credit/debit card), net banking, NEFT, RTGS in favor of Executive officer, Nagar Panchayat Navinagar
- The RFP may be postponed, modified or cancelled at any time due to administrative reasons and no claim shall be entertained on this account.

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

**Executive Officer**
**Nagar Panchayat Navinagar**

**PR. No. 010802 (B&C) 25-26**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।


# एक नजर

## आज एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले में नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है।श्रम संसाधन विभाग केंदुई अवर प्रादेशिक नियोजनालय की ओर से 7 अगस्त को टेकारी ब्लॉक कैंपस में एक दिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन होगा। चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में स्वतंत्र फील्ड ऑफिसर के 30 पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को गयाजी और जहानाबाद जिले में काम करने का अवसर मिलेगा। 12,500 रुपए प्रति महीने तक सैलरी दी जाएगी। इसके अलावा टीए, पीएफ, मेडिकल सुविधा और इंसेंटिव भी मिलेगा। रोजगार शिविर में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों की उम्र 18 से 30 साल के बीच होनी चाहिए। शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक या इंटर पास होना अनिवार्य है। शिविर में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को अपना बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आना होगा। शिविर का समय सुबह 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक रहेगा।चयन प्रक्रिया बिल्कुल निशुल्क है।

## गांव से किशोरी लापता, शिकायत करने पर पीड़ित परिवार से मारपीट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के श्रीगांव पंचायत के एक गांव से एक किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों द्वारा जब इस संबंध में पूछताछ की गई और शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया गया तो गांव के ही कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट कर दी। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज बुधवार को कराई जिसके आधार पर पुलिस ने गांव के ही 10 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। परिजनों का आरोप है कि किशोरी पिछले कुछ दिनों से लापता है और उन्हें आशंका है कि उसे बहला-फुसलाकर ले जाया गया है जब उन्होंने गांव में ही कुछ लोगों से इस बारे में जानकारी मांगी तो बात बिगड़ गई और उन पर हमला कर दिया गया।

## बाइक-ऑटो की टक्कर में तीन शिक्षिका समेत ग्यारह घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** बुधवार को टिकारी कुर्था मुख्य मार्ग के चिरैली मोड़ के पास होटल रिलैक्स इन के समीप दो बाइक व दो ऑटो की टक्कर में तीन महिला शिक्षिका समेत ग्यारह लोग घायल हो गये। घटना बुधवार की सुबह घटित हुई। तेज गति की बाइक की टक्कर से ऑटो अनियंत्रित होकर आगे जा रही बाइक व ऑटो में टक्कर मार दी। घटना के बाद घटनास्थल पर घायलों की चीख पुकार मच गई। स्थानीय ग्रामीणों व डायल 112 टीम की मदद से सभी घायलों को अनुमण्डलीय अस्पताल पहुंचाया गया जहां सभी का इलाज किया गया। घायलों में शामिल छः लोगों को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल गया जी रेफर कर दिया गया। घायलों में ऑटो सवार तीन शिक्षिका मधु कुमारी, नौरीन सबा व ममता कुमारी शामिल थी।

## प्रेम विवाह के एक साल बाद युवक ने की पत्नी की हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी थाना क्षेत्र के सिंगापुर गांव में प्रेम विवाह के एक साल बाद युवक द्वारा पत्नी की हत्या कर शव जला दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर टिकारी थाना में विवाहिता के परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। समस्तीपुर जिला के शाहपुर पटोरी थाना क्षेत्र के जौनापुर गांव के रहने वाले विवाहिता के पिता पप्पू महतो ने शिकायत दर्ज कराई है। पप्पू महतो द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी पुत्री निशा कुमारी का प्रेम प्रसंग टिकारी थाना क्षेत्र के सिंघापुर ग्राम निवासी स्व. अवधेश पासवान के पुत्र रवि कुमार पासवान से हुआ था जिसके उपरान्त निशा व रवि का विवाह परिवार की सहमति से वर्ष 2024 के मई माह में हुआ था।

# दावा-आपत्ति एक सितंबर तक प्राप्त की जाएंगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के क्रम में 1 अगस्त को निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशन के उपरांत 1अगस्त (शुक्रवार) से इस पर दावा/आपत्ति प्राप्त किये जा रहे है, जो 01 सितंबर तक प्राप्त किये जायेंगे। दावा/आपत्ति दाखिल करने हेतु आम नागरिकों को विशेष सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्धारित अवधि में मिशन मोड में दावा/आपत्तियों का निष्पादन हेतु इस निमित्त पूर्व से संचालित व्यवस्था के अतिरिक्त विशेष कैम्प जिलान्तर्गत सभी प्रखंड एवं नगर निकाय कार्यालयों में स्थापित किया गया है जो रविवार सहित पूर्वा0 10:00 बजे से अप0 05:00 बजे प्रत्येक दिन कार्यरत है। आम मतदाता अपनी सुविधानुसार उक्त कार्यालयों में स्थापित विशेष कैम्प में अपना दावा/आपत्ति दाखिल करने के अतिरिक्त ऑनलाईन माध्यम से भी दावा/आपत्ति दाखिल कर सकते हैं। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1960 की धारा 24 के तहत अपील का प्रावधान है, जो निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के निर्णय से व्यथित कोई व्यक्ति लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1960 की धारा 24 (क) सह पठित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 27 के तहत निर्धारित समय-सीमा के भीतर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष अपील कर सकता है। यदि अपीलकर्ता असंतुष्ट रहता है तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1960 की धारा 24 (क) सह पठित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 27 के अनुसार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी के आदेश के 30 दिनों के अंदर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष दूसरी अपील की जा सकती है। गया जिला के आम नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील किया जाता है कि दावा/आपत्ति प्राप्त करने हेतु उपर्युक्त सुविधाओं का लाभ उठाते हुए निर्धारित अवधि में अपना दावा/आपत्ति अवश्य दाखिल करें एवं करायें।

## महिला शराब तस्करों का पुलिस पर हमला

**गयाजी।** जिले में बदमाशों ने पुलिस की टीम पर हमला किया। पुलिस की टीम बदमाशों को पकड़ने के लिए गई थी। शराब को लेकर छापेमारी करने गई पुलिस की टीम पर 4 महिला तस्करों ने पत्थरों से अटैक किया। इस हमले में एसआई के सिर में चोट आई है जबकि 4 अन्य पुलिसकर्मी को हल्की चोट लगी है।

## गयाजी में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया जी।** जिले में ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ जिला युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इन्होंने टावर चौक पर शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगे रखी। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विशाल कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर विशाल कुमार सिन्हा ने कहा कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। आए दिन सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है, लेकिन इस परेशानी का समाधान नहीं किया जा रहा है। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। आए दिन ट्रैफिक पुलिस की ओर से लाखों-लाख रुपए का चालान काटा जाता है। वसूली की जा रही है, लेकिन ट्रैफिक समस्या से निजात नहीं दिलाया जा रहा है।

# एनडीए का संकल्प 2025 फिर से नीतीश : चंदन सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जदयू वजीरगंज विधानसभा अंतर्गत बीएलए टु एवं बूथ अध्यक्षों और पंचायत अध्यक्ष का बैठक वजीरगंज प्रखंड अध्यक्ष महेश प्रसाद के अध्यक्षता में मानपुर के निजी होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम प्रभारी सह किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार और प्रदेश मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए चंदन कुमार सिंह ने कहा कि आज का बैठक मुख्य रूप से पार्टी के द्वारा बनाए गए बूथ लेवल एजेंट को यह बताना है कि बिहार में वोटर लिस्ट का गहन जांच चल रहा है, इसी के तहत सभी बीएलए 2 निर्देश दिया गया कि हर बूथ पर जिनके पास 11 पेपर उपलब्ध है उनका नाम न कटे और गलत लोगों का नाम न जुटे। चंदन सिंह ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है तो एस ई आर को मुद्दा बना रहा है, एनडीए बिहार में 225 सीट और गया की 10 में दसों सीट जीतेगी और 2025 में फिर नीतीश कुमार सीएम बनेंगे। प्रभारी मनोज कुमार ने कहा आज ही सभी बीएलए 2 को बूथ का लिस्ट उपलब्ध करा दिया गया है सभी बूथ के सभी घरों में जाकर सुनिश्चित करें कि वैध लोगों का नाम न कटे। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि घर घर तक जाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को प्रचार प्रसार करना है। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि 2025 फिर से नीतीश और 225 के संकल्प के साथ काम करना है। अभी हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा 125 यूनिट बिजली फ्री देने और बिहार में डोमिसाइल लागू करने, पेंशन राशि 400 से बढ़ाकर 1100 राशि करने जैसे कई योजनाओं को प्रचार प्रसार करने का संकल्प लिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, विनोद कुमार, अरविंद सिंह, महिला अध्यक्ष ज्योति दांगी, धर्मेंद्र सिंह उर्फ डुल सिंह, धनंजय शर्मा, सीताराम सिंह, प्रकाश राम, बलिराम चौधरी, सुरेश राव, मधुसूदन राय, पुष्पेंदु पुष्प, अरविंद सिंह, रिंकू सिंह, कमलेश वर्मा, मुन्ना पटवा, बिना देवी, रेशमा खातून, आरिफ खान, यशोदा देवी, सहित जिला, प्रखंड और पंचायत के पदाधिकारी सहित बूथ अध्यक्ष एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि० कार्यालय**
**विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गढ़वा–1**
Email- eegarhwa@yahoo.inMobile No.:- 9431707405

**आम सूचना**

गढ़वा जिला अन्तर्गत शहरी क्षेत्र के तमाम विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में सरकार की RDSS योजना के तहत झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि० द्वारा चयनित एजेन्सी M/s Techno AMI Solution द्वारा मुफ्त में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। अतः सभी विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह है कि स्मार्ट मीटर लगाने में एजेन्सी के कर्मचारियों को सहयोग करें। बीते कुछ दिनों में स्मार्ट मीटर के साथ छेड़–छाड़ का मामला संज्ञान में आया है। आग्रह है कि मीटर एवम् मीटर से जुड़े हुए तार के साथ किसी प्रकार का छेड़–छाड़ नहीं किया जाय। साथ ही स्मार्ट मीटर लगाने में एजेन्सी द्वारा किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायत हो तो नीचे दिये पदाधिकारियों को WhatsApp Message/Call के माध्यम से अविलम्ब सूचित करें:–

| क्र०सं० | पदाधिकारी का नाम | दूरभाष सं० |
|---|---|---|
| 1 | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, गढ़वा–1 | 9431707405 |
| 2 | सहायक विद्युत अभियन्ता, गढ़वा–1 | 9431707414 |
| 3 | सहायक विद्युत अभियन्ता, गढ़वा–2 (रंका) | 7667150300 |
| 4 | कनीय विद्युत अभियन्ता, गढ़वा | 9431707413 |
| 5 | कनीय विद्युत अभियन्ता, रंका | 7631152525 |
| 6 | कनीय विद्युत अभियन्ता, मझिआंव | 8210769192 |
| 7 | ग्यानेन्द्र सिंह, स्मार्ट मीटर अभियन्ता | 7970990991 |
| 8 | सुरेश कुमार, स्मार्ट मीटर अभियन्ता | 9771841650 |

ह0/–
(महेश्वर कुमार)
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गढ़वा–1

PR 358909 Energy(25-26)#D

संपादकीय

# दिशोम गुरू का महाप्रयाण

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक, जुझारू आदिवासी नेता शिबू सोरेन, जिन्हें आदर से लोग दिशोम गुरू यानी मार्गदर्शक कहते थे, का जाना इस देश में स्वातंत्र्योत्तर काल में सफल आदिवासी आंदोलन के एक समूचे अध्याय का समापन होना है। हालांकि सत्ता में रहने के कारण? शिबू पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे और जेल में भी रहे, लेकिन झारखंड की आम जनता के बीच उनकी छवि हमेशा एक महानायक की रही। झारखंड के मुख्यमंत्री और शिबू के बेटे हेमंत सोरेन की यह मार्मिक टिप्पणी काफी कुछ कहती है कि आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सभी को छोड़कर चले गए हैं। आज मैं शून्य हो गया हूँ। शिबू सोरेन काफी समय से बीमार थे और दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। वहीं उन्होंने अंतिम सांस ली। झारखंड के आदिवासियों को एकजुट कर महाजनी प्रथा के खिलाफ लड़ाई को एक राजनीतिक सामाजिक न्याय के संघर्ष में बदलने में शिबू की निर्णायक भूमिका थी। उनका सारा जीवन आदिवासी समुदाय के हितों की रक्षा और संघर्ष में बीता। दरअसल शिबू झारखंड में आदिवासियों की पहचान बन गए थे। झामुमो को छोड़ दें तो देश में आदिवासियों की पार्टियां शायद ही सत्ता तक पहुंच पाई हैं। स्वयं शिबू में झारखंड के तीन बार मुख्यमंत्री और संसद के दोनों सदनों के सदस्य रहे। झारखंड के संथाल आदिवासी समुदाय में जन्मे शिबू सोरेन का बचपन संघर्ष से भरा था। उनका जन्म 1942 में पैतृक गांव रामगढ़ के नेमरा में हुआ था। आदिवासियों पर होने वाले अत्याचार और शोषण से आक्रोशित शिबू सोरेन ने पढ़ाई बीच में छोड़कर आदिवासियों को संगठित कर राज्य में महाजनी प्रथा के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंक दिया। 1973 में उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा का गठन किया, जिसका उद्देश्य बिहार के जंगल और आदिवासी इलाक़ों से अलग झारखंड राज्य बनाना था। इसके लिए उन्होंने कभी कांग्रेस तो कभी भाजपा के साथ समझौते किए। लगभग तीन दशकों के संघर्ष के बाद उनका उद्देश्य साल 2000 में हासिल हुआ था, जब अलग झारखंड राज्य बना। हालांकि पहले इसका नाम आरएसएस के सुझाव पर वनांचल रखा गया था, लेकिन बाद जनता की मांग पर झारखंड कर दिया गया। शिबू सोरेन ने अपने 6 दशक के राजनीतिक जीवन में कई उतार चढ़ाव देखे। 2019 में वो बीजेपी उम्मीदवार सुनील सोरेन के हाथों लोकसभा का चुनाव हार गए थे। राज्य से इतर केंद्र की यूपीए सरकार में भी उन्होंने बतौर मंत्री काम किया। हालांकि गिरते स्वास्थ्य के कारण उन्होंने सक्रिय राजनीति से दूरी बना ली थी और उनके उत्तराधिकारी के रूप में बेटे हेमंत सोरेन को पार्टी का सारा काम सौंप दिया था। शिबू सोरेन के निधन से समूचे झारखंड में शोक की लहर छा गई। लोग अपने प्रिय नेता के अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़े। इतिहास शिबू सोरेन को आदिवासियों के मुक्ति दाता भगवान बिरसा मुंडा की परंपरा के नेता के रूप में सदा याद रखेगा। बिरसा मुंडा अंग्रेजों के खिलाफ निर्णायक संघर्ष किया था, जबकि शिबू सोरेन ने आजादी के बाद आदिवासियों के हकों और शोषण के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ी। अपनी पार्टी को कई बार सत्ता तक पहुंचाया। उन्होंने आदिवासियों को इस बात का अहसास कराया कि लोकतंत्र में उनके समान अधिकार हैं और उन्हें अपनी मुक्ति की लड़ाई खुद लड़नी होगी। शिबू के इस आंदोलन से दूसरे राज्य के आदिवासियों ने भी काफी प्रेरणा ली, लेकिन झामुमो जैसी राजनीतिक सफलता कोई भी हासिल नहीं कर पाया है। मप्र में गोंडवाना पार्टी बनी, लेकिन वो टिक नहीं पाई। दरअसल आदिवासियों में राजनीतिक सामाजिक चेतना जगाना आसान नहीं है। लेकिन शिबू सोरेन ने वह कर दिखाया। उन्हें हार्दिक श्रद्धांजलि।

### 11 वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर विशेष

# भारत के हथकरघा: विरासत बुन रहे हैं, भविष्य को सशक्त बना रहे हैं



पबित्रा मार्गेरिटा

हर साल 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस एक ऐसे क्षण का प्रतीक है जो भारत के अतीत को उसके भविष्य से धागे-दर-धागा, कहानी-दर-कहानी जोड़ता है। यह दिन 1905 के स्वदेशी आंदोलन का स्मरण कराता है, जब हाथ से बुना कपड़ा न केवल एक वस्त्र के रूप में, बल्कि प्रतिरोध, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पहचान के एक सशक्त प्रतीक के रूप में उभरा। एक नई शुरुआत के रूप में प्रारंभ हुआ यह प्रतीक विरासत, कला और सामुदायिक अभिव्यक्ति के ताने-बाने में बदल गया।

हथकरघा क्षेत्र आज ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में 35 लाख से अधिक बुनकरों और संबद्ध श्रमिकों को रोजगार देता है, जिनमें से 72त्न महिलाएँ हैं। अपनी समृद्धि के कारण, यह क्षेत्र अब एक ऐसे दौर में खड़ा है, जहाँ इसे बिना किसी कमी के नवाचार, बिना किसी अभाव के तकनीक और बिना किसी हाशिए के आधुनिकीकरण की आवश्यकता है।

**एक स्थायी विरासत:** भारत में हथकरघा बुनाई की समृद्ध विरासत हड़प्पा और मोहनजोदड़ो की प्राचीन सभ्यताओं से जुड़ी है। सहस्राब्दियों से, यह शिल्प फलता-फूलता रहा है और प्रत्येक क्षेत्र ने बुनाई, विशिष्ट तकनीकों, रूपांकनों और अर्थों का अपना तौर-तरीका विकसित किया है। असम के मुगा रेशम की सुनहरी चमक से लेकर प्रसिद्ध बनारसी रेशमी साड़ियों तक; कश्मीर की पश्मीना से लेकर तमिलनाडु की चमकदार कांजीवरम साड़ियों तक, भारत की हथकरघा परंपराएँ उतनी ही विविध हैं, जितने इसके लोग।

एक बुनकर के घर में, जहाँ करघा अक्सर रसोई या एक तरफ के ÷आँगन÷ के साथ जगह साझा करता है, प्रत्येक साड़ी या शॉल एक अनोखी कथा को संप्रेषित करने के लिए तैयार की जाती है। न्यूनतम तकनीक, लेकिन अधिकतम रचनात्मकता के साथ, बुनकर धागों को विरासत में बदल देते हैं। बिना सिले हुए कपड़े, जो भारतीय परिधानों के प्रतीक हैं, क्षेत्रीय अभिव्यक्ति, अनुष्ठानों और कहानी कहने के कैनवास बन गए हैं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शब्दों में, ÷हथकरघा भारत की विविधता और अनगिनत बुनकरों व कारीगरों की कुशलता को दर्शाता है।÷

**पूर्वोत्तर- अवसरों का एक करघा:** देश के कुल हथकरघा श्रमिकों में से लगभग 52त्न पूर्वोत्तर क्षेत्र में निवास करते हैं और 2019-20 की हथकरघा जनगणना के अनुसार, असम 12.83 लाख से अधिक बुनकरों और 12.46 लाख करघों के साथ देश में अग्रणी है। ÷असम का मैनचेस्टर÷ कहा जाने वाला सुआलकुची, पारंपरिक बुनाई उत्कृष्टता का प्रमाण है, जबकि धेमाजी जिले में मचखोवा जैसे विकासशील केंद्र इस क्षेत्र को और बढ़ावा देते हैं।

इसके सांस्कृतिक महत्व को समझते हुए, पूर्वोत्तर के लिए सरकार का समर्पित मिशन आदिवासी बुनाई को बढ़ावा देने, हथकरघा पर्यटन को प्रोत्साहित करने, निर्यात को सुविधाजनक बनाने और युवाओं को प्रशिक्षित करने पर केंद्रित है। इस क्षेत्र को एक वैश्विक डिज़ाइन केंद्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है, जहाँ प्राकृतिक रेशे, प्राचीन ज्ञान और आधुनिक उद्यमिता का संगम होता है। राष्टीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के अंतर्गत, पूर्वोत्तर राज्यों के 123 छोटे समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। शिवसागर में एक बड़ा हथकरघा समूह स्थापित किया गया है तथा इम्फाल पूर्व और सुआलकुची में ऐसी दो परियोजनाएँ चल रही हैं। इस क्षेत्र में लगभग 3.08 लाख बुनकरों ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के अंतर्गत सार्वभौमिक एवं किफायती सामाजिक सुरक्षा के लिए नामांकन कराया है, जिनमें असम के 1.09 लाख बुनकर शामिल हैं।

**पुनरुद्धार से पुनरुत्थान तक:** पिछले 11 वर्षों में, वस्त्र मंत्रालय के कई विशिष्ट कार्यक्रमों के जरिये भारत के हथकरघा उद्योग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। समूह विकास पहलों, आधुनिक उपकरणों और ऋण तक पहुँच ने बुनाई को घरेलू गतिविधियों से सूक्ष्म उद्यमों में बदलने में मदद की है।

राष्टीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) और कच्चा माल आपूर्ति योजना (आरएमएसएस) ने सूत की आपूर्ति, करघा उन्नयन, कार्य शेड निर्माण से लेकर आधुनिक उपकरणों तक पहुँच प्रदान करके शुरू-से-अंत तक सहायता सुनिश्चित की है। पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई जैसी योजनाओं से अत्यंत आवश्यक वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा मिली है। बुनकरों की मुद्रा योजना के तहत रियायती ऋण और अतिरिक्त राशि (मार्जिन मनी) सहायता ने कार्यशील पूंजी तक पहुँच का विस्तार किया है।

बुनकरों और उद्यमियों के लिए लागत कम करने और उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से, उच्च क्षमता वाले क्षेत्रों में हथकरघा पार्क स्थापित करने की योजना है। इन एकीकृत स्थानों में रंगाई इकाइयाँ, तुरंत शुरू करने योग्य (प्लग-एंड-प्ले) कार्यशालाएँ, डिजिटल प्रयोगशालाएँ, शोरूम तथा सौर ऊर्जा एवं अपशिष्ट पुनर्चक्रण जैसी सतत संरचनाएँ शामिल होंगी।

साथ ही, निफ्ट, एनआईडी और अन्य डिज़ाइन संस्थानों के साथ साझेदारी में क्षेत्रीय स्तर पर डिज़ाइन और नवाचार केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जहाँ डिज़ाइनर और बुनकर बुनाई के पारंपरिक सार का सह-निर्माण, संरक्षण और दस्तावेज़ीकरण करेंगे, और सांस्कृतिक डिज़ाइनों का ऑनलाइन संग्रह तैयार करेंगे। ये अभिनव कार्यक्रम वैश्विक स्तर पर भारतीय हथकरघा के सौंदर्य और व्यावसायिक आकर्षण, दोनों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

तकनीक को अपनाना ज़रूरी है, लेकिन हथकरघा की आत्मा अक्षुण्ण रहनी चाहिए। अब एआई का उपयोग रुझानों की भविष्यवाणी और डिजिटल रंग चयन के लिए किया जा रहा है, जबकि ब्लॉकचेन उत्पाद का पता लगाना सुनिश्चित करता है और जालसाजी का मुकाबला करते हुए इस क्षेत्र को नए डिजिटल युग में ज़िम्मेदारी से आगे बढ़ाता है।

**संयोजन की पुनर्कल्पना-ई-कॉमर्स और बाज़ार पहुँच:** विपणन और ई-कॉमर्स गेम-चेंजर के रूप में कार्य करेंगे। रणनीति सरल लेकिन क्रांतिकारी है-बिचौलियों को खत्म करना, प्रचार के माध्यम से उपस्थिति बढ़ाना और बुनकरों को प्रारंभ से ही मंचों, प्रदर्शनियों और बाज़ारों से सीधे जोड़ना। इसी क्रम में, हथकरघा बुनकरों को सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) से जोड़ा जा रहा है और एक पारदर्शी, शून्य कमीशन वाला मंच प्रदान कर रहा है, जो उचित पारिश्रमिक, वस्तु को एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजने की निःशुल्क व्यवस्था, आसान वापसी और सुरक्षित भुगतान विकल्प सुनिश्चित करता है।

इन प्रयासों के पूरक के रूप में, 106 हथकरघा उत्पादों को पहले ही भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्रदान किए जा चुके हैं, जो उनकी अनूठी क्षेत्रीय विरासत और शिल्प कौशल का सम्मान करते हैं। %हथकरघा चिह्न% और %भारतीय हथकरघा ब्रांड% के साथ, ये उपाय हाथ से बुने हुए उत्पादों की विशिष्ट पहचान को मज़बूत करते हैं, और खरीदारों को उनकी प्रामाणिकता, गुणवत्ता और पर्यावरण-अनुकूलता का आश्वासन देते हैं।

**कौशल, सुरक्षा और स्थायित्व :** आने वाला कल समावेशी क्षमता निर्माण पर निर्भर करता है। विशेष रूप से पारंपरिक तकनीकों के संरक्षण की दृष्टि से युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम, वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के साथ जोड़े गए हैं - जिनमें स्वास्थ्य बीमा, शैक्षिक छात्रवृत्ति और बुनकरों के लिए पेंशन लाभ शामिल हैं।

साथ ही, पर्यावरण-अनुकूल रंग, कार्बन उत्सर्जन न करने वाले उत्पादन मॉडल और जीवन-चक्र मूल्यांकन इस क्षेत्र की स्थायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हैं, और भारतीय हथकरघा को वैश्विक हरित आंदोलन के साथ जोड़ते हैं। वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से आईआईटी दिल्ली द्वारा तैयार की गई ÷भारतीय हथकरघा क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन आकलन- विधियाँ और केस स्टडीज़÷ शीर्षक वाली नई रिपोर्ट, एक संदर्भ और मार्गदर्शिका दोनों का काम करती है, जो भारत के लिए अधिक स्थायी संस्करण का मार्ग प्रशस्त करती है। पारंपरिक हथकरघा प्रथाओं में पर्यावरणीय चेतना को समाहित करके, यह अध्ययन सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के प्रति वस्त्र मंत्रालय की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। इससे यह भी सुनिश्चित होता है कि हथकरघा मूल्य श्रृंखला न केवल जलवायु-सहनीय हो, बल्कि नैतिक उत्पादन, समान मजदूरी और सम्मानजनक आजीविका पर भी आधारित हो।

**भविष्य का मार्ग- सतत, समर्थन, पैमाना:** भारत के हथकरघा क्षेत्र का दृष्टिकोण आंशिक रूप से सांस्कृतिक, आंशिक रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित और पूरी तरह से मानवीय है। महत्वाकांक्षी लक्ष्यों में निर्यात में वृद्धि, नए रोजगार सृजित करना और विभिन्न समूहों के बुनकरों को डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण प्रदान करना शामिल है। भविष्य तीन स्तंभों पर टिका है- आत्मा को बनाए रखना, निर्माता का समर्थन करना और पहुँच का विस्तार करना।

पारिश्रमिक से आगे बढ़ते हुए, इस क्षेत्र का उद्देश्य फेलोशिप, स्टार्टअप अनुदान और इनक्यूबेशन केंद्रों के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा देना है तथा विशेष रूप से अग्रणी युवाओं और महिलाओं को प्रोत्साहित करना है। ब्रांडिंग, मार्गदर्शन व सहायता और व्यवसाय विकास सहायता स्वामित्व-आधारित उद्यमों को बढ़ावा देगी, जो सांस्कृतिक रूप से प्रामाणिक और व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक दोनों होंगे।

**भारत का हथकरघा क्षेत्र निरंतर विकसित हो रहा है...:** हथकरघा 2047 तक विकसित भारत की ओर हमारी यात्रा में एक प्रमुख प्रेरक शक्ति बना हुआ है, साथ ही देश के सांस्कृतिक लोकाचार को संरक्षित कर रहा है और स्थायित्व एवं विवेकपूर्ण उपभोग को बढ़ावा दे रहा है। प्रतिरोध के एक साधन से नवाचार के एक प्रकाश स्तंभ तक की यात्रा, हथकरघा के कालातीत महत्व को दर्शाती है, जो आने वाले युगों में एक शाश्वत छाप छोड़ती है। विरासत, नवाचार और सामूहिक प्रयास को एक साथ बुनकर, भारत का हथकरघा क्षेत्र दुनिया को प्रेरित करने और देश में लाखों लोगों को सशक्त बनाने के लिए तैयार है। जैसा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने परिकल्पना की है, ÷आइए हम हथकरघा को अपने दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाएँ और अपने पारंपरिक हथकरघा उत्पादों को वह दर्जा दें, जिसके वे हकदार हैं।÷

**(लेखक केन्द्रीय वस्त्र राज्य मंत्री हैं)**

अध्यात्म

## जैसा करोगे वैसा भरोगे

एक समय की बात है, एक संपन्न व्यापारी रामलाल अपनी दुकान चलाता था। उसके एक बेटे, रमेश, की परवरिश उसने बड़े प्यार से की। लेकिन जब रामलाल की मृत्यु हुई, रमेश ने दुकान संभाली। दुर्भाग्यवश, वह भोला-भाला था और लोग उसका फायदा उठाते रहे। धीरे-धीरे उसका माल खत्म होता गया, सिर्फ एक पुराना तराजू बचा, जो उसके पिता की यादगार थी। आर्थिक तंगी से जूझते हुए रमेश ने सोचा, मुझे शहर जाकर कुछ कमाना होगा। उसने तराजू को गिरवी रखने का फैसला किया। वह सेठ हरदयाल के पास गया और बोला, सेठ जी, मुझे कुछ पैसे चाहिए, यह तराजू रख लीजिए। सेठ ने पैसे दिए, और रमेश शहर की ओर चल पड़ा। कई साल बाद रमेश मेहनत से धनवान बन गया। गाँव लौटकर वह सेठ के पास पहुँचा और बोला, सेठ जी, मेरा तराजू लौटा दीजिए। सेठ ने टालमटोल की और कहा, अरे, वह तो चूहों ने खा लिया! रमेश का दिल दुखा, क्योंकि वह तराजू उसके पिता की निशानी थी। मन में ठान लिया, अब सेठ को उसकी ही जुबान में जवाब दूँगा। कुछ दिन बाद रमेश गंगा स्नान के लिए जा रहा था। सेठ से मिलकर उसने कहा, हरदयाल जी, क्या आपका बेटा मेरे साथ स्नान के लिए आ सकता है? उसे भी आध्यात्मिक शांति मिलेगी। सेठ ने खुशी-खुशी अपने बेटे गोविंद को भेज दिया। रमेश ने गोविंद को एक कोठरी में बंद कर दिया और अकेले वापस आ गया। सेठ ने घबराकर पूछा, रमेश, मेरा बेटा कहाँ है? रमेश ने शांत स्वर में कहा, सेठ जी, चील उसे ले गई! सेठ चिल्लाया, यह क्या बकवास है? एक चील मेरे बेटे को कैसे ले जा सकती है? रमेश मुस्कुराया, जिस तरह एक चूहा तराजू खा सकता है, उसी तरह चील भी आपका बेटा ले जा सकती है। यह बात गाँव में फैल गई और राजा तक पहुँची। राजा हँसते हुए बोले, यह तो सही जवाब है! सेठ, तूने रमेश के साथ गलत किया। तराजू लौटा दे, ताकि उसका बेटा वापस आए। सेठ को मजबूरी में तराजू लौटाना पड़ा। रमेश ने गोविंद को छोड़ दिया और सेठ से कहा, सेठ जी, सच का रास्ता ही सही है। सेठ ने माफी माँगी और बोला, रमेश, तूने मुझे अच्छा सबक सिखाया, मैं इसी काबिल था। एक दिन रमेश ने गाँव के बच्चों को बुलाया और कहा, बच्चों, हमेशा ईमानदारी से काम करो, वरना जैसा करोगे वैसा भोगोगे। बच्चे मुस्कुराए और बोले, भैया, हम ऐसा ही करेंगे! जिंदगी में विनम्रता और विवेक से काम लो। गलत काम का जवाब सही तरीके से देना ही असली जीत है।

# कटखने कुत्तों पर कैसे लगे अंकुश?

**अक्सर, दिन ढलने के बाद कुत्ते और भी खूंखार हो जाते हैं। स्कूटी व अन्य गाड़ियों के पीछे कुत्तों का दौड़ लगाना भी आम हो गया है। कुछ समय की घटना है, जब जयपुर में टयूशन पढकर स्कूटी से वापस घर लौट रही 10वीं की छात्रा के पीछे आवारा कुत्ते दौड़ पड़ते हैं जिससे उसकी स्कूटी सामने आ रही कार से जा टकराई। घटना में उसकी एक टांग और रीड की हड्डी टूट गई। ऐसी घटनाओं को देखकर भी नगर निगम के अधिकारियों की नींद नहीं टूटती? हिंसक जानवरों पर नकेल कसने की दरकार अब ज्यादा होने लगी है। चाहें इसके लिए कानून बनाना पड़े, या कोई और आधुनिक व्यवस्था करनी हो, गंभीरता से विमर्श किया जाना चाहिए।**

डॉ. रमेश ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठतम नेता विजय गोयल ने कटखने कुत्तों से उत्पन्न हुई समस्याओं पर अंकुश लगवाने के लिए न सिर्फ अभियान छेड़ा हुआ है, बल्कि कुछ महीने पहले जंतर-मंतर पर धरना भी दिया था। आवारा और कटखने कुत्तों का आतंक पिछले कुछ समय से समूचे देश में तेजी से फैला है। रोजाना कुत्तों के हमले से जुड़े सैकड़ों मामले सामने आ रहे हैं। पिछले सप्ताह में दिल्ली-एनसीआर में दर्जनों ऐसी घटनाएं घटी जहां राह चलते लोगों पर कुत्तों ने जानलेवा हमला न किया हो? दिल्ली में ऐसे दो हजार कटखने कुत्तों को नगर निगम ने चिन्हित किया है। देशभर में ऐसे कुत्तों का आकंड़ा 32 लाख से भी ज्यादा बताया गया है। वर्ष 2016 में कटखने कुत्तों के आंतक से निजात के लिए केंद्र सरकार से लेकर तमाम राज्यां की सरकारों ने 'स्टट डॉग्स शेल्टर' बनाए जाने की योजना बनाई थी। कुछके राज्य इस दिशा में आगे बढ़े, बाकी राज्य निल बटे सन्नाटा रहे। कुल मिलाकर कागजी प्रयासों मात्र से ये विकराल रूप धारण कर चुकी समस्या नहीं सुलझेगी, इस गंभीर मुद्दे को संसद सत्र जैसे मंचों पर रखकर कोई कारगर कानून बनाए जाने की जरूरत है।

डॉग्स नसबंदी और एंटी रैबीज वैक्सीनेशन की भी कोई कमी नहीं है, बावजूद इसके आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कुत्तों के काटने की घटनाओं ने लोगों को खासा भयभीत किया हुआ है। यही, कारण है कि डर से लोगों ने सुबह की सैर करना और बच्चों ने पार्क में खेलना तक बंद कर दिया है। बीते सोमवार की ही घटना है जब गुरूग्राम में सुबह पार्क में टहल रही महिला पर एक पालतू कुत्ते ने जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ऐसी घटनाएं अब आम हो गई हैं। पूरे देश में रोजाना करीब 8 हजार मामले दर्ज होते हैं जिनमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब राज्य प्रमुख हैं। ये खबर निश्चित रूप सुखद कही जाएगी कि पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्याओं को लेकर अपनी ही सरकार को आईना दिखा रहे हैं। ऐसा कदम अन्य दलों के नेताओं को भी उठाना चाहिए, ताकी समस्या का निजात जल्द निकल सके। उन्होंने अपनी सरकार को चेतावनी भी दी है, अगर कोई कदम नहीं उठाया गया, तो वो जनआंदोलन भी छेडेंगे।

पशु-अधिनियम कानूनों में बदलाव की अब सख्त जरूरत है। पुरानी चरमराती व्यवस्था में बदलाव करना होगा। कटखने और आवारा पशुओं को पकड़कर कर एकांत शहरों से कहीं दूर-दराज क्षेत्रों में लेजाकर सुरक्षित ढंग से रखने की व्यवस्था बनाई जाए। जहां उन्हें एंटी रैबीज इंजेक्शन दिया जाए, जिससे उनके भीतर विषाक्त को नष्ट किया जाए। और सबसे जरूरी कदम, शहरों में नॉनबेज की दुकानों के आसपास से कुत्तों को हटाया जाए, जिससे वह ज्यादा हिंसक होते हैं। क्योंकि लोग मांस की हड्डिया इधर-उधर फेंकते हैं, जिसको लेकर कुत्ते आपस में लड़ते हैं, जो इनके हिंसक



होने का बड़ा कारण है। भय इस कदर व्याप्त है कि कुत्ता पकड़ने जैसे काम में कोई हाथ तक नहीं डालना चाहता। कुत्तों को पकड़ने का जिम्मा नगर निगम के पशुधन विभाग का होता है, जहां कर्मचारियों का हमेशा टोटा रहता है। कोई भी कर्मचारी इस विभाग में अपनी सेवाएं देने को राजी नहीं है, जो आते भी हैं तो वह ज्यादा रुचि नहीं लेते?

बहरहाल, आवारा कुत्ते ही नहीं, छुट्टा पशुओं के चलते भी नई किस्त की इस आफत ने आतंक मचाया हुआ है। पशु हिंसक क्यों हो रहे हैं? ये एक अनसुलझी पहेली बन गई है। हालांकि, ये भी तथ्यात्मक है कि पशु जब तक खूंटे से बंधे होते हैं या मालिकों के कैद में होते हैं, अ-हिंसक रहते हैं। पर, जैसे ही छूटते हैं, एकाएक खूंखार हो जाते हैं। हिंसक कुत्ते अब बकायदा झुंड में रहते हैं। सड़कों और मोहल्ले की गलियों में चलना तक दूभर हो गया है। गली, चौक-चौराहों पर अक्सर देखने को मिलता है कि कुत्तों का झुंड रास्ता घेरे बैठे हैं। बच्चों पर कुत्ते ज्यादा अटैक करने लगे हैं। पिछले वर्ष दिल्ली की घटना ने सबको झकझोर दिया था। जहां एक मासूम को दिनदहाड़े दो कुत्तों ने मिलकर चबचबा दिया था। बचाव में दौड़े उसके बड़े भाई को लहूलुहान कर दिया था।

अक्सर, दिन ढलने के बाद कुत्ते और भी खूंखार हो जाते हैं। स्कूटी व अन्य गाड़ियों के पीछे कुत्तों का दौड़ लगाना भी आम हो गया है। कुछ समय की घटना है, जब जयपुर में टयूशन पढकर स्कूटी से वापस घर लौट रही 10वीं की छात्रा के पीछे आवारा कुत्ते दौड़ पड़ते हैं जिससे उसकी स्कूटी सामने आ रही कार से जा टकराई। घटना में उसकी एक टांग और रीड की हड्डी टूट गई। ऐसी घटनाओं को देखकर भी नगर निगम के अधिकारियों की नींद नहीं टूटती? हिंसक जानवरों पर नकेल कसने की दरकार अब ज्यादा होने लगी है। चाहें इसके लिए कानून बनाना पड़े, या कोई और आधुनिक व्यवस्था करनी हो, गंभीरता से विमर्श किया जाना चाहिए। घटनाएं कोई एकाध जगहों पर नहीं, देशभर में घट रही हैं। हाल में दिल्ली, हैदराबाद, बठिडा, बरेली, देहरादून जैसे जगहों पर कुत्तों द्वारा मासूम बच्चों पर हमले और उन्हें मारने की घटनाओं ने सबको झकझोरा है। कभी छिटपुट घटनाएं आम हुआ करती थी, जिस पर रेबीज के टीके या घरेलू उपचारों से मरीज ठीक हो जाया करते थे। पर, अब ऑन स्पॉट कुत्ते जान लेने लगे हैं। तात्कालिक रूप से हुकूमत या प्रशासनिक स्तर पर कोई हल निकले इसकी भी संभावनाएं नहीं दिखती? घटनाओं पर अगर उदासीनता ऐसी ही रही, तो ना जाने कितने लोग आवारा कुत्तों का निवाला बन जाएंगे। मरीजों की संख्याओं का इजाफा अस्पतालों में एकाएक बढ़ा है। कई बार तो रैबीज के इंजेक्शन अस्पतालों मिलते भी नहीं? उस स्थिति में मरीज औने-पौने दामों में निजी अस्पतालों से रेबीज का टीका लगवाते हैं। बिना रेबीज टीका लगे मरीज बेमौत मर भी जाते हैं। कटखने कुत्तों के संबंध में जब पीड़ित नगर निगम के कार्यालयों में संपर्क करते हैं तो वहां से संतुष्टि पूर्ण जवाब नहीं मिलता। प्रेसर डालने पर वो प्राइवेट कुत्ता पकड़ने वाली एजेंसियों से बात करने की सलाह दे देते हैं। उनसे बात होती है तो वह मोटा चार्ज करते हैं। पैसे लेने के बाद वह कुत्ते को पकड़कर नसबंदी करके एकाध दिनों में फिर वहीं छोड़ जाते हैं। ये विकराल समस्या है, जिसका बिना देर किए निदान होना चाहिए।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
बच्चों के करियर की चिन्ता हो सकती है। बुद्धिमान लोगों की संगत लाभकारी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**वृषभ**
आपका मन अध्यात्मिक कार्यों में लगेगा। आपकी छवि लोगों के बीच एक उदार और परोपकारी व्यक्ति के रूप में निर्मित हो रही है।

**मिथुन**
आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी। बिना माँगे किसी को सलाह देने के कारण अपमान हो सकता है। जॉब में अधिकारियों की सलाह लेना लाभकारी होगा।

**कर्क**
अपने स्वास्थ्य का ध्यान अवश्य रखें। आपकी कोई बात निकटस्थ लोगों को व्यथित कर सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको नयी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

**सिंह**
आपके सभी काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ेगी। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे।

**कन्या**
स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लेंगे। इन्टरव्यू आदि में सफलता मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी।

**तुला**
उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो दिन अत्यन्त शुभ है। भविष्य को लेकर योजना बनाते समय मित्रों और परिजनों से परामर्श लेना शुभ होगा।

**वृश्चिक**
ब्लडप्रेशर और वातरोगियों को परेशानी होने की सम्भावना है। माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। लम्बी दूरी की यात्रा न करें।

**धनु**
जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे। दिन आपके लिये काफी अच्छा है बस आपके खर्चों पर नियन्त्रण रखें। अनेक दिनों से चली आ रही समस्या दूर होगी।

**मकर**
व्यवसाय में लाभ होगा। पड़ोसी आपकी काफी मदद करना चाहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व होगा। आप जिस काम को बहुत आसान समझते हैं वही आपको काफी परेशान कर सकता है।

**कुंभ**
आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं।

**मीन**
नया कार्य आरम्भ करने के लिये दिन शुभ नहीं है। कार्यक्षेत्र में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति आपका रूझान कम हो सकता है।

# बस ड्राइवर की संदिग्ध मौत पर बवाल

## लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर किया बवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** सिंघौल थाना क्षेत्र के उलाव में बस ड्राइवर की अचानक मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जमकर बवाल काटा। गुस्साए लोगों ने टायर जलाकर सड़क को घंटों जाम कर दिया और पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मृतक की पहचान सिंघौल थाना क्षेत्र के उलाव वार्ड - 3 के रहने वाले अक्षय लाल महतो के पुत्र रामबदन महतो के रूप में हुई है। वह पिछले कई वर्षों से बस चलाते थे। बताया जा रहा है कि ड्यूटी के दौरान ही उनकी संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजन और



स्थानीय लोग भड़क उठे। लोगों ने उलाव के पास मुख्य सड़क को टायर जलाकर पूरी तरह जाम कर दिया। मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। जब पुलिस बल समझाने पहुंचा, तो भीड़ ने पुलिस से भी तीखी नोकझोंक की। हालांकि बाद में अधिकारियों ने काफी समझाने-बुझाने के बाद भीड़ को शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेजा। घटना की जानकारी मिलते ही मटिहानी विधायक राजकुमार और पूर्व विधायक संजय सिंह भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को समुचित मुआवजे का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। परिजनों का कहना है कि रामबदन महतो ही परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। रामबदन रोज सुबह बस लेकर निकलते थे। वही हमारा सहारा थे। अब हमलोग कैसे जिएंगे। सरकार से मांग है कि हमें मुआवजा और मदद दी जाए। ऐसे में सरकार को उनके परिजनों को मुआवजा और सरकारी सहायता देनी चाहिए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# युवक की गला दबाकर हत्या

## पुलिस कर रही जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बखरी थाना अंतर्गत चकहमीद गांव के पास बुधवार सुबह एक युवक की निर्मम हत्या कर शव को बहियार में फेंक दिया। जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। हत्या की सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मृतक की पहचान बखरी थाना क्षेत्र के बहौरचक गांव निवासी बिंदेश्वरी पासवान के पुत्र ललन कुमार पासवान के रूप में की गई है। परिजनों के मुताबिक, ललन कुमार सुबह 8 बजे चाय पीकर खेत की ओर गया था। लेकिन कुछ देर बाद गांव के एक बच्चे ने सूचना दी कि चकहमीद गांव के पास एक युवक का शव पड़ा है। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्होंने ललन का शव पानी भरे गड्ढे में पड़ा पाया। गले पर घाव के निशान थे। जिससे साफ जाहिर होता है कि अपराधियों ने गला दबाकर उसकी हत्या की है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। पुलिस के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। लेकिन पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि ललन सुबह खेत गया था। हमलोग कभी सोच भी नहीं सकते थे कि उसे कोई इस तरह मार देगा। उसका किसी से कोई झगड़ा भी नहीं था। मौके पर पहुंची बखरी थाना पुलिस और डीएसपी कुंदन कुमार ने स्थिति का जायजा लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# जिले में ड्राफ्ट रोल प्रकाशित, दावा आपत्ति जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में ड्राफ्ट रल प्रकाशन के उपरांत दावा आपत्ति का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। पूरे जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों, नगर परिषद कार्यालयों एवं नगर निगम कार्यालयों में विशेष कैम्प आयोजित कर दावा आपत्ति लिया जा रहा है। पूरे एक माह तक चलने वाले दावा आपत्ति विशेष कैम्प में 10 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक कोई भी मतदाता दावा आपत्ति कर सकते है। ।4 अगस्त को विशेष शिविर मे तहत कुल 990 फार्म प्राप्त हुए है। जिसमें से फार्म-6 के 778, फार्म 7 के 91 एवं फार्म 8 के 121 आवेदन प्राप्त हुए है। वहीं 5 अगस्त के विशेष शिविर मे कुल 798 फार्म प्राप्त हुए। जिसमें फार्म 6 के 570, फार्म-7 के 139 एवं फार्म-8 के 89 आवेदन प्राप्त हुए। इन दिनों कुछ सोशल मीडिया द्वारा प्रसारित खबरों द्वारा कुछ मृत मतदाताओं का नाम ड्राफ्ट रोल में शामिल होने संबंधित खबरे दिखाई जा रही है। जिसपर त्वरित कार्रवाई करने हुए सभी मृत मतदाताओं का नाम विलोपन करने हेतु प्रपत्र 7 भरकर अग्रेतर कार्रवाई की गई है। साथ ही सभी ईआरओ एवं एईआरओ द्वारा ड्राफ्ट रल की समीक्षा की जा रही है। ताकि अयोग्य मतदाता का नाम प्रपत्र 7 भरकर विलोपित किया जा सकें।इन कैम्पों के माध्यम से ऐसे नागरिक जिनका नाम ड्राफ्ट रल में शामिल नहीं है। वे प्रपत्र-6 घोषणा पत्र (एनेक्सचर डी) एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन दे सकते हैं। किसी मतदाता के नाम पर आपत्ति होने पर प्रपत्र-7 जमा कर आपत्ति दर्ज करा सकते है। दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं की सुविधा के लिए बीएलओ उनके घर-घर जाकर विहित आवेदन पत्र लेंगे। जिला प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार के भ्रामक खबरों से आम नागरिकों को बचने की अपील की है। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है।

# विज्ञान संकाय में नामांकन को भटक रहे छात्र

## इंटर विज्ञान, संकाय में सीट वृद्धि को लेकर एबीवीपी ने शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने विज्ञान संकाय में 11वीं कक्षा में नामांकन हेतु भटक रहे छात्र-छात्राओं के विषय को लेकर शिक्षा मंत्री को पत्र लिखा एवं विज्ञान संकाय में नामांकन सीट वृद्धि हेतु आग्रह किया। पत्र लिखते हुए विभाग संयोजक दिव्यम कुमार ने कहा कि जिले के विभिन्न प्लस टू संस्थानों में विज्ञान संकाय में बहुत ही कम मात्रा में सीट बची हुई है। इस कारण जिले के हजारों छात्र अपनी रुचि के अनुरूप पढ़ाई हेतु संकाय चयन नहीं कर पा रहे हैं। इस बार 11वीं कक्षा में नामांकन में बड़े स्तर पर त्रुटि हुई है। कई अच्छे अंक वाले छात्र-छात्राओं का भी नाम चयन सूची में नहीं आना पारदर्शिता पर प्रश्न खड़ा करता है। डंडारी नगर मंत्री दिवेश कुमार एवं सोशल मीडिया संयोजक मनीष कुमार ने कहा कि जिले के कई विद्यालयों से ऐसी सूचना आ रही है कि वहां के प्रधान 5000 से लेकर 12000 में विज्ञान संकाय में नामांकन हेतु सीट की बोली लगाए हुए हैं। अधिकांश विद्यालयों में आवेदन जमा कर मेधा सूची का प्रकाशन नहीं किया जा रहा है। इससे नामांकन प्रक्रिया बिल्कुल ही पारदर्शी नहीं है। विद्यार्थी परिषद ऐसी गतिविधियों के कड़ी निंदा करती है एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी से यह मांग करते हैं कि विभिन्न विद्यालयों में नामांकन के नाम पर हो रहे अवैध वसूली को अविलंब रोक लगाए अन्यथा छात्र-छात्रा सड़क पर उतरेंगे। हम लोगों ने शिक्षा मंत्री से पत्र लिखकर 11वीं कक्षा में सीट वृद्धि हेतु भी आग्रह किया है। मौके पर शिवानी, रोह्णिी सहित कई छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## एक नजर

### नगर परिषद सभापति धुरपति देवी पद मुक्त

**आदापुर ( पूर्वी चंपारण) (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग ने एक बहुत बड़ी कार्रवाई के तहत नगर परिषद रक्सौल की सभापति धुरपति देवी को उनके पद से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई विभागीय जांच में गंभीर अनियमितताओं और कर्तव्य के निर्वहन में दुराचार का दोषी पाए जाने के बाद की गई है। विभाग द्वारा जारी आदेश (संख्या 11/न0वि0/विविध-61/2024, पत्रांक-2301, दिनांक 05 अगस्त 2025) में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि धुरपति देवी ने अपने पद का दुरुपयोग किया। विभागीय निर्देशों की अवहेलना की और कई मामलों में बिना विभागीय अनुमति के नियुक्तियाँ कीं। इस कार्रवाई की जड़ें उप मुख्य पार्षद श्रीमती पुष्पा देवी द्वारा की गई शिकायत में हैं, जिसके बाद जांच का दायरा बढ़ाया गया। जांच में पाया गया कि सफाईकर्मियों, ड्राइवरों और अमीन जैसे पदों पर अस्थायी नियुक्तियां बिना वैधानिक अनुमति के की गईं। साथ ही, विभाग द्वारा भेजे गए कई स्पष्टीकरण पत्रों का संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया।

### मतदान केन्द्र की सूची का प्रकाशन

**मोतिहारी (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** निर्वाचन आयोग के पूर्व अनुमोदन के आलोक में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 25 के उपबंधों का अनुसरण करते हुए पूर्वी चंपारण जिला के संसदीय/विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान क्षेत्र के लिए मतदान केंद्र की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह जिलाधिकारी, मोतिहारी के द्वारा बताया गया है कि उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार, पटना के पत्रांक 2676, 19.07.2025 द्वारा युक्तिकरण प्रस्ताव अनुमोदित किया गया है जिसके आलोक में पूर्वी चंपारण जिला में सभी मतदान केंद्रों की सूची मतदान केंद्र के सामने मतदाताओं के समूह के लिए प्रकाशित कर दिया गया है।

### बिना आदेश के सरकारी भवन किया जा रहा ध्वस्त



**बेगूसराय (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लोहियानगर थाना क्षेत्र के सरकारी अतिथि शाला परिसर के उत्तर समीप बंद परी सीपीडब्लूडी ऑफिस को तोड़कर उसके समानो को खुलेआम बेचा जा रहा है। जिले के पॉश एरिया में उक्त घटना को धड़ल्ले से अंजाम दिया जा रहा है। ज्ञात हो की नवनिर्मित सर्किट हउस के उत्तर जिला योजनान्तर्गत जिला परिषद द्वारा एक सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया था। जिसका उद्घाटन 29 जनवरी 1991 में बिहार सरकार के तत्कालीन कृषि मंत्री रामजीवन सिंह ने किया था। तीन कमरा सहित अन्य सभी मुलभुत सुविधा से परिपूर्ण इस भवन में सीपीडब्लूडी का कार्यालय चलता था। कुछ वर्ष पूर्व जब बिहार सरकार ने केंद्रीय एजेंसी के बजाय अपनी एजेंसी से विकास कार्य करने का निर्णय लिया तब से यह ऑफिस बंद हो गया था। बंद होने के बाद इस ऑफिस की तरफ किन्ही का ध्यान नहीं गया। इधर भवन निर्माण विभाग तथाकथित संवेदक ने इस घटना को अंजाम दे दिया।

### आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जीविका की नई पहल

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण) (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रचना जीविका महिला संकुल संघ के तत्वावधान में, 6 जुलाई से सात दिवसीय गैर-आवासीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत दीदी की सिलाई केंद्र रचना जीविका महिला संकुल संघ में की गई। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जीविका दीदी को सिलाई-कढ़ाई जैसे हुनर से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है।इस कार्यक्रम का उद्घाटन सीडीपीओ,जीविका प्रखंड परियोजना प्रबंधक दिलीप कुमार मेहता, एसी रोहित कुमार, सीसी अमित कुमार , एमबीके मुन्ना शर्मा तथा सीएफ यास्मीन आरा की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएलएफ सचिव सुशीला देवी ने की।इस सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाली दीदी को कपड़े उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# बाइक व साइकिल की टक्कर में दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के बहुहरवा चौक पर बाइक और साईकिल की जोरदार टक्कर में बाइक सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि साईकिल सवार को मामूली चोटें आई है। जिसका इलाज स्थानीय स्तर पर कराया गया है। वही बाइक सवार दोनों व्यक्ति का इलाज मोतिहारी शहर स्थित एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। घटना मंगलवार देर रात की है। दुर्घटना में घायल बाइक सवार की पहचान महुआवा पश्चिमी पंचायत के बहुहरवा गांव वार्ड नंबर 9 निवासी व टेंट व्यवसायी नेक मोहम्मद (40) एवं वार्ड नंबर 4 निवासी विकास पासवान (35) है। वही साईकिल सवार की पहचान बहुअरवा गांव निवासी चंद्रिका राय के रूप हुई है। महुआवा पश्चिमी पंचायत के मुखिया नेसार अहमद ने बताया कि बाइक सवार नेक मोहम्मद एवं विकास पासवान घटना के समय सरौगढ़ गांव में आयोजित लखरांव कार्यक्रम में लगाए गए अपने टेंट की देखरेख करने के बाद देर रात को अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच उक्त घटना स्थल पर एक साईकिल सवार सड़क के बीचोबीच आ गया। जिसे बचाने के प्रयास में बाइक चला रहे टेंट व्यवसायी अपना संतुलन खो दिए और दोनों सड़क पर काफी दूर तक घसीटा गए। जिसमें दोनों बुरी तरह से घायल हो गए।

# एपीएस हाई स्कूल मैदान में पीके ने की जनसभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रशांत किशोर का पीएम मोदी पर हमला बोले मोदी देश भर से वोट और रुपये लेकर गुजरात में फैक्ट्री लगवा रहे। बिहार के युवा इन्हीं फैक्ट्रियों में मजदूरी करने जाते हैं। उक्त बाते बुधवार को जिले के नावकोठी प्रखंड में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा। प्रशांत किशोर ने बेगूसराय की जनता से किया बड़ा वादा, कहा- इस बार अपने बच्चों के लिए वोट दें। छठ के बाद युवाओं को बिहार में ही देंगे 12 हजार रुपये तक का रोजगार। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर अपनी बिहार बदलाव यात्रा के तहत



लगातार अलग-अलग जिलों और प्रखंडों में लोगों से संवाद कर रहे हैं और स्थानीय पत्रकारों से भी बात कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज उन्होंने बेगूसराय के बखरी विधानसभा अंतर्गत एपीएस हाई स्कूल मैदान नावकोठी में आयोजित बिहार बदलाव सभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार के लोगों ने पीएम मोदी को मंदिर के लिए वोट दिया। वो बन गया। जाति के नाम पर वोट दिया तो नीतीश कुमार ने जाति गणना करा दिया। आपने मोदी का चेहरा देख कर वोट दिया तो चायवाला प्रधानमंत्री बन गया। लालू का चेहरा देखकर वोट दिया तो भैंस चराने वाला 30 साल से राजा बना हुआ है। नीतीश का चेहरा देखकर वोट दिया तो वैद्य का लड़का 20 साल से शासन कर रहा है। इस बार नेताओं का चेहरा देखकर वोट न करें, चाहे लालू हों, नीतीश हों या मोदी हों। इस बार अपने बच्चों के लिए वोट दें। बिहार भर के ऐसे 50 लाख युवाओं को वापस बुलाकर उन्हें यहीं 10-12 हजार रुपये का रोजगार दे दिया जाएगा।

# महाअभियान के सफल संचालन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार के द्वारा 16 अगस्त से प्रारंभ हो रहे राजस्व महाअभियान को लेकर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा, उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार, जिला के सभी अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, सभी अंचलों के अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी के साथ-साथ प्रखंडों के वरीय प्रभारी पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व भूमि सुधार विभाग बिहार सरकार के द्वारा रेवेन्यू रिकॉर्ड



की त्रुटियों को दूर करने के लिए राजस्व महा अभियान आगामी 16 अगस्त से जिले में प्रारंभ हो रहा है जो 20 सितंबर तक चलेगा। यह एक बड़ा अभियान है जिसे मिशन मोड में पूरा करना है। इसे अंतर्विभागीय सहयोग एवं टीम स्पिरिट के साथ पूर्ण किया जाएगा। जिलाधिकारी के द्वारा इस कार्य को करने के लिए सभी अंचलों द्वारा माइक्रो प्लान बना लेने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी अंचल अगले 10 अगस्त तक माइक्रो प्लान बना लें। सभी अंचल में 08 अगस्त को अंचल स्तर पर भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाए जिसमें अंचलकर्मी, प्रखंड कर्मी सहित अन्य प्रखंड स्तरीय कर्मी, पंचायत सचिव से लेकर अन्य कर्मियों को शामिल किया जाए। इस कार्य में अधिक मानव बल की आवश्यकता होगी उसको देखते हुए कर्मियों को पहले ही चिन्हित कर लिया जाए। जिलाधिकारी के द्वारा कहा गया कि इस संपूर्ण अभियान का अनुमंडल पदाधिकारी एवं डीसीएलआर के द्वारा अनुश्रवण किया जाएगा। इसके लिए राजस्व विभाग का डैशबोर्ड बना हुआ है जिसमें प्रतिदिन के कार्यों की प्रगति भी दिखेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि इस महाभियान में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की बड़ी भूमिका रहेगी। राजस्व महाअभियान अंतर्गत सभी जमाबंदीदार से संपर्क किया जाएगा, उन्हें जरूरी प्रपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे एवं उनसे से प्राप्त प्रपत्रों का निष्पादन ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान विभागीय पोर्टल की जानकारी दी गई और उसका एक्सेस भी दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व विभाग की त्रुटियों को दूर करने के लिए सरकार के द्वारा परिमार्जन योजना पहले से ही चलाई जा रही है परंतु राजस्व महाभियान एक बड़ा कार्यक्रम है जिसमें सभी रैयतों से कर्मी मिलेंगे और उन्हें जरूरी जानकारी भी दी जाएगी। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ने कहा कि भू-अभिलेखों को अद्यतन करने के लिए 16 अगस्त से प्रारंभ हो रहे राजस्व महा - अभियान अंतर्गत हर घर तक पहुंचेगी जमीन से जुड़ी जरूरी सुधारों की सुविधा। इसमें नाम, खाता, खेसरा, रकबा, लगान जैसी कई त्रुटियों को दूर किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य भूमि संबंधी दस्तावेजों में पारदर्शिता लाना और जनता को जमीन से जुड़ी जरूरी सुधारों की सुविधा सीधे उनके द्वार तक पहुंचाना है।

इस अभियान के अंतर्गत डिजिटाइज्ड जमाबंदी में त्रुटि सुधार, उत्तराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण एवं छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाइन किया जाएगा ।

# श्रावण माह में विशेष सुंदर हो जाती है अयोध्या : श्री त्रिशूलाचार्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के कपिलदेव संगीत महाविद्यालय मे श्रावण महोत्सव के मौके पर भक्तगण प्रवचन सुनने को ले पहुंच रहे है। इस मौके पर वृन्दावन से पधारे श्री त्रिशूलाचार्य जी ने संबोधित करते हुए कहा कि, शिवोपाशन का मास सावण का महीना है। इस मास की पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र का योग्य होने से इसका नाम श्रावण है। श्रवण रूप भक्ति को व्यंजित करने से भी यह महीना सावन कहलाता है। धार्मिक पौराणिक व्रत पर्वो से युक्त यह मास अपनी सांस्कृतिक विशेषताओं को लिए भी उल्लेखनीय है। नाग पंचमी, तुलसी जयंती, श्रावणी उपक्रम और रक्षा बंधन जैसे उत्सव श्रावण मास को हमारी संस्कृति के गहरे विचारों को जोड़ते है। ग्रीष्म के ताप को पानी की शीतल फुहारो से मिटाता हुआ श्रावण बहन बेटियों के लिए झूला झूलने का अवसर रखता है। इस महीने मे सुखी पड़ी धरती हरि भरी हो जाती है। गोस्वामी तुलसी दास का कथन है कि सदा सुहावनी लगने वाली अयोध्या श्रावण मे विशेष सुंदर हो जाती है। असकंद महापुराण मे भी सकादिक ऋषियों को भगवान शिव ने श्रावण के महात्म्य का उपदेश देते हुए कहा है कि बारहों महीने में श्रावण अत्यधिक प्रिय है। सावन मास के महात्म्य क्रम मे ही यह बात वर्णन है कि इस महीने का कोई भी दिन व्रत से रहित नही है। उन्होंने सत्संग पर भी चर्चा की। मौके कर मनोज कुमार, बिक्रमा सिंह, पिंटू कुमार, सुशील कुमार पाण्डेय, राजीव कुमार पाण्डेय एवं कपिलदेव संगीत महाविद्यालय के निदेशक दिनेश पाण्डेय समेत बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

# प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन

**ओबरा (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहीद जगतपति कुमार के शहादत दिवस के याद में बुधवार को ओबरा प्रखंड के मध्य विद्यालय खराँटी में प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया जो सहजानंद कुमार डिक्कू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में वर्ग छह से लेकर वर्ग आठ तक के कुल 40 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। सहजानंद ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जगतपति कुमार के याद में प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि, इस तरह के आयोजन से बच्चे के अंदर पढाई को लेकर एक नई उर्जा उत्पन्न होती है एवं बच्चे का दिमाग तेज गति मे काम करता है। निरीक्षणकर्ता के रूप में विद्यालय के प्रधानाध्यापिका खुशबू कुमारी एवं रेणु कुमारी मौजूद रहें।

# जीविका दीदियों का सिलाई प्रशिक्षण प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** जीविका और समेकित बाल विकास सेवाएं के मध्य हुए समझौता ज्ञापन के अनुसार जीविका परियोजना अपने सामुदायिक संगठनों के माध्यम से आंगनवाडी केन्द्रों पर स्कुल पूर्व शिक्षा प्राप्त कर रहे 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को पोषक उपलब्ध करवाने की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद पूर्वी चंपारण जिले के सभी प्रखंडों में संचालित जीविका संकुल संघ के द्वारा सिलाई केंद्र की स्थापना की गयी है एवं इस सिलाई केन्द्रों में सिलाई का कार्य करने हेतु संकुल संघ के द्वारा चयनित जीविका दीदियों का सात दिवसीय गैर आवासीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा




रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली जीविका दीदियों को बच्चों के शर्ट (फुल एवं हाफ), पैंट (फुल एवं हाफ) एवं स्कर्ट के सिलाई हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत तुरकौलिया प्रखंड के रानी लक्ष्मीबाई संकुल संघ, केसरिया प्रखंड के ज्योति संकुल संघ, चकिया प्रखंड के उपकार संकुल संघ, बंजरिया प्रखंड के संजीवनी संकुल संघ, सुगौली प्रखंड के दीपक संकुल संघ, मेहसी प्रखंड के माँ सरस्वती संकुल संघ, बनकटवा प्रखंड के रचना संकुल संघ सहित संग्रामपुर प्रखंड के माँ भवानी संकुल संघ के अलावा सभी प्रखंडों में स्थानीय संकुल संघ के माध्यम से सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है द्य प्रत्येक प्रशिक्षण के एक बैच में 25-25 दीदियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के उपरान्त प्रशिक्षित दीदियाँ संकुल संघ के सिलाई केंद्र में सिलाई का कार्य कर अपनी आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की ओर एक और कदम बढ़ायेंगी।

# 20 वर्ष बाद श्रीपुर उच्च विद्यालय को मिला मुख्य सड़क से जोड़ने का रास्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)।** श्रीपुर पंचायत अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीपुर भगवानपुर को आखिरकार बीस वर्षों के लंबे इंतजार के बाद मुख्य सड़क से जोड़ने वाला रास्ता मिल गया है। वर्षों से अतिक्रमण की चपेट में रहा यह रास्ता अब पूरी तरह से साफ कर दिया गया है, जिससे विद्यालय आने-जाने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं को राहत मिलेगी। यह विद्यालय नेपाल की तराई से सटे क्षेत्र का महत्वपूर्ण उच्च माध्यमिक विद्यालय है, जहाँ आसपास के कई गांवों से छात्र शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। परंतु अतिक्रमण के कारण विद्यालय तक पहुँचने का सीधा रास्ता बाधित था



और छात्र पगडंडियों के सहारे स्कूल आने को मजबूर थे।

**लंबे समय से जारी था संघर्ष**

पिछले दो दशकों में इस अतिक्रमण को हटाने के लिए कई बार प्रयास किए गए। छात्रों, अभिभावकों और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कई बार धरना, प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपे गए। कई प्रधानाध्यापक, शिक्षक, मुखिया और अंचल अधिकारी बदले, पर समस्या का समाधान नहीं हो सका। रास्ते पर नवीन सिंह, अविनाश सिंह, विजय सिंह, अजय सिंह और बृज किशोर सिंह द्वारा पक्के निर्माण किए गए थे, जो विद्यालय की पहुँच को पूरी तरह रोक रहे थे।

**प्रयासों को मिली दिशा**

घोड़ासहन अंचल अधिकारी आनन्द कुमार ने इस समस्या को गंभीरता से लिया और व्यक्तिगत पहल के तहत इसे प्राथमिकता में शामिल किया। उन्होंने कई बार विद्यालय का दौरा किया, अतिक्रमणकारियों से संवाद किया, कई बार मापी कराई, स्थानीय जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिया, और सभी पक्षों को संतुलित तरीके से समझाने का प्रयास किया।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए आवश्यक पुलिस बल की माँग जिला प्रशासन से की गई थी। पुलिस लाइन से बल उपलब्ध कराने का निर्देश भी मिला था, परंतु कुछ अपरिहार्य कारणों से बल समय पर उपलब्ध नहीं हो सका। ऐसे में अंचल अधिकारी ने स्थानीय प्रशासनिक समन्वय से कार्य आगे बढ़ाया। घोड़ासहन, जितना और झरोखर थाना से प्राप्त पुलिस बल के सहयोग से अवर निरीक्षक मधुकर कुमार के नेतृत्व में तथा राजस्व पदाधिकारी सकलदेव कुमार के नेतृत्व में राजस्व कर्मचारी मिथलेश कुमार अंचल अमीन मुन्ना कुमार आदि के साथ कार्रवाई की गई। कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और सरकारी भूमि पर बने सभी अवैध पक्के निर्माण हटाए गए। विद्यालय तक की पहुँच अब पूरी तरह से साफ और सुगम हो गई है।इस अभियान में श्रीपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उदय जायसवाल का भी सहयोग प्राप्त हुआ, जिन्होंने स्थानीय स्तर पर प्रशासन का समर्थन करते हुए कार्रवाई के लिए सकारात्मक माहौल तैयार किया। कार्रवाई के दौरान विद्यालय के शिक्षक गण एवं स्थानीय ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### विनोद को मिला बगहा एक के बीएओ का प्रभार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कृषि समन्वयक विनोद कुमार सिंह को बगहा एक प्रखंड के प्रखंड कृषि पदाधिकारी का प्रभार मिला है। मंगलवार की शाम प्रखंड कृषि पदाधिकारी का प्रभार ग्रहण किया । प्रभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि किसानों को सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति पर यूरिया मिले यह उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसके अलावा सरकार की ओर से चलाई जा रही कृषि योजना का लाभ किसानों तक पहुंचे उसको लेकर भी प्रयास किया जाएगा। ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं है।

### आठ पर केस, एक गिरफ्तार

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुरूषोतमपुर थाना के भेडिहारी गांव में रास्ते के विवाद को लेकर काउंटर केस दर्ज की गई है। जीसमें पुलिस ने कूल आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि नशरीन खातून के आवेदन पर चार लोगों पर केस दर्ज की गई है। वही सहजहा खातून के आवेदन पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि केस के आरोपी मो छोटू को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### शराब के साथ एक धराया

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुरूषोतमपुर पुलिस ने नौखनीया पूल के पास से 5 बोतल शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुरूषोतमपुर थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि बलथर थाना के शेखवा टोला गांव के मो समीम अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### एनएच किनारे से हटाया गया अतिक्रमण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान आज भी लगातार जारी रहा। बुधवार को नगर निगम की टीम हरिवाटिका चौक पर सड़क व नाला के अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। निगम की टीम जेसीबी से सड़क के जमीन को अतिक्रमण कर बनाए गए दुकानों, झोपड़ियों, दीवार आदि को तोड़ा गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदार अपने सामान समेटते नजर आए। इस दौरान कुछ दुकानदारों से जुमार्ना भी वसूला गया। निगम की टीम पूर्व निर्धारित योजना के तहत दो जेसीबी लेकर हरिवाटिका चौक पर पहुंची। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी। टीम पहुंचते ही जेसीबी से सड़क के जमीन को घेर कर बनाई गई दुकानों को तोड़ना शुरू कर दी। दुकानों के दीवार, शेड, छप्पर आदि को तोड़ा जाने लगा। पदाधिकारी के तेवर देख कई लोग अपने-अपने दुकान से सामान निकालने लगे। नुकसान से बचने के लिए खुद ही अतिक्रमण हटाने लगे। मौके पर नगर निगम के सिटी मैनेजर अभिषेक कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी अशफाक अहमद, अर्पित राय, सफाई निरीक्षक जुलम साह, तबरेज आलम, संजीव कुमार, साहेब अली, आदित्य कुमार, मोहन प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### महिला से रुपये छीन कर भाग रहे दो बुजुर्ग गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के सेंट्रल बैंक से रुपये निकासी कर पैसे गिन रही एक महिला से रुपये छीनकर भागने में पुलिस ने दो उच्चको को गिरफ्तार किया है। घटना मंगलवार की है। मामले में पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। इस दौरान लोगो ने उनकी पिटाई भी कर दी है। हालांकि पुलिस ने बीच बचाव कर दोनों को थाना लाया गया और रुपये की बरामदगी भी कर ली गयी है। गिरफ्तार दोनों उच्चको की पहचान उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिला अंतर्गत कसेया थाना के भथायी गाव निवासी समसुदीन मियां व दाऊद मियां के रूप में हुई है।दोनों सगे भाई बताए जा रहे है और बुजुर्ग भी है। थानाध्यक्ष जव्ला कुमार सिंह ने बताया की बड़निहार गांव की गीता देवी सेंट्रल बैंक से 49 हजार रुपए की निकासी बैंक के अंदर ही गिन रही थी इसी दौरान दो व्यक्ति अचानक महिला से झपटा मारकर उसका रुपया छीन कर भागने लगे। पीड़ित महिला ने 112 पर डायल कर इसकी सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों व्यक्तियों को स्थानीय लोगो के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से 49 हजार रुपए भी बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### दूध देने से मना करने पर बाप बेटे को पीटा, एफआईआर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपूर थाना के गोवरधना गाव में दूध देने से मना करने पर बाप बेटे के साथ मारपीट की घटना घटी है। घटना पांच अगस्त की सुबह की है। मामले में गोबरधना गाव निवासी ओमप्रकाश तिवारी ने थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर में गाव के ही मोहन साह एवं दीपू साह को नामजद किया है। आरोप है कि चार अगस्त की शाम वह अपने डेयरी से घर जा रहा था। तभी मोहन साह द्वारा दूध की मांग की गई। जिसपर दूध उपलब्ध नही होने की बात बताई गई । जिसके बाद वह गाली गलौज व मारपीट की धमकी देने लगा। हालांकि स्थानीय लोगों के बीच बचाव से मामला शांत हुआ। वही पांच अगस्त की सुबह ओमप्रकाश तिवारी एवं बेटा मुकेश तिवारी अपने डेयरी दुकान पर जा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए आरोपितों ने लाठी डंडे से मारपीट कर दोनों को जख्मी कर दिया। वही मुकेश का सिर फट गया है जिसका इलाज जीएमसीएच में चल रहा है। थानाध्यक्ष ज्वला कुमार सिंह ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर जांच पड़ताल करते हुए आगे की कारवाई की जा रही है।

### उर्वरक खरीदारी के दौरान धक्का मुक्की में महिला जख्मी

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगहा दो बिस्कोमान में यूरिया के लिए कतारबद्ध किसानों में हुई धक्का मुक्की में एक महिला समेत दो किसान घायल हो गए। जिसे पटखौली पुलिस के द्वारा एंबुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया। मालूम की बगहा अनुमंडल में यूरिया को लेकर किसान काफी परेशान है। यूरिया की कमी को दूर करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है लेकिन यह प्रयास किसानों के हित में काफी नहीं है । इधर बुधवार को किसानों को सूचना मिली थी कि बगहा दो प्रखंड के बिस्कोमान में यूरिया का वितरण होगा । सूचना के बाद सुबह 4 बजे से ही हजारों किसानों की कतार बिस्कोमान पर खड़ी हो गई। दिन बढ़ने के साथ ही किसानों की भीड़ भी बढ़ती गई। किसानों की भीड़ को अनियंत्रित होते देख कृषि विभाग के कर्मियों के द्वारा वितरण को लेकर वरीय पदाधिकारी से मार्गदर्शन मांगा गया। जिसके बाद प्रखंड के प्रभारी कृषि पदाधिकारी एवं पटखौली पुलिस के सहयोग से बिस्कोमान में यूरिया का वितरण शुरू हुआ। किसानों को आधार कार्ड एवं भू लगान रसीद के आधार पर यूरिया का वितरण हो रहा था। लेकिन किसानों की भीड़ इतनी अधिक थी की भीड़ नियंत्रित नहीं हो पा रहा था। कतारबद्ध किसानों आपस में धक्का मुक्की कर रहे थे। इसी दौरान एक महिला समेत दो किसान घायल हो गए। गौरतलब हो कि एक पखवाड़े से बगहा अनुमंडल के आसपास के क्षेत्र में यूरिया की भारी किल्लत है। जिसको लेकर जिला प्रशासन के द्वारा विगत दिनों पंचायत में खाद उपलब्ध कराया गया था। जिसे कृषि कर्मियों के देखरेख में जीरो टॉलरेंस के नीति पर यूरिया का वितरण किया गया। यूरिया के लिए परेशानी नहीं हुई इसको लेकर बिस्कोमान को भी 7000 बोरा यूरिया का आवंटन प्राप्त हुआ था जिसका वितरण बुधवार को शुरू हुआ।

# हॉस्पिटल रोड बना 'जाम प्वाइंट', 13 अस्पताल-प्राइवेट क्लीनिकों को एसडीओ ने भेजा नोटिस

**निजी पार्किंग की व्यवस्था नहीं, मरीजों और राहगीरों को हो रही भारी परेशानी; 7 दिन में स्पष्टीकरण नहीं देने पर होगी कार्रवाई**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सिवान।** सिवान शहर का सबसे संवेदनशील इलाका- हॉस्पिटल रोड - अब ट्रैफिक जाम का नया केंद्र बन चुका है। इस इलाके में संचालित 13 से ज्यादा निजी अस्पताल, क्लिनिक, जांच केंद्र और अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर अनुमंडल दंडाधिकारी (एसडीओ) सिवान सदर ने सख्त रुख अपनाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सभी संस्थानों से निजी पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने पर जवाब मांगा गया है। यह कार्रवाई 30 जुलाई 2025 को जारी नोटिस के माध्यम से की गई, जिसमें स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि सात दिनों के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं देने की स्थिति में भारतीय दंड संहिता और अन्य अधिनियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**किसे भेजा गया नोटिस?**

एसडीओ द्वारा भेजे गए नोटिस की सूची में कई नामचीन डॉक्टरों और क्लीनिकों के नाम शामिल हैं। इनमें शामिल हैं:

1. डॉ. भानु प्रताप सिंह, नियर सदर अस्पताल
2. डॉ. मनोज कुमार, नवजात व शिशु रोग विशेषज्ञ
3. डॉ. मुन्तजीर, सुफिया मेमोरियल नर्सिंग होम
4. डॉ. उमेश, सामने अखौरी क्लिनिक
5. डॉ. उर्मिला अखौरी, अखौरी क्लिनिक
6. एसबीडी खुशी हास्पीटल- डॉ. अंशु आर्यन, डॉ. शिखा गुप्ता
7. डॉ. अशोक कुमार, पकड़ी मोड़
8. डॉ. मधुरेश और अल्का सोनी, स्टार + क्लिनिक




9. शंकर लेबोरेट्री, डॉ. उमा शंकर पांडेय
10. प्रज्ञा क्लिनिक- डॉ. आर. किरण, डॉ. एच के साह
11. डॉ. रामाजी चौधरी और डॉ. विशाल चौधरी, पकड़ी मोड़
12. चन्द्रिका टावर
13. भोजनालय एवं स्वीट्स तथा कृष्णा साइकिल स्टोर

**क्या है मुख्य शिकायत?**

हॉस्पिटल रोड पर प्रतिदिन सैकड़ों मरीज, तीमारदार और राहगीर आते-जाते हैं। लेकिन यहां संचालित अधिकांश निजी क्लिनिकों और अस्पतालों के पास निजी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, जिससे सड़क किनारे वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। इससे न केवल जाम की स्थिति उत्पन्न होती है, बल्कि एम्बुलेंस और इमरजेंसी वाहनों की आवाजाही में भी बाधा आती है।

**क्या कहा एसडीओ ने?**

अनुमंडल दंडाधिकारी ने नोटिस में स्पष्ट कहा है कि इन सभी प्रतिष्ठानों को 7 दिनों के भीतर जवाब देना होगा कि उन्होंने निजी पार्किंग की सुविधा क्यों नहीं बनाई। यदि संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिला, तो संबंधित संस्थानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुमार्ना, लाइसेंस रद्दीकरण या यहां तक कि प्रतिष्ठान बंद करने की प्रक्रिया भी शामिल हो सकती है।

**स्थानीय लोगों का आक्रोश**

स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि वर्षों से हॉस्पिटल रोड पर अव्यवस्थित ट्रैफिक और बेतरतीब पार्किंग के कारण आए दिन परेशानी होती है। कई बार बीमार मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। अब उम्मीद की जा रही है कि इस कार्यवाही से व्यवस्था सुधरेगी।

**आगे क्या?**

सभी अस्पतालों और क्लिनिकों को 6 अगस्त 2025 तक अपना स्पष्टीकरण दाखिल करना है। इसके बाद प्रशासन द्वारा समीक्षा कर अगला कदम उठाया जाएगा। सिवान की सड़कों पर व्यवस्था लाने के लिए यह एक बड़ा और महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## 22 और प्रतिष्ठानों को एसडीओ ने भेजा कारण बताओ नोटिस

**पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से ट्रैफिक जाम की समस्या बनी गंभीर, 7 दिनों में स्पष्टीकरण नहीं देने पर होगी सख्त कार्रवाई**

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हॉस्पिटल रोड पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन ने एक बार फिर बड़ा कदम उठाया है। अनुमंडल दंडाधिकारी सिवान सदर ने 22 और अस्पतालों, क्लिनिकों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को दिनांक 05.08.2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन प्रतिष्ठानों से प्राइवेट पार्किंग नहीं होने के कारण होने वाली ट्रैफिक समस्याओं को लेकर 7 दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है। रुद्ध ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय में जवाब नहीं आया तो भारतीय दंड संहिता और अन्य अधिनियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इन प्रतिष्ठानों को भेजा गया है नोटिस

इकबाल मेटरनिटी हॉस्पिटल- डॉ. अंजुम इकबाल, अड्डा नं-3
इकबाल मेटरनिटी हॉस्पिटल- डॉ. एम. इकबाल, अड्डा नं-3
डॉ. रेयाजुद्दीन, अड्डा नं-3
डॉ. संदीप कुमार मिश्रा, नियर कुमार स्वीट्स
डॉ. रबीस कुमार, चौधरी मोड़
डॉ. मोनाली बी पवार, पकड़ी मोड़
डॉ. पंकज कुमार सिंह, पकड़ी मोड़
डॉ. ठाकुर अशोक कुमार, पकड़ी मोड़
डॉ. मोहित कुमार जयसवाल, पकड़ी मोड़
डॉ. आशुतोष दिनेन्द्र, पकड़ी मोड़
डॉ. विश्वजीत कुमार, पकड़ी मोड़
डॉ. धीरेन कुमार, पकड़ी मोड़
डॉ. श्रीमती स्मिता गुप्ता, पकड़ी मोड़
जीवनदीप हॉस्पिटल, पकड़ी मोड़ (बड़हरिया बस स्टैंड)
डॉ. शिबा, अड्डा नं-3
अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल
डॉ. पियूस पदमेश, अड्डा नं-3
डॉ. विकास, मैक्स डेंटल क्लिनिक
डॉ. मो. अमजद खान
राजा गैस, गौशाला के नजदीक
आजाद मोबाइल, गौशाला के नजदीक
प्रकाश छोला भटूरा, शुद्ध शाकाहारी भोजनालय, गौशाला के नजदीक पार्किंग की समस्या बनी बड़ी चुनौती

हॉस्पिटल रोड पर लगातार बढ़ते क्लिनिक और अस्पतालों के कारण प्राइवेट पार्किंग की व्यवस्था ना होना नगरवासियों के लिए मुसीबत बन गया है। सड़कों पर ही वाहन खड़े किए जाने के कारण आवाजाही बाधित होती है, जिससे एम्बुलेंस, मरीज और राहगीर सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।

**प्रशासन का रुख सख्त**

एसडीओ ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर इन सभी प्रतिष्ठानों से संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ, तो संबंधित संस्थानों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई, लाइसेंस रद्द करने, अस्थायी सीलिंग, या वाणिज्यिक संचालन पर प्रतिबंध जैसे कठोर कदम उठाए जाएंगे।

**स्थानीय नागरिकों की प्रतिक्रिया**

स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों ने प्रशासन की इस पहल का समर्थन किया है। उनका कहना है कि हॉस्पिटल रोड पर बेतरतीब पार्किंग से रोजाना जाम लगता है और कभी-कभी तो घंटों तक एंबुलेंस फंसी रहती है। प्रशासन की कार्रवाई से व्यवस्था सुधरने की उम्मीद है।

**आगे की प्रक्रिया**

प्रशासन अब इस इलाके की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट भी तैयार करवा रहा है, जिसमें देखा जाएगा कि किस प्रतिष्ठान के पास पार्किंग की कितनी जगह है। यह कार्यवाही सिवान को स्मार्ट सिटी के मानकों पर लाने की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही हैं।

## राज्य खाद्य निगम बेतिया के लेखापाल के विरुद्ध गड़बड़ियों के आरोप में दर्ज हुयी प्राथमिकी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरकारी कार्यों में अनियमितता और गड़बड़ियों के आरोप में राज्य खाद्य निगम बेतिया के लेखापाल रमण कुमार सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को सख्ती से लागू करते हुए जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई मानी जा रही है। जिलाधिकारी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार राज्य खाद्य निगम बेतिया के लेखापाल रमण कुमार सिंह के विरुद्ध बारंबार सार्वजनिक जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं से मार्जिन मनी के भुगतान हेतु अवैध राशि की मांग करने, मानसिक शोषण करने, अभद्रता करने सहित अन्य आरोप के मद्देनजर जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, बेतिया द्वारा जांच की गयी। जांच के क्रम में आरोप की पुष्टि हुई। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट किया कि प्रशासन भ्रष्टाचार के किसी भी रूप को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी व्यवस्था में पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही सर्वोपरि है। जो भी अधिकारी या कर्मी नियमों का उल्लंघन करता पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों और कर्मियों को चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति भ्रष्टाचार में लिप्त पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर राज्य खाद्य निगम बेतिया के लेखापाल रमण कुमार सिंह के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

## आशा चयन में पर गड़बड़ी होने पर सीधे होगी एफआइआर

**आशा चयन की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष करने का निर्देश**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कार्यालय प्रकोष्ठ में आशा के चयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में चयन प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस बैठक में चयनकर्ता, सहयोग हेतु समन्वयक, आम सभा स्थल चयन स्थल, आम सभा की तिथि और समय, चयन की सूचना, प्रचार प्रसार, आम सभा में सम्मिलित होने वाले व्यक्ति, कोरम, चयन प्रक्रिया, प्रमाण पत्रों का सत्यापन, बैठक की कार्यवाही, चयन पत्र निर्गत करना, आशा चयन हेतु अर्हता आदि बिन्दुओं को लेकर जिला पदाधिकारी द्वारा विस्तृत निर्देश दिए गए।बैठक में जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि आशा चयन की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध होनी चाहिए। उन्होंने चयनकताओं, समन्वयकों तथा अन्य संबंधित कर्मियों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों की विस्तार से जानकारी दी।जिला पदाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि चयन प्रक्रिया के हर चरण की वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी कर आवश्यक रिकॉर्ड संधारित किया जाए ताकि भविष्य में किसी प्रकार की शिकायत या विवाद की स्थिति न उत्पन्न हो।उन्होंने यह भी कहा कि आशा स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं और उनका चयन गुणवत्ता के साथ होना अत्यंत आवश्यक है। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि चयन प्रक्रिया को विभागीय गाइडलाइन के अनुरूप और ग्रामीण समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए संपन्न कराया जाए।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि आशा चयन में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी होने पर सीधे एफआइआर दर्ज करते हुए अग्रतर कार्रवाई की जायेगी। गड़बड़ी करने वाले जनप्रतिनिधि हो अथवा सरकारी कर्मी किसी को भी बख्शा नहीं जायेगी, सख्त कार्रवाई निश्चित है।जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि एमओआइसी, बीडीओ, बीपीआरओ सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर लें। बैठक में डेट, टाइम, पैलेस का चयन कर लें। विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर सिविल सर्जन को उपलब्ध कराएं। सिविल सर्जन अपने स्तर से आशा चयन हेतु विस्तृत ऑर्डर निकालेंगे। इसी शिड्यूल के अनुरूप जिले में आशा का चयन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि आशा का चयन आम सभा की बैठक में ग्राम पंचायत द्वारा किया जाना है। आम सभा की अध्यक्षता मुखिया करेंगे। मुखिया की अनुपस्थिति में उप मुखिया अध्यक्षता करेंगे। आम सभा के संयोजक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी होंगे। आमसभा की तिथि एवं समय का 10 दिनों तक लगातार प्रचार प्रसार करना है। आम सभा में चयनित आशा की सूची एमओआइसी द्वारा सिविल सर्जन को पत्र के माध्यम से भेजी जायेगी। चयनित आशा को सिविल सर्जन के अनुमोदनोपरांत संबंधित एमओआइसी द्वारा चयन पत्र निर्गत किया जायेगा।उन्होंने निर्देश दिया कि चयन के 60 दिनों के अंदर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र का सत्यापन कराया जायेगा। यदि जांच के दौरान चयनित आशा द्वारा समर्पित प्रमाण पत्र फर्जी या गलत पाये जाते हैं तो इसकी सूचना साक्ष्य के साथ सिविल सर्जन को दिया जायेगा, जिनके द्वारा चयनमुक्त करते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। चयन के 30 दिनों के बाद प्राप्त परिवाद पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। बिना शपथ पत्र के परिवाद पर भी कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच डुमरिया में महावीरी अखाड़ा सम्पन्न

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के परसा डुमरिया में बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच महावीरी अखाड़ा मेला सम्पन्न हुआ। यह आयोजन मंगलवार रात की हुयी अप्रिय घटना के बाद काफी संवेदनशील माना जा रहा था, लेकिन प्रशासन की सूझबूझ और सतर्कता ने इसे सफल और शांतिपूर्ण बना दिया।एसडीपीओ विवेक दीप ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की रात्रि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा ईंट-पत्थर चलाने की घटना में 19 लोग घायल हो गए थे। घटना के बाद अखाड़ा के लाइसेंसधारी के आवेदन पर दो दर्जन से अधिक लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई, जिनमें से चार को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।घटना को देखते हुए प्रशासन ने मेला स्थल पर पारा मिलिट्री फोर्स, क्विक एक्शन टीम, स्थानीय पुलिस बल, दंगा नियंत्रण वाहन, और दंडाधिकारी की तैनाती की थी। मेला क्षेत्र को कई सेक्टरों में बांटकर कड़ी निगरानी रखी गई, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की कोई संभावना न रहे।गांव में सुरक्षा का ऐसा माहौल था कि ष्परिंदा भी पर नहीं मार सकता थाष्। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की मौजूदगी, लगातार गश्त और सीसीटीवी कैमरों के जरिये निगरानी ने माहौल को पूरी तरह नियंत्रण में रखा। पुलिस अधिकारियों ने लगातार भ्रमण कर व्यवस्था की समीक्षा की।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण केतन, अंचलाधिकारी राजीव रंजन, सदर इंस्पेक्टर विनोद कुमार, थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, पैक्स अध्यक्ष पति कामेश्वर सिंह, उप सरपंच सुरेश यादव, पूर्व मुखिया सुनील तिवारी समेत कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन की तत्परता और कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की सुरक्षा व्यवस्था से परंपरा और आस्था से जुड़ा यह आयोजन अपनी गरिमा के साथ सम्पन्न हो सका।महावीरी अखाड़ा मेला, जो कि धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक माना जाता है, इस बार कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच पूरी तरह से शांतिपूर्ण और सफल रहा।

## कटैया के पोखरा का 30 लाख रुपए में हों रहा है सौंदर्यीकरण

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लौरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कटैया पंचायत के कटैया बाजार के समीप छठ घाट स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए मुखिया किरण शर्मा ने करीब तीस लाख की लागत से विकास कार्य शुरू कर दिया है। मुखिया प्रतिनिधि विनोद शर्मा ने बताया कि तालाब के किनारे किनारे बीस दूधिया स्ट्रीट लाइट लगेगा। जिससे तालाब के चारों तरफ सफेद रोशनी से तालाब जगमग रहेगा। वहीं मनरेगा योजना से तालाब का सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया जा रहा है। जो कि पन्द्रहवी अनटायड मद से जबकि षष्टम अनटायड से स्ट्रीट लाइट लगेगा। वही तालाब में बोटिंग करने के लिए भी व्यवस्था हो रही है।

## सोनासती स्कूल की अनियमितता की शिकायत पर बीईओ ने की जांच

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सोनासती उत्क्रमित मध्य विद्यालय में अनिमितता की शिकायत पर बुधवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार यादव ने जांच की। जांच के दौरान स्कूल में साफ सफाई का घोर अभाव मिला। इस दौरान बीइओ ने एमडीएम, शौचालय, चापाकल आदि को एक सप्ताह के अंदर दुरुस्त करने का निर्देश दिया। जांच के दौरान बीईओ से अभिभावकों ने भी विद्यालय के संचालन को लेकर कई तरह की शिकायत की। इसपर बीईओ ने एचएम को जमकर फटकार लगाई और व्यवस्था में सुधार करने का सख्त निर्देश दिया। ग्रामीणों का आरोप था कि स्कूल मे साफ सफाई का घोर अभाव है। दो चापाकल रहने के वावजूद चार साल से एक भी ठीक नही है। एमडीएम का संचालन मेनू के अनुसार नही किया जाता है। बच्चे जब शिकायत करते हैं तो नाम काटने की धमकी दी जाती है। ग्रामीण अभिभावकों का कहना था कि विद्यालय में प्रतिवर्ष आने वाली विकास की राशि का बंदरबाट किया जाता है। इसका उदहारण स्कूल का चापाकल व मुख्य द्वार है। स्कूल के एचएम सुधाकर कुमार द्वारा मनमानी ढंग से विद्यालय का संचालन किया जाता है। स्कूल में नाईट गार्ड की बहाली है,किन्तु गार्ड अपने घर पर रहता है।ऐसे में असमाजिक तत्व दीवाल पर गंदी गंदी बातें लिख देते हैं।बीईओ श्री यादव ने नाईट गार्ड को प्रतिदिन स्कूल में उपस्थित करने का सख्त निर्देश दिया। बीईओ ने बताया कि बच्चों व अभिभावकों की शिकायत पर स्कूल की जांच की गई है। जांच में काफी गड़बड़ी मिली है। उन्होंने कहा कि स्कूल के शिक्षक विशाल कुमार पर सिर मालिश कराने व गुटखा मंगाने का आरोप है।अभिभावकों ने भी यह खुलासा किया है। जिसको लेकर उंक्त शिक्षक से भी स्पस्टीकरण मांगी गई है।उंन्होने बताया कि स्कूल के एचएम समेत अन्य सभी शिक्षको से स्पस्टीकरण की मांग की गई है।24 घंटे के अंदर उचित जवाब नही देने पर शिक्षको के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर जिला को पत्र लिखा जाएगा। बीईओ ने कहा कि स्कूल भवन जर्जर है और बेंच डेस्क का भी अभाव है। इसकी रिपोर्ट जिला में भेजी जाएगी।गौरतलब हो कि बीते मंगलवार को स्कूल की अनियमितता को लेकर सैकड़ो की संख्या में बच्चो ने अधिकारियों के पास पहुँचकर शिकायत की थी।

## जन वितरण दुकानों का सप्ताह में एक दिन का होगा अवकाश

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने अब जन वितरण दुकानों के संचालन को लेकर साप्ताहिक अवकाश रखने का निर्देश दिया है। अब सभी डीलर सप्ताह में एक दिन अपना दुकान बंद रख सकते है। इसको लेकर आपूर्ति विभाग ने एक आदेश जारी किया है। जिसके तहत विक्रेताओं को साप्ताहिक अवकाश समेत कई तरह की राहत दी गई है। उक्त जानकारी सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी सौरभ कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि नए आदेश के अनुसार, पीडीएस दुकानें अब प्रत्येक सोमवार को बंद रहेंगी।

# भोजपुरिया कला जुटान 10 अगस्त को

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भोजपुरी साहित्य, संस्कृति और सभ्यता को जीवंत करने के उद्देश्य से संस्कार भारती की ओर से आगामी 10 अगस्त को एक वृहद कार्यक्रम भोजपुरिया कला जुटान का आयोजन किया जा रहा है।जिसकी तैयारी जोर शोर पर है। इसकी जानकारी देते हुए संस्कार भारती के अध्यक्ष सह आयोजन समिति के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र शरण ने बताया कि यह आयोजन राजमहल विवाह भवन में होगा, जिसमें भोजपुरी धरोहर को संग्रहित करने और इसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। श्री शरण ने बताया कि यह आयोजन भोजपुरी संस्कृति के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में खादी भुषाचार और भोजपुरी गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। खादी भुषाचार के माध्यम से परंपरागत वेशभूषा को बढ़ावा देने का प्रयास होगा, जिसमें प्रतिभागी भोजपुरी संस्कृति से प्रेरित परिधानों में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता न केवल स्थानीय कला और संस्कृति को प्रोत्साहन देगी, बल्कि युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़े रखने का अवसर भी प्रदान करेगी। भोजपुरी गायन प्रतियोगिता में स्थानीय और क्षेत्रीय कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भोजपुरी लोक संगीत की समृद्ध परंपरा को संरक्षित करना और नए कलाकारों को मंच प्रदान करना है। शाम को आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होगी। इसमें भोजपुरी लोक नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियां शामिल होंगी, जो भोजपुरी संस्कृति की विविधता और समृद्धि को दशाएंगी। इस संध्या में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ प्रख्यात भोजपुरी कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे, जिससे दर्शकों को भोजपुरी कला का अनुपम संगम देखने को मिलेगा।ज्ञानेंद्र शरण ने बताया कि यह आयोजन भोजपुरी समाज को एकजुट करने और अपनी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने का प्रयास है। उन्होंने नगरवासियों से इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। आयोजन समिति ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और इसे भव्य और यादगार बनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का साधन होगा, बल्कि भोजपुरी संस्कृति के संरक्षण और प्रोत्साहन में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक सोमवार को देर शाम संपन्न हुयी। जिसमें सदस्यों के बीच जिम्मेवारी सौंपी गयी। बैठक में दीवाकर राय, अखिलेश्वर मिश्र, कुंदन शांडिल्य,संतोष कुमार आनंद, मुनींद्र झा, चंदन कुमार झा, बीरबल मौर्य, मंजीत कुमार आदि भी मौजूद रहे।



# 20 समितियों पर सर्वाधिक सीएमआर बकाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के अंतर्गत जिले में लगभग 551 करोड़ रूपये से कुल 2,37,346.223 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई थी, जिसका समतुल्य सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) लगभग 1,62,528.83 मीट्रिक टन राज्य खाद्य निगम को उपलब्ध कराया जाना था, जिसमें से 1,50,781.667 मीट्रिक टन एख्रट राज्य खाद्य निगम को उपलब्ध करा दिया गया है, जबकि 11,700.37 मीट्रिक टन सीएमआर की आपूर्ति किया जाना शेष है, जिसका समतुल्य राशि लगभग 39.57 करोड़ रूपये है। यह जानकारी जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मनोज कुमार चौधरी ने दी है। समितियों द्वारा अधिप्राप्त किये गए धान के समतुल्य शत-प्रतिशत सीएमआर (मावल) राज्य खाद्य निगम को उपलब्ध कराने हेतु विभाग द्वारा दिनांक 10 अगस्त 2025 तक समय निर्धारित किया गया है। जबकि कुछ समितियों द्वारा अत्यंत ही धीमी गति से सीएमआर राज्य खाद्य निगम को उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे निर्धारित अवधि में शत-प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति में संदेह उत्पन्न हो गया है। जिले में कुल 20 प्रमुख समितियां हैं जिनके पास सर्वाधिक सीएमआर बकाया है, जिनमें प्रमुख रूप से दाउदनगर प्रखंड अंतर्गत संसा समिति पर 21.03 मीट्रिक टन, रफीगंज प्रखंड की बौर समिति पर 16.45 मीट्रिक टन, दाउदनगर की अकोढा समिति पर 16.32 मीट्रिक टन, रफीगंज की ईटार समिति पर 15.34 मीट्रिक टन, दाउदनगर की अंछा समिति पर 13.88 मीट्रिक टन, सिंदुआर समिति पर 11.03 मीट्रिक टन, कुटुंबा की दधपा समिति पर 9.58 मीट्रिक टन, नवीनगर की तोल समिति पर 9.07 मीट्रिक टन, बारुण की व्यापार मंडल बारूण समिति पर 8.08 मीट्रिक टन, भोपतपुर समिति पर 8.66 मीट्रिक टन, कुटुंबा की नवीनगर समिति पर 8.15 मीट्रिक टन, रफीगंज की रामपुर समिति पर 7.83 मीट्रिक टन, मिपरा समिति पर 7.55 मीट्रिक टन, ओबरा की करसांव समिति पर 7.78 मीट्रिक टन, अमिलौना समिति पर 6.64 मीट्रिक टन, कंचनपुर समिति पर 6.39 मीट्रिक टन, तेजपुरा समिति पर 6.19 मीट्रिक टन, गोह प्रखंड की चापुक समिति पर 6.02 मीट्रिक टन, तेयाप समिति पर 5.98 मीट्रिक टन तथा औरंगाबाद प्रखंड की कुरम्हां समिति पर 5.67 मीट्रिक टन एख्रट की आपूर्ति शेष है। इन बकाया मात्राओं की कुल वित्तीय राशि लगभग 39.57 करोड़ रुपये आंकी गई है।

जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा स्पष्ट रूप से बताया गया कि निर्धारित अवधि में सीएमआर की आपूर्ति नहीं करनेवाली समितियों पर सरकारी राशि का गबन मानते हुए भारतीय दण्ड संहिता एवं सहकारिता अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## 5000 लीटर से अधिक अवैध देसी एवं विदेशी शराब का विधिवत विनष्टीकरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद में मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के द्वारा मद्य निषेध कार्यालय परिसर में 5000 लीटर से अधिक अवैध शराब का विनष्टीकरण किया गया। यह कार्यवाही उत्पाद अधीक्षक श्री दिलीप कुमार पाठक की उपस्थिति में तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी-सह-अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, जहानाबाद के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। विनष्टीकरण की गई कुल जब्त शराब की मात्रा 5047.68 लीटर थी, जिसमें से 3587.93 लीटर अवैध देशी एवं विदेशी शराब उत्पाद विभाग द्वारा जब्त की गई थी, तथा 1459.75 लीटर शराब पुलिस विभाग द्वारा जब्त की गई थी। कार्यवाही के दौरान पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए वीडियोग्राफी एवं दस्तावेजीकरण किया गया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था। जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि जहानाबाद जिले में अवैध मद्य कारोबार के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई गई है, और इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी लगातार जारी रहेगी।

# जीटी रोड पर वाहनों की अवैध पार्किंग से होती हैं दुर्घटनाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मदनपुर से बारुण तक जीटी रोड पर खड़ी होती है वाहन**

**एनएचएआइ व परिवहन विभाग के अधिकारी नहीं करते कार्रवाई**

**औरंगाबाद।** जीटी रोड पर वाहनों के अवैध पार्किंग यात्रियों के लिए इन दिनों दहशत बन गया है। जीटी रोड से लेकर अन्य हाइवे पर प्रतिदिन सड़क हादसे हो रहे हैं। हादसे में यात्री अपनी जान गंवा रहे हैं। घायल दिव्यांग हो जा रहे हैं। इधर दुर्घटना का मुख्य कारण जीटी रोड पर ट्रकों एवं अन्य वाहनों की अवैध पार्किंग से हो रही। सर्वाधिक दुर्घटना जीटी रोड पर होती है। सड़क दुर्घटनाओं से हाइवे पर यात्रियों की सुरक्षित यात्रा को लेकर एनएचएआइ से लेकर परिवहन विभाग कार्रवाई नहीं करती है। जीटी रोड पर मदनपुर से लेकर बारुण तक सड़क पर ही ट्रक समेत अन्य भारी वाहन खड़े रहते हैं। दिन रात तेज रफ्तार में दौड़ने वाली कार चालकों की थोड़ी सी लापरवाही से यात्री अपनी जान गंवा दे रहे हैं। इतना होने के बावजूद भी एनएचएआइ एवं परिवहन विभाग के अधिकारी गंभीर नहीं हो रहे हैं। बता दें कि परिवहन विभाग के अधिकारी सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान करती है परंतु वह कारगर साबित नहीं होता है। यह अभियान केवल कागजों पर ही सिमटकर रह जाता है। मदनपुर बाजार, खिरियावां मोड़, शिवगंज, नगर थाना के जसोइया मोड़, महाराणा प्रताप चौक, कथरूआ, कामा बिगहा, फारम, बारुण के केशव मोड़, मंजुराही, सीरिस, योगिया, मुफस्सिल थाना के ओरा, देव मोड़ को डेंजर जोन घोषित किया गया है। बता दें कि बीते चार अगस्त को नगर थाना क्षेत्र के कामा बिगहा के समीप जीटी रोड पर खड़ी ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक से टक्कर हो गई। घटना में चालक की मौत हो गई थी, जबकि सहचालक घायल हो गया था। इतना होने के बाद भी अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। एमवीआई औरंगाबाद ने बताया कि सड़क पर अवैध पार्किंग करने वाले वाहनों पर हमेशा कार्रवाई की जाती है। साथ ही वाहन चालकों से जुर्माना वसूला जाता है। अभी जीटी रोड सिक्स लेन का निर्माण कार्य चल रहा है जिस कारण परेशानी हो रही है।

# एनएच-139 को फोरलेन बनाने की मांग, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मेहता ने केंद्रीय मंत्री गडकरी को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मंगलवार को पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय मेहता ने भेंट कर औरंगाबाद से पटना (एनएच-139) को फोरलेन बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। नई दिल्ली स्थित मंत्री आवास पर हुई इस मुलाकात में श्री मेहता ने विस्तारपूर्वक बताया कि एनएच-139 न केवल बिहार के औरंगाबाद, अरवल और पटना जिलों को जोड़ता है, बल्कि यह झारखंड के पलामू, लातेहार, रांची तथा छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्रों को भी राजधानी पटना से जोड़ता है। यह मार्ग पांच राज्यों की करोड़ों की आबादी की जीवन रेखा है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग से करीब आधा दर्जन नेशनल हाईवे और कई स्टेट हाईवे भी जुड़े हैं, लेकिन सड़क की चौड़ाई महज दो लेन होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में जान-माल की क्षति होती है। साथ ही घंटों लंबा ट्रैफिक जाम भी आम बात हो गई है। श्री मेहता ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए एनएच-139 को फोरलेन बनाने की दिशा में शीघ्र निर्णायक पहल की जाए, जिससे लोगों की जान की सुरक्षा के साथ-साथ यात्रा समय की भी बचत हो सके। मीडिया से बात करते हुए श्री मेहता ने कहा कि मैं कोई बड़ा नेता नहीं, एक साधारण राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता हूं। बीते महीने युवाओं द्वारा इस सड़क को लेकर किए गए आंदोलन से मुझे प्रेरणा मिली। जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता के चलते यह मामला अधर में लटका था, जिसे मैंने आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री गडकरी ने आश्वस्त किया कि सड़क एवं परिवहन मंत्रालय में संसाधनों की कोई कमी नहीं है। यदि प्रस्ताव नियम-संगत होगा तो इसे फोरलेन की स्वीकृति अवश्य मिलेगी। श्री मेहता ने क्षेत्रीय जनता की ओर से केंद्रीय मंत्री को साधुवाद देते हुए कहा कि यह सड़क न केवल विकास की धुरी है, बल्कि आम जनजीवन की सुरक्षा और सुविधा का अहम हिस्सा भी है।

# सभी प्रखंडों एवं नगर निकायों में दावा आपत्ति हेतु समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अगले चरण (दावा-आपत्ति एवं दस्तावेज़ अपलोड) के अंतर्गत जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देशानुसार जहानाबाद जिले के सभी प्रखंडों एवं नगर निकायों में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के पहले चरण में 24 जून से 26 जुलाई तक सभी मतदाताओं से गणना प्रपत्र संकलित किए गए थे, जिसके उपरांत 1 अगस्त को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया गया। वर्तमान में 1 अगस्त से 1 सितम्बर तक दावा-आपत्ति दर्ज करने की प्रक्रिया संचालित है। बुधवार को आयोजित बैठकों में दावा-आपत्तियों की प्राप्ति, दस्तावेज़ अपलोड की स्थिति एवं विशेष कैंपों की गतिविधियों की समग्र समीक्षा की गई।

**जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र (216):** रतनी फरीदपुर प्रखंड में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा के द्वारा सभी बीएलओ के साथ समीक्षा की गई। अन्य प्रखंडों में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा संबंधित बीएलओ एवं सुपरवाइजरों के साथ दावा-आपत्ति की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। नगर निकाय क्षेत्रों में संबंधित कार्यपालक पदाधिकारियों के द्वारा समीक्षा बैठकें आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त, सभी प्रखंड एवं नगर निकाय कार्यालयों में विशेष कैंप लगाकर दावा/आपत्ति दाखिल करने की सुविधा प्रतिदिन पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक (रविवार सहित) दी जा रही है। नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी अपना दावा/आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

बताया गया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 24 के अंतर्गत दावा/आपत्ति के निपटारे के पश्चात अपील की सुविधा भी उपलब्ध है। निर्वाचन पदाधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट कोई भी व्यक्ति निर्धारित समयसीमा में जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष अपील कर सकता है। यदि अपीलकर्ता निर्णय से पुनः असंतुष्ट होता है, तो वह 30 दिनों के भीतर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष दूसरी अपील कर सकता है।

# अवैध विदेशी शराब से भरा ट्रक जब्त, चालक फरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के दिशा-निर्देश में कार्य करते हुए मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, जहानाबाद की टीम ने कार्रवाई करते हुए बुधवार को एक ट्रक से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया। जहानाबाद जिला प्रशासन द्वारा शराब माफियाओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत एक और बड़ी सफलता हासिल की गई है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई। इस कार्रवाई में एक ट्रक से कुल 561 कार्टन विदेशी शराब जब्त की गई। जिसे 55 कार्टन भूसी (राइस ब्राउन) के नीचे छिपाकर परिवहन किया जा रहा था। यह ट्रक जहानाबाद जिले की सीमा में पकड़ा गया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। इस संबंध में संबंधित धाराओं के अंतर्गत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है तथा आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के तहत की गई है, जिसके अंतर्गत बिहार राज्य में किसी भी प्रकार के मादक द्रव्यों के निर्माण, भंडारण, परिवहन, क्रय-विक्रय या सेवन पर सख्त प्रतिबंध है। यह अधिनियम राज्य में सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य संरक्षण तथा अपराध नियंत्रण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा शराबबंदी के पूर्ण क्रियान्वयन हेतु लगातार सतर्कता अभियान चलाया जा रहा है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा न जाए।

# रक्षा सूत्र बंधन का श्रेष्ठ मुहूर्त 9 अगस्त शनिवार को सुबह 6:32 से दोपहर 1:23 तक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** आचार्य पं0 लाल मोहन शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष श्रावणी पूर्णिमा के पावन अवसर पर 9 अगस्त (शनिवार) को रक्षा बंधन, श्रावणी उपाकर्म (जनेऊ संस्कार) और संस्कृत दिवस का त्रिवेणी संगम हो रहा है। उन्होंने बताया कि 8 अगस्त शुक्रवार को संध्या काल में सत्यनारायण व्रत कथा का आयोजन शुभ रहेगा, क्योंकि इसी दिन रात्रि 01:50 बजे से पूर्णिमा तिथि प्रारंभ होकर 9 अगस्त शनिवार को 01:23 बजे तक रहेगी। शुक्रवार की रात्रि में भद्रा काल 01:40 बजे तक पाताल लोक में रहेगा, इसलिए इस दौरान राखी बांधना और हवन आदि वर्जित है। रक्षा बंधन का श्रेष्ठ मुहूर्त 9 अगस्त शनिवार को सुबह 6:32 बजे से दोपहर 1:23 बजे तक है। इस दिन श्रवण (विजय) नक्षत्र, आयुष्मान और सौभाग्य योग, बव करण और औदायिका स्थिर योग जैसे शुभ संयोग बन रहे हैं। साथ ही यह दिन शनि की राशि कुम्भ में होने से भाई-बहन के रिश्ते को सुदृढ़ करने वाला दिन होगा। आचार्य शास्त्री ने बताया कि रक्षा बंधन की परंपरा प्राचीन काल से रही है। देवासुर संग्राम के समय इन्द्राणी शची ने देवराज इन्द्र को विजय तिलक कर रक्षा सूत्र बांधा था। वहीं, सिन्धुसूता लक्ष्मी ने अपने पति विष्णु को बन्धन से छुड़ाने हेतु राजा बली को राखी बांधी थी। श्रावणी उपाकर्म के तहत ब्राह्मण अपने यजमानों को जनेऊ और रक्षा सूत्र प्रदान करते हैं। यह परंपरा सनातन धर्म की आस्था और परस्पर विश्वास को सुदृढ़ करती है। पं0 शास्त्री ने बताया कि 18वीं शताब्दी में इन्दौर की महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने नेपाल नरेश को राखी भेजकर पशुपतिनाथ मंदिर में पूजा सामग्री अर्पित की थी। इस पर नेपाल नरेश ने प्रसन्न होकर कहा कि यदि कोई उपहार चाहिए तो बताएं। महारानी ने उत्तर दिया कि पशुपतिनाथ मंदिर में प्रत्येक पूजा की शुरुआत उनके भेजे गए पुरोहित द्वारा होनी चाहिए। आज भी यह परंपरा जारी है। रक्षा बंधन के दिन बहनें अपने भाई की दायीं कलाई में रक्षा सूत्र बांधती हैं और भाई उन्हें उपहार देकर आजीवन रक्षा का वचन देते हैं।

# दरधा नदी में डूबने से सात वर्षीय बालक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के सेरथुआ गांव के पास दरधा नदी में डूबने से एक मासूम बालक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान सेरथुआ गांव निवासी प्रवीण कुमार के सात वर्षीय पुत्र भूरा कुमार के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भूरा कुमार मंगलवार की सुबह नदी किनारे शौच के लिए गया था, इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल, जहानाबाद लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर टेहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कानूनी प्रक्रिया के तहत शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जिसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

इस हृदयविदारक घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, वहीं मृतक के परिवार में गहरा मातम छा गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजे की मांग की है।

# पीएनबी ने चलाया वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** आम जनता को वित्तीय सेवाओं से जोड़ने और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के द्वारा रफीगंज ब्लॉक परिसर में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर की अध्यक्षता अग्रणी जिला प्रबंधक आनंद वर्धन ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों को जन-धन खाता पुनः केवाईसी, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये योजनाएं आम लोगों के आर्थिक सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करती हैं और इनके जरिए सामाजिक सुरक्षा को मजबूती मिलती है। शिविर के दौरान बैंक अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने उपस्थित लाभार्थियों को इन योजनाओं से जुड़ने की प्रक्रिया समझाई और मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में बैंक अधिकारी विग्न प्रसाद, स्वधार समन्वयक मनोरंजन पाठक, संजीवनी पर्यवेक्षक अमित मिश्रा, सीएफएल प्रतिनिधि मनीष कुमार, बैंक मित्र मनजीत कुमार, शशि सिंह, जितेंद्र सिंह, पूजा शर्मा और मनीष पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। अभियान का उद्देश्य गांव-गांव तक बैंकिंग सेवाओं की पहुंच को सुनिश्चित करना और हर नागरिक को वित्तीय सुरक्षा के दायरे में लाना है। शिविर को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह देखा गया। बैंक अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

# फ़ेयर प्राइस एसोसिएशन की पदयात्रा आंदोलन की तैयारी पूरी, 9 अगस्त से भितिहरवा के लिए होगी रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर परिसर में फ़ेयर प्राइस एसोसिएशन संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें पश्चिम चंपारण के भितिहरवा तक प्रस्तावित पैदल यात्रा आंदोलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने की, जबकि संचालन जिला कमिटी सदस्य कमाख्या नारायण सिंह ने किया। बैठक में रामनरेश सिंह, रविंद्र यादव, फिरोज खान, मनोहर गुप्ता और श्यामदेव प्रसाद सहित कई सदस्यों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि यह पदयात्रा आंदोलन ऐतिहासिक बनने जा रहा है, और इसके लिए संघ पूरी तरह तैयार है। कमाख्या नारायण सिंह ने कहा कि राशन डीलरों की कमीशन राशि और मासिक मानदेय में वृद्धि की मांग को लेकर यह आंदोलन शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पैदल यात्रा के माध्यम से पटना पहुंचकर सरकार का ध्यान इस गंभीर मुद्दे की ओर आकृष्ट कराया जाएगा। बैठक में मंगल नारायण चौधरी, बच्चू राम, कन्हैया कुमार, पहलवान गुप्ता, अशोक कुमार, संजय कुमार समेत दर्जनों सदस्यों ने अपने विचार रखे और पदयात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने राशन डीलरों की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया, तो आंदोलन को और अधिक व्यापक और उग्र रूप दिया जाएगा। बताया गया कि यह पदयात्रा 9 अगस्त से शुरू होगी, जिसमें जिले के सैकड़ों राशन डीलर भाग लेंगे और भितिहरवा पहुंचकर सरकार से न्याय की मांग करेंगे।

# अधिवक्ता के अभाव में बंद काराधीन अभियुक्त को प्राधिकार ने करवाया रिहा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** दो सालों से काराधीन अभियुक्त को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आज रिहा करवाया गया। दरअसल, वर्ष 2023 में ओबरा थाना में एक पॉक्सों का मामला दर्ज करवाया गया था जिसमें थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी सूरज चौधरी का बेटा अनिल चौधरी को नामजद अभियुक्त बनाया गया था, तब से वह मंडलकारा में कैद था। अधिवक्ता के अभाव में न्यायालय में उसका बचाव नहीं हो रहा था। तब विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो अधिनियम के पत्र के आलोक में अभियुक्त का सशक्त बचाव हेतु, उप प्रमुख बचाव अधिवक्ता अभिनंदन कुमार को प्रतिनियुक्त करते हुए बचाव करने का निर्देश दिया गया जिसमें सूचक, पीड़िता एवं अनुसंधानक समेत कुल पांच गवाहों का गवाही एवं अन्य कार्रवाई उपरांत आज उस वाद में अनील चौधरी को न्यायालय ने रिहा किया है। रिहा होने के उपरांत अभियुक्त काफी भावुक हो गया। उसने कहा कि गरीबों के लिए यह संस्था बहुत ही अच्छा कार्य रहा है। अगर ये संस्था नहीं रहता तो पता नहीं हमें कितने दिन जेल में रहना पड़ता। इस कार्य में उप प्रमुख अधिवक्ता अभिनंदन कुमार की मदद सहायक अधिवक्ता चंदन कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। इस तरह अभियुक्त लगभग दो साल कारा में रहने के उपरांत आज रिहा हुआ है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने बताया कि अधिवक्ता के अभाव में काराधीन बंदी को आज प्राधिकार द्वारा रिहा करवाया गया है।प्राधिकार द्वारा यह

# कला और सांस्कृतिक विरासत का होगा संरक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुख्यमंत्री गुरु शिष्य परंपरा योजना के तहत विलुप्तप्राय लोककलाओं को मिलेगा नया जीवन**

**जहानाबाद।** बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा राज्य की समृद्ध लोकपरंपरा और विलुप्तप्राय कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु मुख्यमंत्री गुरु शिष्य परंपरा योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना का उद्देश्य लोककला, लोकगाथा, लोकनृत्य एवं पारंपरिक कलाओं को संरक्षित करते हुए नई पीढ़ी को उनसे जोड़ना है। जहानाबाद जिले की कला-संस्कृति पदाधिकारी चांदनी कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत जिले के ऐसे अनुभवी कलाकार, जो किसी दुर्लभ अथवा पारंपरिक लोककला में पारंगत हैं, उन्हें गुरु के रूप में चिन्हित कर प्रशिक्षु शिष्यों को दो वर्षों तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक माह न्यूनतम 12 दिन का प्रशिक्षण अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण उपरांत भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन भी किया जाएगा।

**विलुप्तप्राय कलाओं को मिलेगा संरक्षण**

श्रीमती कुमारी ने बताया कि योजना के अंतर्गत गौरियाबाबा, भरथरी बाबा, राजा सलहेश, रेशमा-चूहड़मल, सती बिहुला, हिरनी-बीरनी जैसी लोकगाथाओं तथा विदेशिया, डोमकुछ, बगुली, जालिम सिंह, बिरहा, कीर्तिनया जैसे लोकनाट्यों और पायका, कर्मा, धोबिया, झरनी, झिझिया, कठघोड़वा आदि लोकनृत्यों का संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

**आर्थिक प्रोत्साहन भी शामिल**

योजना के अंतर्गत गुरुओं को 15,000 प्रति माह, संगत कलाकारों को 7,500 प्रति माह एवं शिष्यों को 3,000 प्रति माह की वित्तीय सहायता दी जाएगी। बताया गया कि इच्छुक कलाकार अथवा प्रशिक्षक योजना से जुड़ने हेतु जिला कला संस्कृति कार्यालय, जहानाबाद में सीधे संपर्क कर सकते हैं। इस अभिनव पहल से जहानाबाद की सांस्कृतिक धरोहर को नई ऊर्जा और पहचान मिलने की संभावना है।


**Govt. of Bihar**

**URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT**
**OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER,**
**NAGAR PANCHAYAT NAVINAGAR (AURANGABAD)**
**SHORT NOTICE INVITING R-Tender NIT NO : 07/2025-26**

The Executive Office, **Nagar Panchayat Navinagar**, Bihar invites online tender in two Bid System (Technical & Financial) on Engineering, procurement and construction (EPC) more basis from eligible firms/contractors of repute for the following work:

| | |
|---|---|
| Name of the Work: | **Design, Build, construct, install, commissioning of compost plant of 5 TPD for wet waste along with operation and maintenance of plant for 5 years including the tipping fee On EPC mode of Nagar Panchayat Navinagar** |
| Estimated Project Cost (in Rs.): | 5006669.00 |
| Bid Security/EMD (2%): | 100200.00 |
| Performance Security (5%) | 250500.00 |
| Cost of Bid Document: | 10000.00 |
| Plan Capacity (in TPD): | 05 TPD |
| Name of Publisher & Officer/Address: | Executive Officer, Nagar Panchayat Navinagar |
| Tender Invitation Issue Date: | 05.08.2025 |
| Bid Submission Start Date: | 12.08.2025 Time 1:00 PM |
| Pre-Bid Meeting Date, Time & Place: | 11.08.2025, 11:00 AM to 12:00 PM at Office of Executive Officer Nagar Panchayat Navinagar |
| Bid Submission Due Date & Time: | 21.08.2025 till 03:00 PM. |
| Physical document submission end date, time & place: | 22.08.2025 till 03:30 PM, at Office of Executive Officer Nagar Panchayat Navinagar |
| Bid open date and time of online opening of documents (Mandatory Documents Technical): | 22.08.2025 till 04:00 PM |
| Financial Bid opening date: | After the evaluation of Technical Bid. |
| Periods of Bid Validity: | 180 Days. |

- The bid forms and other details can be seen and downloaded from the website portal **https://www.eproc2.bihar.gov.in**
- Document fee is mandatory to be paid through online mode i.e, internet payment gateway (credit/debit card), net banking, NEFT, RTGS in favor of Executive officer, Nagar Panchayat Navinagar.
- The RFP may be postponed, modified or cancelled at any time due to administrative reasons and no claim shall be entertained on this account.

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

**Executive Officer**
**Nagar Panchayat Navinagar**

**PR. No. 010803 (B&C) 25-26**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

# मसौढ़ी में ईवीएम प्रदर्शनी केंद्र की शुरूआत

## चुनाव की घोषणा तक वोटिंग प्रक्रिया की ली जा सकती है जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 की घोषणा तक ईवीएम के भौतिक प्रदर्शन व डिजिटल तरीके से मतदाताओं को ईवीएम से परिचित कराने व उनमें जागरूकता बढ़ाने हेतु मसौढी अनुमंडल कार्यालय में बुधवार को ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर स्थापित किया गया है, जिसका विधिवत उद्घाटन एसडीएम अभिषेक कुमार ने की। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि इस डेमोंसट्रेशन सेंटर के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र के सभी योग्य मतदाता वोटिंग प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से समझने के लिए वोट देकर इसकी कार्य प्रणाली से अवगत हो सकते हैं। यह डेमोंसट्रेशन सेंटर प्रत्येक कार्य दिवस पर 10:00 पूर्वाह्न से 5:00 अपराह्न तक खुला रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश में मतदाता जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके साथ ही मतदाताओं से अपील की कि सभी लोग डेमोंसट्रेशन सेंटर पर आकर वोटिंग की सहज प्रक्रिया को आसानी से समझे और इसकी भ्रांतियां को दूर करने में भारत निर्वाचन आयोग का सहयोग करें। कोई भी मतदाता यहां आकर ईवीएम, वीवी पैट से मतदान करने की प्रक्रिया या ईवीएम व वीवी पैट से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सभी उपस्थित अधिकारी व कर्मी द्वारा एक-एक वोट डालकर ईवीएम व वीवी पैट का प्रयोग किया गया। मौके पर जिला सहायक आपूर्ति पदाधिकारी निर्भय कुमार, कार्यापालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार, निलिमा सिंह एवं आनुमंडल कर्मी शामिल रही। एसडीएम ने कहा की इसका उद्देश्य मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के बारे में जानकारी देना और उन्हें मतदान प्रक्रिया से अवगत कराना है। नोडल पदाधिकारी निर्भय कुमार ने वोटिंग प्रक्रिया के बारे में बताया कि मतदान केंद्र पर मतदाता की जांच के बाद वे मतदान प्रकोष्ठ में प्रवेश करते हैं। इसके बाद मतदान कर्मी वैलेट इशू करते हैं और वैलेट यूनिट मतदान के लिए तैयार हो जाता है। वैलेट में सभी प्रत्याशियों के नाम और चिन्ह अंकित रहते हैं। मतदाता को अपने पसंदीदा प्रत्याशी के सामने नीला बटन दबाना होता है। बटन दबाते ही बीप की आवाज होती है और वीवीपैट में प्रत्याशी का पर्चा दिखकर नीचे गिर जाता है।



## राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन की टीम ने लिया बाढ़ की तैयारी का जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली से आई तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय टीम ने मंगलवार को मुजफ्फरपुर जिले का भ्रमण कर बाढ़ आपदा की तैयारियों का जायजा लिया। टीम में लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव कुमार शाही, विवेक जायसवाल एवं अनुज तिवारी शामिल थे। इस क्रम में समाहरणालय सभागार में एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला आपदा शाखा के अपर समाहर्ता शैलेश कुमार चौधरी ने की, जिन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में बाढ़ की अद्यतन स्थिति और अब तक की गई तैयारियों से टीम को अवगत कराया। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जिले में बुढ़ी गंडक, बागमती और गंडक नदियों के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है। इन नदियों के विभिन्न कालखंडों में जलस्तर की प्रवृत्ति, खतरे के निशान तथा बाढ़ पूर्वानुमान संबंधी जानकारी जल संसाधन विभाग द्वारा नियमित रूप से साझा की जाती है। टीम ने स्वास्थ्य, विद्युत, पेयजल, सड़क एवं संचार व्यवस्था जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं की उपलब्धता एवं संभावित प्रभावित क्षेत्रों में उनकी कार्य योजना की जानकारी प्राप्त की। तटबंधों की निगरानी, राहत केंद्रों की व्यवस्था तथा सुरक्षित स्थलों की पहचान पर विशेष चर्चा की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि जिले में बाढ़ आपदा से निपटने हेतु संपूर्ण तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले के पास 255 नाव, 9 इनफ्लैटेबल मोटर बोट, 26042 पॉलिथीन शीट्स, 73 लाइफ जैकेट, 109 गोताखोर, 497 आपदा मित्र, 21 तैराक, 515 चिन्हित शरण स्थल तथा 526 सामुदायिक रसोई सहित अन्य संसाधन उपलब्ध हैं। समीक्षा बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि बाढ़ आपदा के समय स्वास्थ्य विभाग, पीएचईडी, बिजली विभाग, जल संसाधन, आईसीडीएस, जीविका सहित सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट दायित्व सौंपे गए हैं और सभी अधिकारी सजग होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं।

एनडीएमए की टीम ने जिले की तैयारियों पर संतोष जताया और आवश्यक सुझाव भी दिए, ताकि आपदा की स्थिति में जान-माल की क्षति को न्यूनतम किया जा सके।

## एक नजर

### छापेमारी में युवक गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के हुलासचक गांव में छापेमारी के क्रम में घर से एक देशी पिस्तौल एक जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया की आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त चंदन कुमार उर्फ एक्शन उम्र लगभग 27 वर्ष पिता टुनटुन प्रसाद ग्राम हुलासचक के घर पर छापेमारी के क्रम एक देसी पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। दरअसल धनरूआ थाना क्षेत्र के सेवती गांव में 6 महीना पूर्व जमीन विवाद में दर्जनों राउंड गोलीबारी हुई थी, जिसमें एक दारोगा समेत कई लोग जख्मी हुए थे और उस पूरे मामले में 13 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अब तक कुल पांच लोग गिरफ्तारी हो चुकी हैं। इसी गोलीबारी मामले में फरार चल रहे आरोपी के घर पर बीते रात को छापेमारी हुई थी जहां छापेमारी के क्रम में पिस्टल एवं गोली बरामद की गई है।

### भेजे गये 600 पॉलीथिन शीट्स

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के छह पंचायतों में बाढ को देखते हुए तीन पंचायतों में 600 पॉलीथीन सीट का वितरण करने के लिए भेजा गया है. सीओ चंदन कुमार ने बताया कि दियारा के छह पंचायतों में बाढ को देखते हुए गंगहरा, हेतनपुर व कासीमचक पंचायतों में दो-दो पॉलीथिन सीट वितरण करने के लिए मुखिया को दिया गया है. उन्होंने बताया कि बाकी तीन पंचायतों में भी पॉलीथिन सीट का वितरण मुखिया द्वारा कराया जायेगा।

### महादलितों के बीच चूडा-गुड़ का वितरण

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लगातार बारिश से शिवाला महादलित में जल जमाव से त्रस्त हो गया था. जिसको देखते हुए अंचल प्रशासन ने एक सौ महादलित परिवारों के बीच चुडा-गुड का वितरण किया गया है. सीओ चंदन कुमार ने बताया कि आपदा प्रबंधन विभाग और डीएम के आदेश पर शिवालापर महादलित टोला के लोगों के बीच चुडा-गुड का वितरण किया गया है।

### मुख्यमंत्री का जताया आभार

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सामाजिक संस्थान बिहार के प्रदेश अध्यक्ष पाण्डेय अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2005 में किए गए वादे को निभाते हुए 2025 में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद समाधि स्थल का विकास कर सराहनीय कार्य किया है. उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य के लिए बिहारवासी और कायस्थ समाज हमेशा मुख्यमंत्री के आभारी रहेंगे.श्री श्रीवास्तव ने बताया कि कायस्थ चित्रगुप्त सेना व संस्थान द्वारा वर्षों से धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन के माध्यम से यह मांग उठाई जा रही थी. मुख्यमंत्री ने उनके विशेष आग्रह पर समाधि स्थल को राजघाट की तरह विकसित करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को संविधान निर्माण में उनके योगदान के अनुरूप सम्मान नहीं मिला है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है. देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए उनके आदर्शों को अपनाना जरूरी है।

### दीवार गिरने से मासूम की मौत

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** फुलवारी विधानसभा क्षेत्र के हिन्दुनी गांव स्थित महादलित टोला में मिट्टी की दीवार गिरने से एक मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई थी. घटना की सूचना मिलते ही जेडीयू के पूर्व विधायक अरुण मांझी गांव पहुंचे और शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट की। राज्य महादलित आयोग के पूर्व सदस्य एवं मसौढ़ी के पूर्व जदयू विधायक अरुण मांझी ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव मदद दिलाने का भरोसा दिया. उन्होंने प्रशासन से मांग की कि महादलित टोले में कमजोर आवासों की पहचान कर उन्हें पक्के मकान उपलब्ध कराए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। मौके पर अरुण मांझी के साथ संजय सिंह दिवाकर., ओ.पी. सिंह., सुनील कुमार सिंह., उमेश सिंह., धर्मशिला देवी., बेबी देवी. आदि उपस्थित थे।

### दी गई योजनाओं की जानकारी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नीतीश सरकार की 20 साल की उपलब्धियों पर जदयू अब गांव गांव इसे लोगों के बीच जागरूक कर रही है।जदयू जिला सचिव सह धनरूआ मुखिया रानी कुमारी के नेतृत्व मे गांव गांव अभियान चलाया जा रहा है। सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट फ्री बिजली और सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाई गई है। मुखिया रानी कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस फैसले से वृद्ध, विधवा, दिव्यांग और अन्य जरूरतमंद पेंशनधारियों में खुशी की लहर है। इससे गरीबों, दलितों, अल्पसंख्यकों और असहायों को बड़ी राहत मिलेगी। विकास पुरुष नीतीश कुमार ने समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा है।अगले तीन साल में राज्य के 58 लाख परिवारों के घरों में सोलर प्लांट लगेंगे। सात निश्चय - 2 के तहत राज्य के युवाओं को उन्नत कौशल, नेतृत्व विकास, सशक्त नेटवर्किंग एवं कैरियर संवर्द्धन हेतु राज्य सरकार की ओर से चलाए जा रही मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के विषय में बताया।

## हंटर 2 में सुनील शेट्टी के साथ नम्रता दुबे की भूमिका बटोर रही है सुर्खियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** एक्शन और थ्रिल से भरपूर वेब सीरीज हंटर 2 एक्शन के शौकीनों के लिए एक मजेदार फिल्म है। जिसमें आकर्षक दृश्यों, संवाद व अभिनय के साथ-साथ बोल्ड सीन्स की चर्चाएं हो रही हैं। सुनील शेट्टी के बेहतरीन स्टाइलिश अंदाज के साथ, यह शो अपने वादे पर खरा उतरता है। 3.5 रेटिंग के साथ, यह एक एक्शन थ्रिलर है जिसमें भावनात्मक पहलू भी हैं जो आपको बांधे रखेंगे। मगर इसमें फिल्माएं कई बोल्ड दृश्यों में सबसे ज्यादा चर्चा बॉलीवुड अदाकारा नम्रता दुबे की हो रही है। नम्रता मॉडलिंग की दुनिया का सफर तय कर बॉलीवुड तक पहुंची हैं। हंटर - 2 में उनकी एक दमदार एंट्री ने सभी को रामंचित कर दिया है। उनपर फिल्माया गया लगभग 1 मिनट का एक बोल्ड दृश्य खूब वायरल हो रहा है व सुर्खिया बटोर रहा है। उस दृश्य में सुनील शेट्टी के साथ वो दिखी हैं। नम्रता नर्स के किरदार में बेहद हॉट नजर आ रही हैं।



## नवजात शिशुओं के लिए मां का दूध है अमृत

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया गया स्तनपान दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** कुपोषण के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत मसौढी के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्तन पान दिवस मनाया गया। बिते 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्वस्तन पान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। मसौढी के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसका उद्देश्य शिशुओं को कुपोषण से बचाकर उनके मानसिक और शारीरिक विकास को सुदुढ़ बनाना है। कार्यक्रम के माध्यम से शिशुवती माताओं को स्तनपान के महत्व को समझाया गया तथा उन्हें प्रोत्साहित किया। मसौढ़ी सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने बताया की अपने नवजात शिशुओं को छह माह तक केवल स्तनपान कराएं और उसके बाद दो वर्ष तक ऊपरी आहार के साथ स्तनपान जारी रखें। स्तन पान से बच्चों को पोषण के साथ रोगों से लड़ने की शक्ति मिलती है जिससे वे दस्त, एनीमिया जैसी बीमारियों से सुरक्षित रहते हैं। माताओं को यह भी बताया गया कि कार्यरत माताएं अक्सर स्वयं के लिए संतुलित आहार नहीं ले पातीं जिससे दूध की आपूर्ति प्रभावित होती है। इसके समाधान के लिए समय परपौष्टिक आहार लेने और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संपर्क बनाए रखने की सलाह दी गई। बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 207 पर आयोजन मे सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने स्तनपान को शिशु के लिए अमृत बताया गया। शिशु जन्म के तुरंत बाद मां का गाढा पिला दूध बच्चे को पिलाने से होने वाले लाभ के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही नियमित स्तनपान जच्चा-बच्चा के लिए फायदेमंद बताया गया। सेविका सुप्रिया कुमारी, सहायिका प्रतिमा कुमारी, निलू कुमारी सहित पोषक क्षेत्र की महिलाये शामिल थी।



## नदौल मध्य विद्यालय के नवनिर्मित भवन का एसडीएम ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढी प्रखंड के नदौल पंचायत स्थित नदौल मध्य विद्यालय का नवनिर्मित भवन का उद्घाटन मसौढी एसडीएम अभिषेक कुमार के द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश प्रसाद पूर्व जिला पार्षद सदस्य ने की। कार्यक्रम के संयोजक प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार सिंह ने की। उदघाटन कार्यक्रम में एसडीएम अभिषेक कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय विद्या का मंदिर है, जिसमें प्रतिदिन छात्रों का जीवन संवारा जाता है। इससे सभी छात्रों का भविष्य उज्ज्वल बनता है। इसके साथ ही शिक्षक को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को एक बेहतर माहौल दे। एक बेहतर वातावरण दे, ताकि बच्चे रुचि के साथ यहां प्रतिदिन खुद पढ़ने आए और अच्छा परफॉर्मेंस दिखाएं, यह जिम्मेदारी हर शिक्षकों को बनती है, इस विद्यालय में जितने में शिक्षक हैं वह नियमित रूप से प्रतिदिन स्कूल आए और बेहतर माहौल के साथ बच्चों को पठन-पाठन करवाये, इसके साथ ही वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने अपने संबोधन में सभी ग्रामीणों से भी अपील की कि आप अपने गांव के विद्यालय को बेहतर शैक्षणिक माहौल में बदलें, स्कूल संचालन मे शिक्षकों को सहयोग भी करे। इस मौके पर पूर्व मुखिया मो. नसीमुद्दीन मलिक, विजय कुमार शर्मा, रामजी पासवान, अरविंद कुमार, सरपंच मनोज कुमार उर्फ मंटू यादव, सुरेश कुमार यादव सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व छात्र मौजूद थे।



## जर्जर विद्यालय घोराहुआ मुसहरी और विशंभरपुर को नजदीकी विद्यालय से किया गया टैग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढी। मसौढी प्रखंड के वैसे विद्यालय जो जर्जर भवन मे चल रहे थे उन स्कूलों को नजदीक के स्कूलों में स्थानांतरित कर दिया गया है। दरअसल मसौढ़ी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय घोराहुआ मुसहरी और प्राथमिक विद्यालय विशंभरपुर यह दोनों विद्यालय जर्जर अवस्था में थे, दोनों विद्यालय में दो कमरे थे छत काफी जर्जर थी, जहां पर बच्चे दहशत में पढ़ाई कर रहे थे, वहीं शिक्षक भी पठन-पाठन में भयभीत रहते थे, ऐसे में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र लिखकर दोनों विद्यालयों को टैग करने की मांग की थी, ऐसे में सर्व शिक्षा अभियान के तहत जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कुमकुम पाठक ने इन दोनों विद्यालयों को उनके नजदीक वाले विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया है। ऐसे में प्राथमिक विध्यालय घोरहुआं मुसहरी को उत्क्रमित मध्य विद्यालय नियामतपुर में टैग कर दिया गया है। वहीं प्राथमिक विद्यालय विशंभरपुर को प्राथमिक विद्यालय सरबद्धी में स्थानांतरित कर दिया गया है और इसके साथ ही प्रखंड शिक्षा

## नवगठित मतदान केंद्रों पर योगदान नही देने वाले दो बीएलओ पर प्राथमीकी दर्ज कर निलबंन की अनुशंसा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान नवगठित मतदान केंद्रों पर मसौढी प्रखंड के दो बीएलओ के द्वारा योगदान नहीं देने पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने मसौढी प्रखंड विकास पदाधिकारी को इन दोनों बीएलओ पर प्राथमिकी दर्ज करने को पत्राचार किया और निलंबित करने की अनुशंसा की। दरअसल बताया जाता है कि मतदान केंद्र युक्तिकरण कार्यक्रम के दौरान 1200 से अधिक मतदाताओं के आधार पर कई मतदान केंद्रों का नवगठित रूप से युक्तिकरण किया गया था। जिसमें नव सृजित मतदान केंद्र संख्या 87 अभ्यास मध्य विद्यालय के बीएलओ प्रियंका कुमारी और नदौल मध्य विद्यालय बूथ संख्या 205 के बीएलओ धनंजय पाठक यह दोनों बीएलओ को योगदान देने के लिए कहा गया था, लेकिन योगदान देने से दोनों ने साफ मना कर दिया था, जिसको लेकर 04 08.25 को इन दोनों बीएलओ पर स्पष्टीकरण करते हुए 24 घंटे के अंदर योगदान करने को कहा गया था बावजूद इन दोनों ने न तो स्पस्टीकरण का जबाब दिया और न योगदान दिया। ऐसे में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी को दोनों शिक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज करने हेतु प्राधिकृत करते हुए एसडीएम ने निलंबन करने हेतु अनुशंसा की है। दरअसल का निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य के प्रति स्वेच्छाचारिता, घोर लापरवाही एवं वरीय पदाधिकारी के आदेश का अवहेलना को दर्शाता है इसको लेकर इन दोनों बीएलओ पर कार्रवाई की गई है।

## उद्घाटन से पहले ही नवनिर्मित स्कूल के भवन में आई दरार, स्थानीय लोगों ने की जांच की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** एक तरफ सरकार क्वालिटी और क्वांटिटी में नो कॉम्प्रोमाइज की बात करती हैं दूसरी ओर कई जगहों पर ठेकेदार द्वारा किए गए कार्यों में लापरवाही भी देखने को मिल रही है। ऐसे में मसौढी प्रखंड के मध्य विद्यालय नदौल स्कूल के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन से पहले ही कई जगहों पर दरारें आ गई है। उद्घाटन करने पहुंचे एसडीएम अभिषेक कुमार को स्थानीय लोगों ने स्कूल में पड़ी हुई दरारे के बारे में शिकायतें की हैं और जांच करने की मांग की है। दरअसल बताया जाता है कि पटना गया फोरलेन का जब निर्माण हो रहा था उसे वक्त उसे सड़क की जद में नदौल मध्य विद्यालय आ गया था जिसे तोड़कर इसे दूसरी जगह पर शिफ्ट की गई थी, उस वक्त सड़क निर्माण कंपनी ने स्कूल की नई बिल्डिंग बनाने के लिए एक ठेकेदार को काम दिया था लेकिन काम ऐसा हुआ कि उद्घाटन से पहले ही कई जगहों पर दीवाल पर दरारें आ गई है ऐसे में स्थानीय लोगों ने भवन निर्माण मे अनियमितता पर सवाल उठाए हैं। बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी से शिकायत की गई है। एसडीएम ने आश्वासन दिया है कि जहां भी स्कूल बिल्डिंग की दरारें आई है उसकी मरमती होगी और ठेकेदार से कारण पृच्छा होगी। पूर्व जिला परिषद सदस्य सुरेश कुमार, सरपंच मनोज कुमार, समाजसेवी सुरेश यादव, पप्पू यादव अरविंद कुमार आदि स्थानीय लोगों ने भवन के दीवारों पर आई दरार के अलावा शौचालय की दीवारें चार दिवारी सभी जगह पर दरारें आने पर लोगों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रशासन से जांच की मांग की है।

## दियारा की छह पंचायतें जलमग्न, घरों में घुसा बाढ का पानी, पलायन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** गंगा नदी के रौद्र रूप में दिखाई दे रहा है. गंगा अब खतरे के निशान से उपर बह रही है। गंगा के विकराल रूप में पहले ही दियारा के छह पंचातयों जलमग्ने हो गया है। पिछले तीन दिनों से गंगा नदी के जलस्तर में तीन फुट वृद्धि हुई है। दियारा के छह पंचायत बाढ के पानी से जलमग्नें हों गया है और सड़क से लेकर खेतों में बाढ़ का पानी तीन से चार फुट बह रहा है। घरों में भी दो से डेढ़ फुट पानी घुसा गया है। जिससे दियारा के बाढ़ प्रभावित इलाकों के लोग ऊंचे स्थान पर शरण लेने को विवश हो गया है। बाढ प्रभावित कासीमचक पंचायत के घरों में बाढ पानी घुसने के बाद से बुधवार को दोपहर से पलायन करना शुरू कर दिय गया है। पशुओं को नाव सवार कर पलायन करना शुरू हो गया है और पलायन कर बलदेव स्कूल सामुदायिक किचन पहुंचे है। वहीं अकिलपुर थाना परिसर भी बाढ़ के पानी से घिरे गया है। दियारा के बाढ को देखते हुए बिजली विभाग ने मंगलवार के रात से सात पंचायतों का बिजली आपूर्ति बंद कर दिया गया है। जिससे दियारा के सात पंचायतों में अंधेरे में डूब गया है। गंगा नदी के पानी नाला से रिसाव शहरी व सेना इलाके में होने से पूर्व ही जल संसाधन विभाग द्वारा बालू भरे बोरा से नाला को बंद कर दिया गया है। जिससे सेना व शहरी क्षेत्र में बाढ का पानी रिसाव नही हो सकेंगे। कनीय अभियंता ने बताया कि शहरी व सेना क्षेत्र के सभी स्लुईस गेट व फाटक को बालू भरा बोरा से बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि देवानानाला को बंद कर दिया गया है। बाढ़ नियंत्रण केंद्र के अनुसार दानापुर में गंगा खतरे के निशान से पौने तीन फुट से उपर बह रही है। बुधवार को शाम में देवनानाला पर गंगा का जलस्तर 169.90 फुट रिकॉर्ड किया गया। कनीय अभियंता ने बताया कि गंगा का जलस्तर में वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि इलाहाबाद व बनारस में घट रहा है, जबकि बक्सर में गंगा नदी का जलस्तर में वृद्धि हो रहा है और इंद्रपुरी में सोन नदी का भी वृद्धि हो रहा है। इससे गंगा के जलस्तर में और वृद्धि होने की संभावना बना हुआ है। शहरी व सेना क्षेत्र के सुलिंग गेट व फाटक को बालू भरा बोरा से किया गया बंद। एसडीओ दिव्या शक्ति ने बताया कि दियारा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से पलायन कर आ रहे बाढ पीडितो के लिए बलदेव स्कूल में राहत शिविर सह सामुदायिक किचन बनाया गया है। सीओ चंदन कुमार ने बताया कि दियारा के कासीमचक पंचायत के बाढ पीडितों ने पलायन कर पशुओं के साथ बलदेव स्कूल राहत शिविर सह सामुदायिक किचन में करीब आधा दर्जन बाढ पीडितों पशुओं के साथ पहुंचे है। उन्होंने बताया कि पशुओं के लिए चारा और लोगों को रात में भोजन मुहैया कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि गुरूवार से सरकारी स्तर पर नाव का परिचालन शुरू किया जायेगा। उन्होंने बताया कि दियारा में बाढ को देखते हुए एसडीआरएफ टीम को दियारा के छह पंचायतों का बाढ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा को लेकर तैनात रहने को कहा गया है।


**मंडल रेलवे अस्पताल, मालदा में ऑनररी विजिटिंग स्पेशलिस्ट की नियुक्ति**

**अधिसूचना सं. ई/एचवीएस/एमएलडीटी** **दिनांक : 06.08.2025**

मंडल रेलवे अस्पताल, पूर्व रेलवे, मालदा में दिनांक 30.06.2026 तक की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर अंशकालिक **ऑनररी विजिटिंग स्पेशलिस्ट/सुपर स्पेशलिस्ट (एचवीएस)** के रूप में नियुक्त किया जाएगा। डॉक्टर जो इस तरह की नियुक्ति के लिए आवश्यक योग्यता और आयु मानदंड को पूरा करते हैं, उनसे आयु, योग्यता, मार्क शीट, चिकित्सा पंजीकरण सं., अनुभव आदि के समर्थन में बायो-डेटा और सभी प्रमाण पत्रों, प्रशंसापत्रों और अनुभव के प्रमाण पत्र आदि के साथ आवेदन **मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मंडल रेलवे अस्पताल, पूर्व रेलवे, मालदा, झलझलिया, पिन 732102** के पते पर भेजने का अनुरोध किया जाता है जो दिनांक **23.08.2025** तक पहुँच जाए।

नियुक्ति का क्षेत्र, रिक्ति की संख्या, कामकाजी समय, पारिश्रमिक, योग्यताएँ और आयु निम्नानुसार हैं: -

**(1)** एचवीएस/जनरल सर्जरी स्पेशलिस्ट **पद की संख्या: 01, (2)** एचवीएस/पीडियाट्रिक मेडिसिन स्पेशलिस्ट **पद की संख्या: 01, (3)** एचवीएस/कार्डियोलॉजी सुपर स्पेशलिस्ट **पद की संख्या: 01। विजिट की संख्या और ड्यूटी के घंटे:** 4 घंटे प्रति दिन के लिए सप्ताह में 06 दिन (प्रत्येक क्षेत्र के लिए), **पारिश्रमिक:** एचवीएस/जनरल सर्जरी स्पेशलिस्ट और एचवीएस/पीडियाट्रिक मेडिसिन स्पेशलिस्ट के लिए रु.78,000/- प्रति माह और एचवीएस/कार्डियोलॉजी सुपर स्पेशलिस्ट के लिए रु.96,000/- प्रति माह, **आयु सीमा:** 30 वर्ष से 64 वर्ष (प्रत्येक क्षेत्र के लिए)।

● **विशेषज्ञ के लिए योग्यता और अनुभव:-** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री (प्रमाणपत्र और अंक पत्र संलग्न करें) और मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबंधित क्षेत्र में पी.जी. डिग्री या पी.जी. डिप्लोमा प्राप्त करने के बाद स्पेशलिटी से जुड़े पेशेवर कार्य में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव और पीजी डिप्लोमा प्राप्त करने के बाद स्पेशलिटी से जुड़े पेशेवर कार्य में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव। । ●**सुपर स्पेशलिस्ट के लिए योग्यता और अनुभव :-** संबंधित क्षेत्र में पोस्ट डॉक्टरल योग्यता डीएम/एमसीएच या समकक्ष। ● एचवीएस को आपातकालीन स्थिति में बुलाए जाने पर रविवार और छुट्टी के दिन सहित किसी भी दिन एवं सामान्य विजिट के अलावा दिन के किसी भी समय अस्पताल आने की जरूरत पड़ेगी। ● अनुबंध को किसी भी समय किसी भी पक्ष द्वारा एक महीने की नोटिस पर समाप्त किया जा सकता है। इस प्रकार की समाप्ति के लिए प्रशासन के पास कोई कारण न बताने का अधिकार सुरक्षित है। ● एचवीएस से संबंधित नियम के अनुसार छुट्टी और निःशुल्क पास की अनुमति दी जाएगी।

यह अधिसूचना और आवेदन का प्रारूप वेबसाइट: **www.er.indianrailways.gov.in** (go to Division>>Malda>>recruitment page) पर उपलब्ध होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक, मालदा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**सचिन ने कहा-**

# सिराज को वह श्रेय नहीं मिला जिसके वह हकदार हैं

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा कि उन्हें मोहम्मद सिराज का रवैया बहुत पसंद है, और साथ ही कहा कि इस तेज गेंदबाज़ को वह श्रेय नहीं मिलता जिसका वह हकदार है। ओवल के पांचवें दिन सिराज ने 104 रन देकर 5 विकेट चटकाए और भारत ने इंग्लैंड को 6 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर ली।



इंग्लैंड के पास सिराज की सटीकता का कोई जवाब नहीं था क्योंकि उन्होंने पांचवें दिन 25 गेंदों में केवल 9 रन देकर तीन विकेट चटकाकर निचले क्रम को तहस-नहस कर दिया। सिराज ने गस एटकिंसन का ऑफ स्टंप उखाड़कर भारत की जीत पक्की कर दी और भारतीय क्रिकेट की समृद्ध परंपरा में शामिल हो गए।

तेंदुलकर ना कहा, अविश्वसनीय। शानदार दृष्टिकोण। मुझे उनका रवैया बहुत पसंद है। मुझे उनके पैरों में स्प्रिंग बहुत पसंद है। एक तेज गेंदबाज का इस तरह लगातार आपके सामने रहना, किसी भी बल्लेबाज को पसंद नहीं आएगा। और आखिरी दिन अंत तक उन्होंने जो दृष्टिकोण बनाए रखा; मैं कमेंटेटरों को यह कहते हुए भी सुन सकता था कि उन्होंने सीरीज में 1,000 से ज़्यादा गेंदें फेंकने के बाद आखिरी दिन लगभग 90 मील प्रति घंटे (145 किमी प्रति घंटे) की रफ्तार से गेंदबाजी की। यह उनके साहस और बड़े दिल को दर्शाता है। सिराज 32.43 की औसत से 23 विकेट लेकर सीरीज में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी रहे, उन्होंने 1113 गेंदें फेंकी। तेंदुलकर ने आगे कहा, आखिरी दिन उन्होंने जिस तरह से शुरुआत की, वह काबिले तारीफ थी और उन्होंने हमेशा अहम भूमिका निभाई है।

**मैकुलम ने कहा-**

# 'हम जानते हैं कि हमारी टीम में सुधार की गुंजाइश है'

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का कहना है कि उन्होंने उन क्षेत्रों की पहचान कर ली है जहां इंग्लैंड को एशेज से पहले सुधार करना होगा, जब भारत के खिलाफ एक रोमांचक सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई और मुख्य कोच का मानना है कि पांचवें टेस्ट में भारतीय टीम जीत की हकदार थी।



भारत ने इस एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज के 25वें और आखिरी दिन 56 मिनट के शानदार खेल में 2-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 6 रन की जीत हासिल की, जो रनों के लिहाज से उनकी सबसे कम अंतर की जीत थी। इसका मतलब यह था कि इंग्लैंड 2018 के बाद से भारत के खिलाफ पहली सीरीज जीत से चूक गया। मैकुलम और बेन स्टोक्स के नेतृत्व में उन्होंने अभी तक भारत या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोई सीरीज जीत दर्ज नहीं की है। चूंकि इंग्लैंड अब सितंबर में दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ सफ़ेद गेंद की सीरीज में उतरेगा, इसलिए खिलाड़ियों के पास आराम करने का समय है। साल की शुरुआत से ही कोच के रूप में मैकुलम दोनों चुनौतियों में शामिल रहेंगे। लेकिन उनका तात्कालिक ध्यान, एक बार सब कुछ शांत हो जाने के बाद, पिछले सात हफ्तों पर रहेगा कि क्या काम आया और क्या नहीं। नवंबर में पर्थ में पहले एशेज टेस्ट से पहले तैयारी करना उनका प्राथमिक लक्ष्य होगा। मैकुलम ने कहा, 'हम पहले सब कुछ शांत होने देंगे और हम यह पता लगाएंगे कि क्या अच्छा रहा है और फिर यह तय करना शुरू करेंगे कि हम कैसे सुधार कर सकते हैं, ताकि जब हम ऑस्ट्रेलिया पहुंचें, तो हमारे पास एक बड़ा मौक़ा हो।

**अश्विन ने कहा-**

# स्टोक्स बोलने से पहले सोचें, कर्म सबके तुरंत सामने आते हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को अंतिम एकादश में शामिल करने को लेकर बेन स्टोक्स की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि इंग्लैंड के कप्तान को बोलने से पहले सोचना चाहिए था, क्योंकि तब उनके कर्म तुरंत ही सामने आ गए थे जब पांचवें टेस्ट में क्रिस वोक्स के कंधे में चोट लगने के बाद उन्हें एक बल्लेबाज की कमी खल रही थी।



भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत मैनचेस्टर में ड्रॉ हुए चौथे टेस्ट के पहले दिन रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। स्कैन में उनके दाहिने पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि होने के बावजूद वह अगले दिन बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरे थे। इसके बाद भारतीय कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में चोटिल खिलाड़ियों के स्थान पर अन्य खिलाड़ियों को शामिल करने की बात कही थी, जिसे स्टोक्स ने खारिज करते हुए 'बेहद हास्यास्पद' बताया था। ओवल में पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड को इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा जब वोक्स के कंधे में फ्रैक्चर हो गया लेकिन फिर भी वह अंतिम दिन बल्लेबाजी करने उतरे। उस समय इंग्लैंड के 9 विकेट गिर चुके थे और उसे जीत के लिए 20 से भी कम रन की जरूरत थी। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा, 'एक तमिल कहावत है जिसका मोटे तौर पर अनुवाद है आपके कर्म आपको लगभग तुरंत प्रभावित करेंगे। आप जो बोते हैं, वही काटते हैं।उन्होंने कहा, 'आखिरी टेस्ट से पहले पंत की चोट के बारे में सवाल पूछे गए थे। गौतम गंभीर ने कहा था कि ऐसी चोटों के लिए नए खिलाड़ी को टीम में शामिल करना चाहिए।

## करियर की बेस्ट रैंकिंग पर पहुंचे सिराज और कृष्णा



**दुबई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा अपने-अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। इस टेस्ट में सिराज ने 9 और कृष्णा ने 8 विकेट लिए थे।सिराज 12 स्थान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर पहुंच गए। उनकी रेटिंग 674 अंक हो गई। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने 25 स्थान की उछाल के साथ 59वां स्थान हासिल किया, उनकी रेटिंग 368 अंक है। जसप्रीत बुमराह नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं। उनके 889 रेटिंग अंक हैं।वहीं, टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में यशस्वी जायसवाल टॉप-5 में पहुंच गए हैं।

## क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी रोकने से हाईकोर्ट का इनकार

**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर में जस्टिस सुदेश बंसल की अदालत ने कहा- पीड़ित नाबालिग है, इसलिए गिरफ्तारी और पुलिस कार्रवाई पर रोक नहीं लगा सकते। अदालत ने केस डायरी तलब की है। अगली सुनवाई 22 अगस्त को होगी। बहस के दौरान क्रिकेटर के वकील कुणाल जैमन ने कहा- हमारे खिलाफ गाजियाबाद में भी एक लड़की ने रेप केस किया था। जिस पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी।उसके 7 दिन बाद ही जयपुर में दूसरी लड़की ने केस दर्ज करवा दिया। इस मामले में पूरा गिरोह सक्रिय है। जो इस तरह के मुकदमे दर्ज करवाकर ब्लैकमेल करना चाहता है।सांगानेर थाना के इंचार्ज अनिल जैमन ने बताया- जयपुर की लड़की क्रिकेट खेलने के दौरान यश दयाल के संपर्क में आई थी। आरोप है कि करीब 2 साल पहले जब वह नाबालिग थी, तब यश ने क्रिकेट में करियर बनवाने का झांसा देकर उसके साथ रेप किया। जैमन ने बताया कि- आईपीएल-2025 मैच के दौरान भी जयपुर आए यश दयाल ने सीतापुरा स्थित एक होटल में बुलाकर लड़की के साथ फिर रेप किया।लड़की जब 17 साल की थी, तब पहली बार उससे रेप हुआ।



## स्मिथ के बाद अब ओ-रूर्क भी जिम्बाब्वे सीरीज से बाहर

**हरारे (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओ-रूर्क पीठ की चोट के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। ओ-रूर्क को पहले टेस्ट के तीसरे दिन चोट लगी थी, जिसके बाद उन्हें आगे की मेडिकल जांच के लिए न्यूजीलैंड भेजा गया है।न्यूजीलैंड की टीम जिम्बाब्वे दौरे पर है, जहां दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। कीवी टीम ने पहला टेस्ट 9 विकेट से जीता था। दूसरा टेस्ट 7 अगस्त से शुरू होगा।विल ओ-रूर्क से पहले तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर नाथन स्मिथ भी पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। उनकी जगह जकारी फॉल्क्स को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया था।अब ओ-रूर्क की चोट के कारण ऑकलैंड एसेस के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन लिस्टर को टीम में बुलाया गया है। लिस्टर को पहले बैकअप के तौर पर शामिल किया गया था। अब वह टीम के साथ बने रहेंगे। स्मिथ भी पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच जैकब ओरम ने कहा,हमें उम्मीद है कि यह चोट ज्यादा गंभीर नहीं है।विल हमारे लिए अगले छह से आठ महीनों और अगले साल के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि कई बड़े टेस्ट दौरे आने वाले हैं।



# रेसलर हल्क होगन के सामने कुछ भी नहीं जॉन सीना और रोमन रेंस

**द ग्रेट खली का चौंकाने वाला खुलासा**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डब्ल्यूडब्ल्यूई के महान रेसलर हल्क होगन अब इस दुनिया में नहीं हैं। 71 साल की उम्र में उनकी मौत हो गई। हल्क होगन डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेम रह चुके हैं। उन्होंने अपने करियर में काफी नाम कमाया है। यही कारण है कि डब्ल्यूडब्ल्यूई के फैंस से लेकर रेसलर्स तक उनके काफी ज्यादा मिस कर रहे हैं और उनकी मौत की खबर हर किसी के लिए दुखद है। इसी बीच भारतीय रेसलर और डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेमर रह चुके ग्रेट खली ने हल्क होगन को लेकर अपनी राय रखी है।

मीडिया से बातचीत के दौरान द ग्रेट खली ने कई बड़ी बातें कही है। उन्होंने हल्क होगन की मौत को लेकर भी दुख जताया। उन्होंने कहा कि हल्क होगन की मौत की खबर सुनकर उन्हें काफी ज्यादा दुख हुआ। खली ने कहा कि हल्क होगन एक अच्छे इंसान थे। जॉन सीना ने कहा कि हल्क होगन को देखकर उन्होंने रेसलिंग शुरू किया था। उन्होंने यह भी बताया कि जब भी वह डब्ल्यूडब्ल्यूई जाते थे तो हल्क होगन से उनकी मुलाकात जरूर होती थी। हल्क होगन के साथ उनकी कई तस्वीरें भी है।

जॉन सीना और रोमन रेंस डब्ल्यूडब्ल्यूई के मौजूदा दौर के सबसे बड़े रेसलर्स में से एक हैं, लेकिन द ग्रेट खली का मनना है कि ये दोनों रेसलर्स हो या कोई भी मौजूदा दौर का रेसलर हल्क होगन के सामने कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि हल्क होगन एक अलग लेवल के रेसलर थे। जॉन सीना और रोमन रेंस उनके लेवल पर भी नहीं हैं। वह रेसलिंग में सबसे बड़ा नाम थे।

### हल्क होगन की लाइफ में आईं कई परेशानियां

द ग्रेट खली ने हल्क होगन को लेकर कहा कि उनका जीवन काफी स्ट्रगल से गुजरा है। खली ने बताया कि हल्क होगन की लाइफ में सबसे बड़ा झटका तब आया जब उनके बेटे का एक्सीडेंट हो गया, फिर उनकी वाइफ ने उन्हें तलाक दे दिया, लेकिन फिर भी उन्होंने रेसलिंग में इतना बड़ा नाम कमाया।

# इंग्लैंड में सीरीज बराबर करने के बाद टीम-इंडिया घर लौटी

**वॉशिंगटन सुंदर इम्पैक्ट प्लेयर बने, गंभीर बोले- बहुत खुश हूं**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट जीतकर सीरीज 2-2 से बराबर की, लेकिन जीत के बाद टीम इंडिया ने कोई बड़ा जश्न नहीं मनाया। खिलाड़ियों ने सोमवार को मैच खत्म होने के बाद अपने परिवारों के साथ समय बिताया और मंगलवार सुबह अलग-अलग बैचों में भारत के लिए रवाना हो गए।

मोहम्मद सिराज समेत कई खिलाड़ी मंगलवार को फ्लाइट से दुबई पहुंचे, जहां से वे अपने-अपने शहरों के लिए रवाना होंगे। कुछ खिलाड़ी इंग्लैंड में कुछ दिनों के लिए रुक गए हैं।

ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को भारतीय मैनेजमेंट ने सीरीज का इम्पैक्ट प्लेयर मेडल दिया। वहीं हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा, मैं टीम परफॉर्मेंस से बहुत खुश हूं।

मैच खत्म होने के करीब चार घंटे बाद अर्शदीप और प्रसिद्ध कृष्णा को लंदन की सड़कों पर अपने परिवारों के साथ घूमते हुए देखा गया। कुलदीप यादव, जिन्हें सीरीज में मौका नहीं मिला, पूर्व खिलाड़ी पीयूष चावला के साथ नजर आए। बुमराह को पहले ही आराम के कारण टीम से रिलीज कर दिया गया था।

बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार, कोई खास सेलिब्रेशन नहीं हुआ। सीरीज काफी लंबी और थकाऊ रही। खिलाड़ी अपने परिवारों के साथ या अकेले समय बिता रहे थे। ज्यादातर खिलाड़ी भारत लौट चुके हैं, कुछ छुट्टियां मना रहे हैं। अब टीम इंडिया की अगली चुनौती अगले महीने यूएई में एशिया कप होगी।



भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को प्लेयर ऑफ द सीरीज और मोहम्मद सिराज को ओवल टेस्ट में प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

पांचवें टेस्ट में भारत की 6 रन से रोमांचक जीत के बाद वॉशिंगटन सुंदर को सीरीज का इम्पैक्ट प्लेयर चुना गया। इस दौड़ में मोहम्मद सिराज, शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा भी थे, लेकिन सुंदर के प्रदर्शन ने उन्हें सबसे आगे रखा।

सीरीज में सुंदर ने लगातार चार टेस्ट खेले। उन्होंने कुल 284 रन बनाए, जिसमें एक अर्धशतक और एक शानदार शतक शामिल था। गेंदबाजी में भी उन्होंने 7 विकेट लिए।

तीसरे टेस्ट में लॉर्ड्स पर उन्होंने बेन स्टोक्स, जो रूट और जेमी स्मिथ जैसे बड़े बल्लेबाजों को आउट किया और 4 विकेट झटके। मैनचेस्टर टेस्ट में उन्होंने जडेजा के साथ पांच सेशन तक बल्लेबाजी की और मैच ड्रॉ कराया। वहां उन्होंने नाबाद 101 रन बनाए।

लंदन में आखिरी टेस्ट में सुंदर ने टी-20 जैसी बल्लेबाजी करते हुए 53 रन (46 गेंद पर बनाए। उनकी पारी में 4 चौके और 4 छक्के शामिल थे, जिससे भारत को दूसरी पारी में 396 रन तक पहुंचने में मदद मिली और इंग्लैंड के सामने 374 रन का बड़ा लक्ष्य खड़ा हुआ। ड्रेसिंग रूम में हुई मेडल सेरेमनी के दौरान रवींद्र जडेजा ने खुद सुंदर का नाम लिया और गले लगाकर उन्हें मेडल दिया।

टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। मुझे लगता है लड़कों ने यह जीत पूरी तरह से डिजर्व की। पूरी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। किसी एक का नाम लेना मुश्किल है, शुभमन, सिराज, सभी ने शानदार क्रिकेट खेला है।



# पंत ने कर्नाटक की गरीब छात्रा की फीस भरी

**12वीं में 83 प्रतिशत मार्क्स लाई थी, बीसीए में एडमिशन लिया ; पिता चाय की दुकान चलाते हैं**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत ने कर्नाटक की एक मेधावी छात्रा ज्योति कनाबूर मठ की कॉलेज फीस भरी।ज्योति कर्नाटक के बिलगी तालुक के रबकवी गांव की रहने वाली हैं। उन्होंने हाल ही में 12वीं की परीक्षा में 83 फीसदी अंक हासिल किए थे।

ज्योति का सपना था कि वह आगे चलकर बीसीए (बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन) की पढ़ाई करें, लेकिन आर्थिक तंगी के चलते यह सपना अधूरा रह जाता। जब पंत को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने कॉलेज के अकाउंट में फीस जमा करवाई।

ज्योति के पिता तीर्थय्या मठ गांव में एक छोटी सी चाय की दुकान चलाते हैं। परिवार की खराब माली हालत के कारण वे बेटी की कॉलेज फीस नहीं भर सके। ऐसे में पढ़ाई का सपना टूटता नजर आ रहा था। ज्योति ने गांव के ठेकेदार अनिल हुनाशिकट्टी से मदद मांगी। अनिल ने न केवल ज्योति का जमखंडी के बीएलडीई कॉलेज में बीसीए कोर्स में दाखिला कराने का वादा किया, बल्कि आर्थिक मदद के लिए भी प्रयास शुरू किए।उन्होंने बेंगलुरु में अपने दोस्तों के जरिए ज्योति की स्थिति ऋषभ पंत तक पहुंचाई। उनकी कहानी सुनकर पंत ने तुरंत मदद का फैसला किया और 17 जुलाई को कॉलेज के खाते में 40,000 रुपए ट्रांसफर कर ज्योति की पहली सेमेस्टर की फीस भरी।

ज्योति ने भावुक होकर कहा, मैंने गलगली में 12वीं पूरा किया और बीसीए करने का सपना देखा था, लेकिन घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। मैंने अनिल हुनाशिकट्टी भैया से मदद मांगी। उन्होंने बेंगलुरु में अपने दोस्तों के जरिए मेरी बात ऋषभ पंत तक पहुंचाई। उनकी मदद से मेरा सपना सच हुआ।

# अब कैफ ने कर दी ये बड़ी मांग: युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन से रोहित-कोहली की वनडे में राह मुश्किल?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड दौरे पर जिस तरह कुछ युवा खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है उसके बाद यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या वनडे में भी रोहित-कोहली के लिए टीम में जगह बनाने की राह कठिन हो गई है? कोहली 36 और रोहित 38 साल के हैं और ये दोनों संभवतः ऑस्ट्रेलिया में तीन मैच की वनडे सीरीज और उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैच की सीरीज में खेलेंगे।शुभमन गिल की अगुआई में भारतीय टीम ने हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया। भारतीय टीम इस दौरे पर रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दो दिग्गज खिलाड़ियों के बिना गई थी जिन्होंने लाल गेंद के प्रारूप को अलविदा कह दिया था। रोहित और कोहली अब भारत के लिए बस वनडे प्रारूप में ही खेलते नजर आएंगे। भले ही इन दोनों खिलाड़ियों ने अभी 2027 वनडे विश्व कप में खेलने को लेकर आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा है, लेकिन यह स्पष्ट है कि आर.के की जोड़ी इस वैश्विक टूर्नामेंट में खेलना चाहती है।

इंग्लैंड दौरे पर जिस तरह कुछ युवा खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है उसके बाद यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या वनडे में भी रोहित-कोहली के लिए टीम में जगह बनाने की राह कठिन हो गई है? इंग्लैंड दौरे पर मोहम्मद सिराज ने लगभग 200 ओवर गेंदबाजी की और अपने थके हुए शरीर को पांच टेस्ट मैच के दौरान अच्छी तरह संभाला। वाशिंगटन सुंदर कभी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटे। यशस्वी जायसवाल ने जरूरत पड़ने पर योगदान दिया, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा प्रभावी नजर आए

# पुनपुन नदी में डूबने से अधेड़ की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** टंडवा थाना क्षेत्र के धर्म खाप गांव के पास पुनपुन नदी में स्नान करने के दौरान डूबने से अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान उस गांव निवासी 55 वर्षीय द्वारिका सिंह के रूप में की गई है। वे परिवार में कमाने वाले इकलौते सदस्य थे। विदित हो कि लगातार बारिश से इन दिनों पुनपुन नदी उफान पर है। जानकारी के मुताबिक द्वारिका सिंह पुनपुन नदी में स्नान के दौरान गहरे पानी में चले गए। नदी के किनारे खेल रहे बच्चों ने जब उन्हें डूबते देखा तो शोर मचाकर इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी। सूचना पर परिजन भी वहां पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद पानी से बाहर निकाला। आनन-फानन में द्वारिका सिंह को लेकर परिजन नबीनगर रेफरल अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक गांव में ही किराना स्टोर चलाते थे। इस घटना से परिजनों में शोक व्याप्त है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर



अस्पताल भेज दिया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मृतक के आश्रितों को मुआवजा की राशि दिलाए जाने की मांग की है। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि पुनपुन नदी में डूबने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# वज्रपात से मजदूर की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा अंतर्गत गम्हरिया गांव स्थित बधार में बुधवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर जिला निवासी 44 वर्षीय कृष्णनंदन बैठा की मौत हुई है। स्थानीय ग्रामीणों की नजर मजदूर पर पड़ी तो अस्पताल लाया। ड्यूटी पर रहे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्णनंदन अपने परिवार के साथ मुजफ्फरपुर से धान रोपनी कार्य को ले आए हुए थे। गम्हरिया गांव स्थित बधार में धान रोपनी की जा रही थी। इसी क्रम में तेज बारिश होने लगी। बारिश के साथ अचानक से वज्रपात हुई और मजदूर उसकी चपेट में आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल दल-बल के साथ पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष ने पुष्टि करते हुए कहा कि वज्रपात से मजदूर की मौत की सूचना मिली है। शव को पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया गया है।

# अद्वितीय संगीत का अनुभव कराती है झरना की गर्जना

## मदनपुर के बरियावां चाल्हो पहाड़ पर स्थित है झरना | औरंगाबाद के अलावा गयाजी जिले से भी आते हैं लोग

रंजन/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के मदनपुर प्रखंड के खिरियावां पंचायत अंतर्गत बरियावां चाल्हो पहाड़ पर स्थित झरना अनोखा आकर्षण का केंद्र है। झरने की गर्जना और पानी की बूंदों की धुन अद्वितीय संगीत का अनुभव कराती है, जो मन को शांति और आनंद से भर देती है। बारिश होते ही झरने से पानी गिरने लगता है। वहीं झरना का आनंद उठाने के लिए औरंगाबाद के अलावा गया जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोग यहां पहुंच आनंद उठा रहे हैं। झरने के आसपास के क्षेत्र में पक्षियों की आवाज और हरी-भरी वादियां पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद करती हैं। यहां लगातार लोगों की संख्या बढ़ रही है परंतु इस स्थल पर पहुंचने के लिए कच्ची सड़क है। सड़क नहीं होने के कारण लोग अपने वाहन को बरियावां लगा देते हैं। उक्त स्थल पर पहुंचकर पिकनिक मनाते हैं और स्नान करते हैं। लोग यहां आकर प्रकृति की सुंदरता का आनंद लेते हैं और अपने आप को काफी सुकून महसूस करते हैं। स्थानी ग्रामीणों का मानना है कि इस पर्यटन स्थल कों विकसित



करने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित किया जा सकेगा। सरकार और स्थानीय समुदाय के संयुक्त प्रयास से इस क्षेत्र को एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाया जा सकता है जिससे पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। झरने के आसपास के क्षेत्र में विकास होने से पंचायत का रूपरेखा बदल सकती है और प्रखंड के लिए गौरव हो सकता है। स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र का विकास होगा। इससे स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा और वे अपने क्षेत्र के विकास में योगदान कर पाएंगे।

### पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी : सविता



मदनपुर प्रखंड के खिरियावां पंचायत की मुखिया सविता देवी ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र बनने से हमारे ग्राम पंचायत को लाभ होगा और हम अपने क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को प्रदर्शित कर पाएंगे। यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। साथ ही हमें आय के नए स्रोत प्राप्त होंगे।

### अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा : दीपक कुमार



बरियावां निवासी दीपक कुमार ने कहा कि इस स्थल के पर्यटन क्षेत्र बनने से हमारे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और हमें रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। इससे क्षेत्र का विकास होगा और हम अपने क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित कर पाएंगे।

### पर्यटन उद्योग का होगा विकास : रंजीत



समाजसेवी रंजीत कुमार यादव ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र बनने से हमारे व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा और हम अधिक पर्यटकों को आकर्षित कर पाएंगे। इससे हमारे क्षेत्र में पर्यटन उद्योग का विकास होगा। साथ ही हमें अधिक आय की प्राप्त होगी। अधिकारियों को उक्त स्थल को पर्यटन मानचित्र में शामिल करने की जरूरत है।

### प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित करने में मिलेगी मदद : विशाल



खिरियावां निवासी विशाल कुमार मेहता ने बताया कि इस स्थल को पर्यटन के मानचित्र में शामिल होने से क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित करने में मदद मिलेगी और हम अपने क्षेत्र के पर्यावरण को बचाने के लिए काम कर पाएंगे। इससे हमारे क्षेत्र में पर्यटन का विकास होगा और हमें अपने क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा।

# जमीन के कागजातों में करें सुधार, राजस्व विभाग पहुंचेगा आपके द्वार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजस्व विभाग द्वारा 16 अगस्त से आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत की जायेगी। जिले में भूमि संबंधी दस्तावेजों में विद्यमान त्रुटियों के त्वरित निष्पादन एवं आमजन को सुलभ, पारदर्शी और जवाबदेह राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में राजस्व विभाग द्वारा यह अभियान की शुरुआत की जा रही है। यह अभियान 20 सितंबर तक जिले के सभी अंचलों में पंचायत स्तर पर आयोजित की जाएगी जिससे आमजन को अपने ग्राम और वार्ड स्तर पर ही राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान प्राप्त हो सकेगा। इस अभियान के सफल संचालन एवं कार्यान्वयन को लेकर बुधवार को योजना भवन के सभा कक्ष में प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा ने दीप प्रज्ज्वलित कर



किया। कार्यशाला में राजस्व विभाग आपके द्वार अभियान से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं, समस्याओं एवं समाधान की तकनीकी और प्रशासनिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को नामांतरण, रसीद निर्गमन, बंटवारा, खाता-पुंज त्रुटियां, खेसरा सुधार, दाखिल-खारिज प्रक्रिया में आने वाली तकनीकी कठिनाइयों और उनके त्वरित समाधान की विधियों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही शिविरों के संचालन हेतु आवश्यक डिजिटल संसाधनों, ऑन-स्पॉट सुधार प्रणाली और रिपोर्टिंग के मानक स्वरूप पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान राज्य सरकार की सेवा भावना, पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजित होने वाले शिविरों का समुचित संचालन सुनिश्चित करें और यह ध्यान रखें कि किसी भी पात्र लाभार्थी को अनावश्यक कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान का उद्देश्य यह है कि आमजन को अपनी भूमि से संबंधित त्रुटियों के सुधार के लिए अंचल कार्यालय का बार-बार चक्कर न लगाना पड़े बल्कि राजस्व विभाग की सेवा सीधे उनके द्वार तक पहुंचे। शिविरों की तिथि, स्थान एवं समय की पूर्व सूचना पंचायत कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, ग्राम सभाओं, सोशल मीडिया एवं प्रचार वाहनों के माध्यम से दी जाएगी ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी इसका लाभ ले सकें। अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निपटारा किया जाएगा तथा सुधार की गई प्रविष्टियों को डिजिटल प्रणाली में अद्यतन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा जिलावासियों से अपील की गयी कि वे अपने पंचायत स्तर पर आयोजित शिविर में उपस्थित होकर भूमि दस्तावेजों में सुधार हेतु आवेदन करें और इस सुविधा का लाभ उठाएं। यह अभियान न केवल जनसहभागिता को प्रोत्साहित करता है बल्कि सुशासन की दिशा में जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, वरीय उप समाहर्ता रितेश यादव, बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, सदर एवं दाउदनगर डीसीएलआर, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, प्रभारी पदाधिकारी जिला राजस्व शाखा बेवी प्रिया, सभी अंचलाधिकारी, सभी राजस्व कर्मचारी, अमीन एवं आईटी सहायकों एवं अन्य कर्मी की उपस्थिति रही।

# चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जम्होर पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के खैराद्वीप निवासी पिंटू कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के मोरडिहरी पर वाहन जांच की जा रही थी, इसी क्रम में पुलिस द्वारा एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया तो वह अचानक विपरीत दिशा की ओर भगाने लगा। बाद में उसे पुलिस ने पीछा कर धर दबोचा। पूछताछ में पता चला कि बाइक चोरी का है। तत्पश्चात पुलिस द्वारा बाइक को जब्त कर युवक को थाना लाया गया है। थानाध्यक्ष राज किशोर ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा विभिन्न अपराधों पर अंकुश लगाएं जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को वाहन जांच के दौरान चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।

# दो ज्वेलरी दुकानों से लाखों की चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नबीनगर प्रखंड में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। प्रखंड के बैरिया बाजार स्थित दो ज्वेलरी की दुकानों को चोरों ने निशाना बनाया है। चोर लाखों रुपये के गहने लेकर फरार हो गए। घटना के बाद स्थानीय दुकानदारों में दहशत का माहौल है। बता दें कि चोरों ने एक ही रात निशा ज्वेलर्स और मां लक्ष्मी ज्वेलर्स के ताले तोड़कर घटना को अंजाम दिया। इन दुकानों से लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और कुछ नकदी की चोरी हो गई। दोनों दुकानों के मालिक आलोक सोनी और रंजन सोनी ने सुबह अपनी दुकानें खुली देखकर पुलिस को सूचना दी। चोरों ने दो अन्य दुकानों में भी चोरी का असफल प्रयास किया। चोरी की खबर मिलते ही बाजार में भीड़ उमड़ पड़ी। माली थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की घेराबंदी की। डीआईओ और एफएसएल टीम को बुलाया गया। घटना की सूचना पर विधायक विजय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। विधायक ने जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की ताकि क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके। डीआइओ प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि उनकी टीम मामले की जांच कर रही है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा। बता दें कि नबीनगर में यह पहली घटना नहीं है। कुछ दिनों पहले भी नबीनगर के न्यू एरिया में ज्वेलरी दुकान सिद्धि विनायक से चोरों ने लाखों की चोरी कर ली थी। मामले में भी पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। प्रखंड में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है।

# लूटकांड में शामिल दो बदमाश गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नबीनगर पुलिस ने चालक को बंधक बनाकर ऑटो को लूट लेने के मामले का उद्भेदन किया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान थाना क्षेत्र के रंग बिगहा निवासी सूरज रजक एवं चिंटू कुमार यादव के रूप में की गई है। दरअसल 27 जून को एक ऑटो को तीन व्यक्तियों द्वारा रोहतास जिले के डिहरी से नबीनगर थाना क्षेत्र के घिरसिण्ड के लिए बुकिंग किया गया। जब ऑटो घिरसिण्डी रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचा तो तीनों व्यक्तियों ने चालक को बंधक बनाकर उसका ऑटो और मोबाइल फोन लूट मौके से फरार हो गए। तत्पश्चात घटना को लेकर चालक ने प्राथमिकी दर्ज करायी। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल द्वारा सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया। गठित टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन, तकनीकी विश्लेषण एवं आसूचना संकलन के आधार पर विभिन्न स्थानों पर छापामारी की जा रही थी। इसी क्रम में 5 अगस्त 2025 की रात लूटे गये मोबाइल फोन के साथ चिंटू को रंग बिगहा स्थित सड़क से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद चिंटू की निशानदेही पर सूरज कुमार रजक को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय पांडे ने बताया कि अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है।




# श्री सीमेंट ने जून तिमाही में रचा मुनाफे का नया कीर्तिमान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली/औरंगाबाद।** सीमेंट क्षेत्र की जानी-मानी कम्पनी श्री सीमेंट लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की जून तिमाही में अपनी ताकत का जबर्दस्त प्रदर्शन किया है। कंपनी ने इस तिमाही में 95 प्रतिशत की उछाल के साथ 619 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह लाभ मात्र 3.18 करोड़ रुपये था। हालांकि, आय में यह वृद्धि थोड़ी सीमित रही, और कंपनी का कुल राजस्व केवल दो प्रतिशत बढ़कर 4948 करोड़ रुपये तक पहुंच पाया, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 4835 करोड़ रुपये था। इस दौरान कंपनी ने कुल 89.5 लाख टन सीमेंट की बिक्री की। कंपनी की नजर अब अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाने पर है। राजस्थान के जैतारण और कर्नाटक के कोडला में श्री सीमेंट की दो नयी परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। इन इकाइयों के प्रारंभ हो जाने के बाद कंपनी की कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता बढ़कर 68.8 मिलियन टन हो जाएगी। श्री सीमेंट ने 2028 तक 80 मिलियन टन प्रतिवर्ष की क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के प्रबंध निदेशक नीरज अखोरी ने बताया कि हमने लगातार वर्ष-दर-वर्ष अपने राजस्व और मुनाफ़े में मजबूती देखी है। जैतारण और कोडला परियोजनाएं चालू होते ही हमारी उत्पादन क्षमता उल्लेखनीय रूप से बढ़ेगी।

## कारोबार विस्तार की दिशा में तेज़ी से बढ़ रही कंपनी




### शेयर बाजार में हलचल

बाजार के मोर्चे पर, श्री सीमेंट का शेयर 30620.90 रुपये के स्तर पर बंद हुआ, जिसमें पिछले दिन की तुलना में 0.11 प्रतिशत की मामूली गिरावट देखी गई। गौरतलब है कि इस शेयर का 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर 32508.02 रुपये और न्यूनतम स्तर 23500.15 रुपये रहा है।

### यूएई इकाई का जबर्दस्त प्रदर्शन

श्री सीमेंट की संयुक्त अरब अमीरात इकाई ने भी आशा से कहीं बेहतर परिणाम दिए हैं। 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही में वहां का कुल राजस्व 181.19 मिलियन दिरहम रहा, जो साल-दर-साल 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। सबसे अधिक उल्लेखनीय बात यह रही कि परिचालन लाभ में 397 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष 9.02 मिलियन दिरहम से बढ़कर इस वर्ष 44.86 मिलियन दिरहम तक पहुंच गया।

### बिहार और औरंगाबाद से जुड़ाव

श्री सीमेंट का बिहार, विशेषकर औरंगाबाद ज़िले से गहरा जुड़ाव रहा है। औरंगाबाद में इसकी दो यूनिटें स्थापित हैं जो उत्पादन और विक्रय के नए कीर्तिमान बना रही हैं। यहां के उपभोक्ता आधार के साथ-साथ निर्माणाधीन परियोजनाओं और सड़क संपर्कों के कारण यह इलाका कंपनी की रणनीतिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। साथ ही, यहां के व्यवसायी और निर्माण क्षेत्र से जुड़े लोग श्री सीमेंट के उत्पादों को विश्वसनीयता और गुणवत्ता के प्रतीक के रूप में देखते हैं। बिहार जैसे राज्यों में इसकी बढ़ती पहुंच और निवेश की संभावना भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत है।

# उद्योग विभाग के टास्क फोर्स की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में उद्योग विभाग के टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक द्वारा जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री का बिहार दौरा प्रस्तावित है, जिसमें उद्योग विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाएं, विशेषकर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रमुख एजेंडा के रूप में सम्मिलित रहेंगी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृति उपरांत भुगतान की प्रक्रिया लंबित है जिसे



शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी बैंकों के जिला समन्वयकों से क्रमवार योजना की प्रगति तथा लंबित भुगतान के विषय में समीक्षा की गई। समन्वयकों द्वारा भुगतान शीघ्र करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि सभी बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए लंबित भुगतानों को यथाशीघ्र निष्पादित कराना सुनिश्चित करें। महाप्रबंधक द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के उद्यमियों के कुल 214 आवेदन विभिन्न बैंकों को अग्रसारित किए जा चुके हैं। इसी प्रकार, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत कुल 146 आवेदन अग्रसारित किए गए हैं, जिनमें से 26 आवेदनों पर विभिन्न बैंकों द्वारा कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी द्वारा एलडीएम, उद्योग विभाग के पदाधिकारियों एवं सभी बैंक समन्वयकों को निर्देशित किया गया कि समन्वय स्थापित कर लक्ष्य की शीघ्र प्राप्ति सुनिश्चित करें। बैठक में वरीय उप समाहर्ता-सह-प्रभारी नीलाम पत्र पदाधिकारी रितेश कुमार यादव, अग्रणी जिला प्रबंधक, परियोजना प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मोहम्मद अफ्फान, उद्योग विस्तार पदाधिकारी तथा विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269